खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 20 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 203 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 14°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 30 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में** खेल



**इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा : ट्रम्प** देश-विदेश

## निजी परिसर में नमाज और धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगा सकते: कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निजी परिसर में प्रार्थना या धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। अनुच्छेद-25 प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का समान अधिकार देता है। यह अधिकार सभी धर्मों और समुदायों पर समान रूप से लागू होता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने रमजान के दौरान एक स्थल पर नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली सम्भल निवासी मुनाजिर खान की याचिका पर की।

# ईरान का पलटWAR: इजरायल सहित खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को उड़ाया

## इजरायल के हाइफा शहर में बिजली गुल, सऊदी अरब, कतर व कुवैत पर हमला

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए, इसके तुरंत बाद इजरायल के हाइफा शहर में स्थित बिजली, तेल व गैस स्टेशनों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए, जिसके बाद हाइफा समेत क्रियोटा शहर की बिजली गुल हो गई। ईरान के इन हमलों को इजरायल द्वारा ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड रिफाइनरी पर किए गए हमले का बदला बताया गया है। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया।

इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज स्ट्रेट पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है। सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल -शेष पृष्ठ दो पर



- जंग में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत
- इजरायल में सुरक्षित ठिकानों पर गए लाखों लोग

## मोदी ने 24 घंटे में पांच देशों से की बात

- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम ने फ्रांस व मलेशिया के प्रमुखों से की चर्चा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। इसके तहत उन्होंने फ्रांस, मलेशिया और ओमान के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन चर्चाओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और संवाद के जरिये तनाव कम करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल- मुबारक अल-सबाह को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी थी। साथ ही कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर दिखे संदिग्ध ड्रोन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जाइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर 'चार्ली' कर दिया गया है।

## उप्र में जुलाई 2026 के पहले हो जाएंगे पंचायत चुनाव

**लखनऊ -ब्यूरो।** उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता पर सरकार ने विराम लगा दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के चुनाव जुलाई 2026 तक हर हाल में करा लिए जाएंगे। हाईकोर्ट के आदेश का पालन होगा और प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। राजभर ने बताया कि ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अधयक्षों के कार्यकाल भले अलग- अलग समय पर समाप्त हो रहे हों, लेकिन किसी का भी कार्यकाल जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।




# 'सांप के जहर' मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की यूपी पुलिस की FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा का उल्लेख किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

दरअसल, नवम्बर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। आरोप था कि पार्टियों में सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल मनोरंजन और नशे के लिए किया जा रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 2(23) के तहत जिस कथित साइकोट्रॉपिक पदार्थ की बात कही गई, वह कानून की निर्धारित सूची (एस शेड्यूल) में शामिल ही नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी नोट किया कि एल्विश यादव के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई थी और चार्जशीट में केवल यह आरोप था कि उन्होंने एक सहयोगी के जरिये ऑर्डर दिया था। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने माना कि एनडीपीएस एक्ट का इस्तेमाल इस मामले में कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।

दूसरे अहम पहलू पर, कोर्ट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के तहत अभियोजन केवल अधिकृत अधिकारी की शिकायत के आधार पर ही शुरू किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा एफआईआर इस प्रक्रिया का पालन नहीं करती, इसलिए यह विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। साथ ही, अदालत ने यह भी दर्ज किया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत लगाए गए आरोप स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं होते, क्योंकि वे एक पहले की शिकायत का हिस्सा थे, जिसे पहले ही बंद किया जा चुका है। इन सभी कानूनी आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि एफआईआर न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और इसे रद्द किया जाना चाहिए।



# पुरोला नदी में बिछाई 26 लाख की टाइलें, निर्माण कार्य में 'घपले' की बू

■ नदियों में ठिकाने लगाई जा रही सरकार की बहुप्रतीक्षित योजनाएं, पुरोला विधानसभा क्षेत्र में खूब फल-फूल रहा भ्रष्टाचार



**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** जिले में योजनाओं के नाम किस प्रकार से सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा। इस इस की बानगी प्रखंड पुरोला के घुंडाड़ा गांव में देखी जा सकती है।

यहां स्पेशल कंपोनेंट प्लान की धनराशि से श्मशान घाट के सार्वजनिक रास्ते के निर्माण कार्य में नदी में लाखों रुपए बहाये जा रहें हैं। बता दें कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा करीब 26 लाख रुपये की लागत से गांव से कमल नदी के घाट तक दीवार (रिटेनिंग वॉल) और इंटरलॉकिंग रास्ता बनाया जाना था, जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए सुगम मार्ग मिल सके। लेकिन हकीकत में जो निर्माण हुआ, उसने पूरे प्रोजेक्ट पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे धन का दुरुपयोग बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। वहीं, मामले में लघु सिंचाई विभाग के पुरोला के अवर अभियंता विपिन चौहान ने बताया कि घुंडाड़ा में एससीपी योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23में 26 लाख रुपए लागत की योजना स्वीकृत हुई थी, जिसके अंतर्गत 500-600 मीटर रास्ते का निर्माण व इंटर लॉकिंग टाइल्स बिछाई जानी थी। योजना अंतर्गत 250 मीटर का काम पूरा कर लिया गया है और उनके चार्ज लेने से पहले योजना अंतर्गत 9 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका था और उनके द्वारा वर्तमान समय तक लगभग 3 लाख का भुगतान किया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नदी के भीतर किए गए कार्य को रोकने के निर्देश पहले ही दे दिए गए हैं और उस हिस्से का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। वहीं क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।


# केदारनाथ धाम में बर्फबारी, तैयारियों पर असर

■ 22 अप्रैल को खुलने हैं बाबा केदारनाथ के कपाट, समय पर व्यवस्थाएं नहीं होने से तीर्थयात्रियों को होंगी परेशानियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में गुरुवार सुबह से लगातार बर्फबारी जारी है। धाम में मौसम का मिजाज काफी बिगड़ा हुआ है। बिगड़ते मौसम के कारण धाम में ठंड भी अत्यधिक बढ़ गई है, जबकि लगातार हो रही बर्फबारी के कारण पूरा धाम बर्फ की चादर में ढका हुआ है। 22 अप्रैल को बाबा केदार के कपाट खुलने हैं और बर्फबारी का असर अब यात्रा की तैयारियों पर भी साफ नजर आने लगा है।

भारी बर्फ के चलते व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में दिक्कतें सामने आ रही हैं। हाल ही में लोक निर्माण विभाग गुप्तकाशी की टीमें तैयारियों का जायजा लेने धाम पहुंची थीं,



लेकिन अत्यधिक बर्फबारी के कारण उन्हें बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। अगर स्थिति ऐसी ही रही तो केदारनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल बर्फबारी थमने के आसार कम हैं। जिस तरह से मौसम का रुख बना हुआ है, उससे आने वाले दिनों में भी बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। ऐसे में केदारनाथ यात्रा की तैयारियों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। वहीं प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और स्थिति सामान्य होते ही कार्यों को तेज करने की तैयारी में है। लोनिवि गुप्तकाशी के ईई राजविंद सिंह ने बताया कि जनवरी, फरवरी माह में केदारनाथ धाम में बर्फबारी ना के बराबर हुई है, जबकि मार्च माह माह में बर्फबारी होने से दिक्कतें पैदा होने लगी है। यात्रा तैयारियों को लेकर टीम भेजी गई थी,

लेकिन केदारनाथ धाम से लेकर बेस कैंप तक बर्फ ही बर्फ होने और अत्यधिक ठंडा होने के कारण टीम को वापस आना पड़ा। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के कारण गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल रास्ते में रैलिंग, मार्ग को क्षति पहुंच जाती है। ऐसे में कपाट खुलने से पहले समय पर व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जाना जरूरी है। वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि आईटीबीपी के जवान माइनस डिग्री में भी धाम की सुरक्षा में जुटे हुए हैं। आगामी दिनों में मौसम साफ होने पर यात्रा तैयारियों को लेकर टीम को भेजा जाएगा।

# अफवाहों पर न जाएं, पर्याप्त मात्रा में है गैस : जिला पूर्ति अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जनपद में घरेलू गैस की कमी की अफवाहों के बीच जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपद में गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस बुकिंग के लिए ऑनलाइन माध्यम जैसे कंपनी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, टोल फ्री नंबर या एसएमएस का उपयोग करें। बुकिंग के बाद निर्धारित समयावधि में डोर-टू-डोर डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है, इसलिए अनावश्यक रूप से एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद्य निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में गैस आपूर्ति की नियमित निगरानी करें, किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही इस संबंध में जारी सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें, ताकि आमजन तक सही जानकारी पहुंच सके।

**एलपीजी आपूर्ति पर सख्त निगरानी, 78 प्रतिष्ठानों की जांच**

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाने व अनियमितताओं पर अंकुश हेतु जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों व विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई।अभियान के तहत जनपद में कुल 78 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 10 गैस गोदाम व 68 व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल रहे।

# बदला मौसम का मिजाज, गंगोत्री यमुनोत्री में बर्फबारी, खिले किसानों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जनपद में बीते रविवार से खराब मौसम से तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है। गंगोत्री हर्षिल वैली और यमुनोत्री धाम में बर्फबारी और निचले इलाकों में झमाझम बारिश से एक ओर जहां वनाग्नि से राहत मिली वहीं बागवानी काश्तकारों के चेहरे भी खिले उठें है।

मौसम विभाग केंद्र देहरादून ने राज्य के अधिकांश जिलों के लिए अगले 48 घंटों को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। वीरवार को मौसम विभाग ने प्रदेश के देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश और भारी बर्फबारी के साथ-साथ गर्जना, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने के अनुसार 22 मार्च तक भी स्थिति बेहतर होती नहीं दिखती।

## सेब की बागवानी के लिए संजीवनी

उत्तरकाशी के ऊंचे इलाकों में हुई बर्फबारी और बारिश ने बागवानी और कृषि क्षेत्र में संजीवनी का काम किया है। लंबे सूखे के बाद हुई इस बेमौसम बारिश-बर्फबारी ने हर्षिल वैली, नौगांव के सेवरी और मोरी क्षेत्र के बागवानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। उत्तरकाशी में गंगोत्री और यमुनोत्री और हर्षिल जैसे ऊंचे इलाकों में हुई बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश से सेब के बागवानों को बड़ी राहत मिली है। यह बर्फबारी सेब के लिए जरूरी श्चिलिंग आवर्सश (ठंडक) को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है, जिससे इस साल फसल खराब होने का खतरा टल गया है।

## अर्ली फ्लावरिंग का खतरा टला

लगातार सूखे के कारण समय से पहले फूल आ रहे थे, जिससे उत्पादन कम होने का डर था। अब तापमान कम होने से यह प्रक्रिया सामान्य हो गई है। कृषि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भारी बारिश या ओलावृष्टि होती है, तो फूलों (ब्लूमिंग) को नुकसान हो सकता है और फसल का उत्पादन कम हो सकता है।वहीं गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल के अनुसार, बीते रविवार से क्षेत्र में लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। वहीं काश्तकार भगवान सिंह और संजय पंवार का कहना है कि हाल की बर्फबारी और बारिश से फसलों को नई जान मिली है, खासकर सेब उत्पादन के लिए यह बेहद लाभकारी साबित होगी।

## एक नजर .......

### हिंदुस्तान ओलंपियाड का परिणाम घोषित,विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चिन्यालीसौड़/उत्तरकाशी।** हिंदुस्तान ओलंपियाड प्रतियोगिता के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए हैं, जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर, शक्ति पुरम कॉलोनी, चिन्यालीसौड़ के मेधावी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल वर्ग में छात्रा तमन्ना ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 3100 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं कृतिका डबराल एवं वैभव भंडारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2100 रुपये की धनराशि हासिल की। इसी क्रम में आयुषी उनियाल एवं तनिष्का भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 1100 रुपये की धनराशि से सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नत्थी लाल बंगवाल ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों एवं उनके परिजनों में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, राज्यमंत्री राम सुन्दर नौटियाल एवं प्रकाश चंद रमोला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर हुआ वाद-विवाद प्रतिभागियों ने रखे सशक्त तर्क

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर-महाविद्यालयी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों के 14 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सामाजिक, शैक्षणिक, तकनीकी एवं नैतिक पक्षों पर गंभीर विचार रखते हुए इसके लाभ एवं संभावित चुनौतियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने जहाँ एक ओर एआई के बढ़ते उपयोग को विकास का माध्यम बताया, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभावों पर भी चिंतन व्यक्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल चंदोला, पत्रकार एवं लेखक प्रेम पंचोली तथा शिक्षाविद् सरिता उनियाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अनिल चंदोला ने प्रतिभागियों के तर्कों, प्रस्तुति शैली एवं विषय की समझ की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल एवं समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करती हैं।

### नवरात्रों के पहले दिन धारी देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**श्रीनगर।** चौत्र नवरात्रों के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को देवी के मंदिरों में भक्तों की लम्बी कतारे दिखने को मिले। पहले दिन देवी मंदिरों और घरों में मां शैलपुरी की पूजा की गई। नवरात्रों के पहले दिन श्रीनगर से 15 किलोमीटर दूर स्थित कल्यासौंड़ के समीप सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर सहित नगर क्षेत्र के कंसमर्दनी, बंगलामुखी मंदिर सहित देवलगढ़ स्थित गौरा देवी, राजराजेश्वरी मंदिर में तड़के से ही भक्तां का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर में पुजारियों ने विधि विधान के साथ मां का पूजन व आरती की मंगल कामना की। सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर के पुजारी लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि धारी देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगना शुरू हो गयी थी। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन 2 हजार से अधिक भक्तों ने मां भगवती के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। बताया कि मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु पहुंचे।

# अवैध शराब के खिलाफ सड़कों पर उतरीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा/रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी क्षेत्र में बढ़ते अवैध शराब के कारोबार के विरोध में महिलाओं का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। फाटा क्षेत्र में महिला मंगल दलों के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने जागरूकता रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। अभियान को युवाओं ने भी अपना समर्थन दिया।



रैली की शुरुआत फाटा मुख्य बाजार से हुई, जो लगभग एक किलोमीटर दूर बैरंगना तक निकाली गई। इसके बाद पुनः फाटा बाजार में सभा आयोजित कर आंदोलन को स्वर दिया गया। रैली में बडासू, जामू, खड़िया, धानी सहित आसपास के कई गांवों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे गांव-गांव तक इसका असर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व सोनप्रयाग कोतवाली में इस संबंध में ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य खड़िया योगिता देवी ने कहा कि अवैध शराब का जाल समाज की जड़ों को कमजोर कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज यह समस्या गांव-गांव तक पहुंच चुकी है और हमारी आने वाली पीढ़ी भी इसकी चपेट में आ रही है। हमें अपने सभ्य समाज को बचाने के लिए एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

महिलाओं ने जिला प्रशासन से मांग की कि अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। आंदोलन में शामिल हुए भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक सेमवाल ने कहा कि केदारनाथ यात्रा के अहम मार्गों में शराब की दुकानें खोली गई हैं, जहां से अवैध तरीके से शराब की सप्लाई गांव-गांव की जा रही हैं। तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, काकड़ागाड़ में शराब की दुकानें खोले जाने से ग्रामीण माहौल बिगड़ता जा रहा है। साथ ही केदारनाथ यात्रा पर भी बुरा असर पड़ रहा है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु जब जगह-जगह शराब की दुकाने देखते हैं तो उनकी आस्था को चोट पहुंचती है। तीर्थयात्री सुखद यात्रा का संदेश लेकर नहीं जा रहे हैं। उनके मन में यही रहता है कि केदारनाथ यात्रा मार्गों में शराब व मांस की दुकाने खुली हुई हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान शराब की दुकानों को बंद किया जाना चाहिए, जिससे देश-विदेश में अच्छा संदेश जाए। इस दौरान पूर्व महिला मंगल दल अध्यक्ष जामू कमला देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य जामू आरती देवी, बड़ासू की पिंकी देवी, ग्राम प्रधान खड़िया दीपा देवी, धानी की राखी देवी, प्रधान बड़ासू विमला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# टिहरी बांध प्रभावितों का धरना 20वें दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी बांध से प्रभावित और विस्थापित परिवारों का विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन गुरूवार को 20वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को टिहरी जिले के विकास कार्यों में खर्च करने और प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग दोहराई।

धरने का नेतृत्व कर रहे सागर भंडारी ने कहा कि टिहरी बांध से उत्पन्न संसाधनों पर पहला अधिकार यहां की जनता का है। उन्होंने कहा कि जिस परियोजना के लिए स्थानीय लोगों ने अपनी पुश्तैनी जमीन और घर-बार तक त्याग दिए, उसीके लाभ से वह आज भी वंचित हैं। बांध से उत्पादित बिजली अन्य प्रदेशों को उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि टिहरी के प्रभावित परिवारों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रायल्टी की राशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर टिहरी जिले के विकास में होना चाहिए।

आंदोलनकारियों का आरोप लगाया कि दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद आज तक शासन-प्रशासन की ओर से सुध नही ली गई। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर त्रिलोक चंद रमोला, दिनेश भट्ट, वीर सिंह पंवार, भरत सिंह नेगी, मिश्रा राणा, कांता गौड़, पार्वती रावत, एकादशी देवी, भारती चमोली, शारदा देवी, दीपा देवी, सरोजनी देवी, सभासद उर्मिला राणा आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम 23 मार्च को धराली आपदा पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

**उत्तरकाशी:** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत उत्तरकाशी के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। पूर्व सीएम हरीश रावत 23 मार्च को जोशियाड़ा हेलीपैड, उत्तरकाशी पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे धराली क्षेत्र में जाकर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। सायंकाल वे उत्तरकाशी में रात्रि विश्राम करेंगे। 24 मार्च को प्रातः 11 बजे लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह, उत्तरकाशी में पत्रकार वार्ता करेंगें।उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत ने समस्त कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# 19 अप्रैल को खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट गैर सनातनियों का प्रवेश रहेगा वर्जित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** उत्तराखंड के चारधाम के कपाट खुलने का सिलसिला अक्षय तृतीया आगामी 19 अप्रैल से आगाज होगा। वीरवार को परंपरा अनुसार तीर्थपुरोहितों ने चौत्र नवरात्र के अवसर पर यह दिन मुहूर्त निकाला है।

तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि गंगा जी की विग्रह डोली 18 अप्रैल को मुखबा से गंगोत्री धाम के लिए रवाना होगी। 19 अप्रैल को प्रातः गंगोत्री पहुंचने पर धाम के कपाट दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा की भोग मूर्ती मंदिर के गर्व गृह में प्रवेश के करने के बाद मां गंगा जी के कपाट आगामी 6 माह के लिए देश दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।



वहीं, यमुनोत्री धाम के कपाट भी 19 अप्रैल को खुलेंगे हालांकि यमुनोत्री धाम के मुहूर्त निकलने की परंपरा छठे नवरात्र दिन की होती है। वीरवार को चौत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से गंगोत्री धाम के कपाट छह माह श्रद्धालुओं के लिए खोलने की तिथि और समय का हिन्दू पंचाग अनुसार मुहूर्त की घोषणा कर दी गई है। इस दौरान श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल ने बताया अक्षया तृतीया पर 19 अप्रैल को शुभ लाभ बेला पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। 18 अप्रैल को गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा से गंगा जी भोगमूर्ति विग्रह डोली में सेना बैंड और ढ़ोल -बाजे के साथ दोपहर 12 बजकर 15 मिनिट पर गंगोत्री धाम के लिए रवाना होगी। उस दिन रात्रि विश्राम भैरव घाटी के भैरव मंदिर में ही करेंगी। 19 अप्रैल प्रातः सात बजे गंगोत्री धाम के लिए पैदल रवाना होगी। उसके बाद अक्षय तृतीया पर विधि विधान के साथ धाम के कपाट छह माह के लिए खोल दिए जाएंगे। कपाट खोलने की तिथि पर समिति के उपाध्यक्ष अरुण सेमवाल ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान इस वर्ष मंदिर परिसर में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी इसके साथ ही मंदिर परिसर समेत गंगा घाट पर भी गैर सनातनी लोगों का प्रवेश वर्जित किया जाएगा। ऐसी मंदिर में मोबाइल फोन आदि भी वर्जित रहेगा। इस मौके पर धर्मानन्द सेमवाल अध्यक्ष श्री गंगोत्री मंदिर समिति,सुरेश सेमवाल सचिव,पं० अरुण सेमवाल उपाध्यक्ष,चण्डी प्रसाद सेमवाल संयोजक,अभिषेक सेमवाल कोषाध्यक्ष,सुशील सेमवाल,प्रदीप सेमवाल, आदि मौजूद रहे है।

# प्राथमिक विद्यालय के 5 बच्चों का नवोदय में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जनपद चमोली के प्राथमिक विद्यालय ने रचा इतिहास, 05 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है। विकासखण्ड देवाल स्थित रा.आ.प्रा.वि देवाल से पहली बार एक साथ 05 विद्यार्थियों दक्ष बिष्ट, विहान खत्री, दिया, उन्नति एवं मयंक बिष्ट का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है।

उक्त विद्यालय विगत दो वर्षों से डायट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) चमोली का फोकस विद्यालय रहा है। डायट द्वारा विद्यालय को निरंतर विशेष अकादमिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस क्रम में डायट मेंटर डॉ कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में डीएलएड प्रशिक्षुओं को नियमित रूप से विद्यालय भेजा गया, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ।विद्यालय को मॉडल रा.आ.प्रा.वि कपकोट के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि गत वर्ष 02 विद्यार्थियों के चयन के बाद इस वर्ष 05 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन संभव हो सका है।इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी गौरव कुमार एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि डायट के सहयोग से अन्य विकासखण्डों के चिन्हित विद्यालयों में भी इसी प्रकार विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे विद्यालयों को जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सभी अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।यह सफलता दर्शाती है कि समन्वित प्रयास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं सतत मार्गदर्शन से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय भी उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

## 30 मार्च को टिहरी डाकमंडल का आयोजन

**नई टिहरी।** ग्राहकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए डाक विभाग टिहरी मंडल की ओर से 30 मार्च को अपराह्न 4:00 बजे डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में रजिस्ट्री, पार्सल, वीपीपी, मनीआर्डर और बचत बैंक से संबंधित शिकायतों पर विचार किया जाएगा। प्रत्येक शिकायत के लिए अलग-अलग आवेदन देना होगा और आवेदन पत्र के ऊपर स्पष्ट रूप से डाक अदालत हेतु शिकायत लिखा होना जरूरी है। हालांकि, कुछ मामलों में शिकायतें स्वीकार नहीं की जाएंगी। इनमें वह मामले शामिल हैं जो पहले ही न्यायालय की ओर से निपटाए जा चुके ह।

# मुख्यमंत्री ने किया सनातन परंपरा पर आधारित पंचांग कैलेंडर का विमोचन

**■ सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की अभिनव पहल, पहली बार प्रकाशित हुआ पंचांग कैलेंडर, सीएम ने बताया महत्वपूर्ण पहल**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पंचांग कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने एवं जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अपनी सनातन परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए देश-विदेश में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां की परंपराएं केवल आस्था का विषय नहीं हैं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। ऐसे में पंचांग कैलेंडर का प्रकाशन राज्य की इस गौरवशाली विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंचांग कैलेंडर राज्यवासियों को न केवल तिथि, वार, पक्ष, मास, पर्व एवं विशेष दिवसों की सटीक जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि पारंपरिक त्योहारों, व्रतों और धार्मिक आयोजनों की महत्ता से भी अवगत कराएगा। इससे लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इस पंचांग में देवभूमि उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था स्थलों को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। ये स्थल न केवल श्रद्धा के केंद्र हैं, बल्कि राज्य की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक भी हैं। इस प्रकार यह कैलेंडर एक जानकारीपरक दस्तावेज होने के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाला प्रेरणादायक संकलन भी है।मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पंचांग कैलेंडर राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और आने वाले समय में इसे और अधिक समृद्ध एवं व्यापक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।इस अवसर पर सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों को जारी की 3 करोड़ से ज्यादा की इनामी धनराशि

**■ सरकार प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी : रेखा आर्या**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 3 करोड़ से ज्यादा की इनामी धन राशि जारी की गई है। गुरुवार को को यमुना कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय में खेल मंत्री रेखा आर्या ने यह धनराशि खिलाड़ियों के खातों में डीबीटी ट्रांसफर की।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इन खिलाड़ियों में 1 जुलाई 2024 से और 31 मार्च 2025 के बीच विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा पिछले साल हुए 38 वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले कुछ खिलाड़ी और कोच इनामी धन राशि प्राप्त करने से इसलिए चूक गए थे, क्योंकि उन्होंने कुछ कागजी औपचारिकताएं उस समय पूरी नहीं की थी।

इन सभी बचे हुए खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को भी उनकी इनामी धनराशि गुरुवार को जारी कर दी गई है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश सरकार प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए आउट ऑफ टर्न जॉब की प्रक्रिया भी तेजी से गतिमान है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विभागों में अधिसंख्य पद सृजित करके विज.ेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी भी दी जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री महाराज की तबीयत बिगड़ी, एम्स ऋषिकेश में भर्ती

**■ प्रारंभिक जांच में न्यूमोनिया होने का अंदेशा, सीएम ने जाना हाल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई थी।

इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। मंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें खांसी की शिकायत के साथ-साथ सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी, प्रारंभिक जांच में उन्हें निमोनिया होने का भी अंदेशा जताया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुएडॉक्टरों ने उन्हें भर्ती करने का निर्णय लिया।अस्पताल में भर्ती होने के बाद डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में उनकी हालत सामान्य बनी हुई है, लेकिन चिकित्सकों ने पूरी तरह स्वस्थ होने तक उन्हें कुछ दिन अस्पताल में ही रखने की सलाह दी है।इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को एम्स ऋषिकेश पहुंचे और उन्होंने सतपाल महाराज का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से उपचार की जानकारी लेते हुए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।डॉक्टरों का कहना है कि मंत्री के सभी आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए जा रहे हैं और नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, उनके समर्थक और शुभचिंतक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।गौरतलब है कि सतपाल महाराज प्रदेश के वर्तमान सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य को लेकर सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़: जोशी

**■ उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में किसान मेला एवं कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ, कृषि मंत्री जोशी ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उत्तरांचल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किसान मेला एवं कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा मृदा स्वास्थ्य पत्रिका का विमोचन करते हुए प्रगतिशील किसानों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस दौरान कृषि मंत्री जोशी ने किसान मेले में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

कृषि मंत्री जोशी ने विश्वविद्यालय को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान इसकी मजबूती का आधार हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है कि वे अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी ज्ञान के माध्यम से कृषि क्षेत्र को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों ने खेतों तक पहुंचकर किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज और उर्वरकों की जानकारी दी गई।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए मूल्य संवर्धन व खाद्य प्रसंस्करण पर विशेष जोर

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए मूल्य संवर्धन और खाद्य प्रसंस्करण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पीएमएफएमई योजना के तहत छोटे प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा मिल रहा है, जबकि किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से किसानों को बेहतर बाजार और मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिल रही है। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि इस प्रकार के मेले किसानों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और उद्यमियों के बीच संवाद और नवाचार का उत्कृष्ट मंच हैं, जिससे नई तकनीकों का प्रसार होता है और कृषि को नई दिशा मिलती है।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीकों, सतत कृषि पद्धतियों और किसान हितैषी योजनाओं को बढ़ावा दे रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

साथ ही मंडुवा और झंगोरा जैसे मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन आधारित फसल निगरानी, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण और डिजिटल परामर्श सेवाओं के जरिए किसानों को वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा पॉलीहाउस और ग्रीनहाउस जैसी संरक्षित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे प्रतिकूल मौसम में भी किसान बेहतर उत्पादन कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणाली अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र जोशी, कुलपति प्रो. धर्म बुद्धि, प्रो. राजेश बहुगुणा सहित किसान एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्यूआरटी टीम ने किया गैस एजेंसियों का निरीक्षण

**■ एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति सहित सभी गतिविधियों देखी**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा शत्प्रतिशत् होमडिलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है। क्यूआरटी टीम गुरुवार को क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति आदि सभी गतिविधियों देखी।जिला प्रशासन ने आज 15 घरेलू सिलेंडर सहस्त्रधारा से अलग-2 होटल ढाबों से जब्त किए गए है। वहीं जिले में आज होमडिलिविरि के लिए भेजे गए 200 घरेलू सिलेंडर उपभोक्ताओं के पास खाली सिलेंडर न होने के कारण वापिस एजेंसी लाए है, उपभोक्ताओं द्वारा घबराहट की स्थिति में सिलेंडर होने के बाद भी सिलेंडर बुक करा दिए थे निर्धारित समय पूर्ण होने पर गैस एजेंसी द्वारा होम डिलिविरि किये जाने पर उपभोक्ताओं के पास खाली सिलेंडर न होने के फलस्वरूप सिलेंडर वापिस एजेंसी लाए गए हैं, जो बैकलॉग में दर्शाए गए हैं उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर खाली होने पर होमडिलिविरि के माध्यम से उपभोक्ताओं को पुनः गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व के के मिश्रा कन्ट्रोलरूम से जिले में गैस वितरण, आपूर्ति की मॉनिटिरिंग जनमानस की समस्या के निस्तारण हेतु निगरानी बनाए हुए है। क्यूआरटी टीम द्वारा अबतक जिलें 415 औचक निरीक्षण किए गए है। जिला प्रशासन की क्यूआरटी के औचक निरीक्षणों एवं एलपीजी कालाबा. जारी करने वालों पर दर्ज हुए मुक. दमों एवं एजेंसियों की नाफरमानी पर की गई प्रवर्तन की कार्यवाही से गैस की कालाबाजारी करने वालों में भी भय का माहौल है। उपभोक्ताओं को होमडिलिविरी के माध्यम से ओटीपी आधार पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी पर 05 मुकदमें दर्ज किए गए हैं तथा 03 को जेल भेजा, 150 घरेलू, 139 व्यवसायिक तथा 07 छोटे सिलेंडर जब्त किए हैं।

# मिशन वात्सल्य को लेकर सांसद डॉ. नरेश बंसल ने किया सवाल

**■ महिला एवं बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर ने विस्तार से दिया जवाब**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यसभा सांसद डा. नरेश बंसल ने गुरुवार को राज्यसभा में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन वात्सल्य संबंधित प्रश्न किया।

डा. बंसल ने कहा कि

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

बच्चों की देखभाल को संस्थागत रूप देने के विकल्प के रूप में परिवार आधारित गैर संस्थागत देखभाल को प्रोत्साहित करने के लिए मिशन वात्सल्य के अंतर्गत उठाए गए उपायों का ब्यौरा क्या है।

अब तक स्थापित वात्सल्य सदन का राज्य वार/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा क्या है और

लापता बच्चों का पता लगाने और मामलों के प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए ट्रैक चाइल्ड पोर्टल और मिशन वात्सल्य पोर्टल के एकीकरण तथा उनके प्रभावी उपयोग में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

इस महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर मे महिला एवं बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर ने बताया कि यह मंत्रालय, राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के माध्यम से एक केंद्र प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य कार्यान्वित कर रहा है ताकि देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों (सीएनसीपी) के साथ-साथ विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों (सीसीएल) के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा सकें। इन सेवाओं में संस्थागत देखरेख और गैर संस्थागत देखरेख शामिल है।



मिशन वात्सल्य, कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखरेख को बढ़ावा देता है, जो अंतिम उपाय के रूप में बच्चों को संस्थागत देखरेख में रखने के सिद्धांत पर आधारित है। गैर-संस्थागत देखरेख के तहत, बच्चों को प्रायोजन, पालन पोषण देखरेख, दत्तक ग्रहण और पश्चात देखरेख के माध्यम से सहायता दी जाती है। यह योजना गैर-संस्थागत देखरेख (प्रायोजन/पालन-पोषण देखरेख/पश्चात देखरेख) के लिए पात्र बच्चों को प्रतिमाह 4000 रूपये देती है। अब तक इस मंत्रालय ने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर देशभर में कुल 69 वात्सल्य सदनों को मंजूरी दी है। इन वात्सल्य सदनों का राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।ग- मंत्रालय ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श और ताल-मेल से एकीकृत समरूप मिशन वात्सल्य पोर्टल तैयार किया है। लापता/पाए गए बच्चों के लिए ट्रैक चाइल्ड पोर्टल, लापता/देखे गए बच्चों के लिए खोया-पाया एप्लीकेशन और दत्तक ग्रहण के लिए केयरिंग्स पोर्टल को इस समरूप मिशन वात्सल्य पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है। ट्रैक चाइल्ड पोर्टल विभिन्न हितधारकों जैसे गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, राज्य सरक. ारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, बाल कल्याण समितियों, किशोर न्याय बोर्डों राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण इत्यादि के सहयोग और भागीदारी से कार्यान्वित किया जाता है। इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों एवं अन्य हितधारकों को ट्रैक चाइल्ड के कार्यान्वयन के बारे में दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी किए गए हैं। यह गृह मंत्रालय के क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग एंड नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) के साथ भी एकीकृत है, जिसमें लापता बच्चों के बारे में दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को ट्रैक चाइल्ड के आंकडों से मिलान करने में परस्पर सहूलियत रहती है और संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र पुलिस द्वारा पता लगाए गए और गुमशुदा बच्चों की संख्या का मिलान करना सरल होता है।

# शहरी विकास ,पेयजल एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति

**■ व्यय वित्त समिति की बैठक आयोजित**



शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून ।मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान शहरी विकास विभाग, पेयजल विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई।

मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग की नीलकंठ महादेव (पौड़ी गढ़वाल) एवं रामनगर (नैनीताल) में मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान करते हुए पार्किंग निर्माण गाइडलाइंस का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नीलकंठ महादेव मल्टीस्टोरी पार्किंग (कुल लागत 5183.65 लाख) एवं रामनगर, नैनीताल मल्टीस्टोरी पार्किंग (कुल लागत 3857.64 लाख) में प्रवेश एवं निकासी के लिए टर्निंग रेडियस सहित अन्य तकनीकी पहलुओं का विशेष ख्याल रखे जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने नीलकंठ महादेव में पार्किंग भूमि का जियोटेक्निकल सर्वे भी अनिवार्य रूप से कराए जाने की बात भी कही। साथ ही बिल्डिंग के फसाड के सौंदर्यीकरण का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश भी दिए।मुख्य सचिव ने पेयजल विभाग के कुल 4 प्रस्तावों (3 पेयजल परियोजनाओं - पीपलकोटी नगर पंचायत पेयजल योजना कुल लागत 2438.32 लाख, तिलवाड़ा नगर पंचायत पेयजल योजना कुल लागत 3986.24 लाख एवं ऊखीमठ नगर पंचायत पेयजल योजना कुल लागत 2578.52 लाख) एवं लालकुआं नगर पंचायत सीवरलाइन परियोजना (कुल लागत 37.95 लाख) को भी संस्तुति प्रदान की। उन्होंने ग्रेविटी आधारित पेयजल परियोजनाओं में मीटर लगाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीवर लाइन परियोजना को पूर्ण किए जाने हेतु समयसीमा भी निर्धारित करते हुए लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए।समिति द्वारा लोक निर्माण विभाग की काठगोदाम बाईपास मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत 3.500 किमी0 मार्ग एवं इसमें 75 मी0 स्पान का सेतु निर्माण (कुल लागत 1177.93 लाख) को भी मंजूरी प्रदान की गई।इस अवसर पर सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, दिलीप जावलकर एवं रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कालीमठ में डीएम विशाल मिश्रा ने किया हवन-पूजन

**रुद्रप्रयाग।** हिंदू नव संवत्सर एवं पावन चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिन जनपद में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने विभिन्न धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।प्रातःकाल जिलाधिकारी विशाल मिश्रा कालीमठ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माँ काली के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने हवन-पूजन कर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने जनपद रुद्रप्रयाग सहित प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आगामी केदारनाथ यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए भी प्रार्थना की।

# पाठ्यक्रम तैयार करने में जुड़ा अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण

**■ सभी सदस्य अपने-अपने धर्मो के पाठ्यक्रम का कर रहे अध्ययन,शिक्षण पैटर्न का गहन अध्ययन करने को विशेष समिति की गठितः सिंह**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददात**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए मदरसा बोर्ड को समाप्त करते हुए उसकी जगह उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर दिया है। अब प्रदेश में संचालित सभी धार्मिक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को इसी प्राधिकरण से संबद्धता लेना अनिवार्य होगा।

नए प्राधिकरण में मुस्लिम, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जो मिलकर अल्पसंख्यक बच्चों के लिए संतुलित और समावेशी पाठ्यक्रम तैयार करेंगे। प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने बताया कि विभिन्न समुदायों के शिक्षण पैटर्न का गहन अध्ययन करने के लिए एक विशेष समिति गठित की गई है। सभी सदस्य अपने-अपने समुदाय की धार्मिक शिक्षा की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसके आधार पर एक जुलाई से पहले पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

गौरतलब है कि धामी मंत्रिमंडल ने 17 अगस्त 2025 को अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक-2025 को मंजूरी दी थी। इसके बाद गैरसैंण में आयोजित विधानसभा के मॉनसून सत्र में इसे पारित किया गया और 6 अक्टूबर 2025 को राजभवन की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून अस्तित्व में आया।

नई व्यवस्था के तहत मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन समुदाय की और से संचालित सभी शिक्षण संस्थान एक समान ढांचे के अंतर्गत आएंगे। प्राधिकरण ही इन संस्थानों की मान्यता, संचालन की निगरानी और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संस्थान को मान्यता प्राप्त करने के लिए निर्धारित मानकों को पूरा करना होगा। इसमें संस्थान का विधिवत पंजीकरण, वित्तीय पारदर्शिता, शिक्षकों की योग्यता और पाठ्यक्रम की स्वीकृति जैसी शर्तें अनिवार्य होंगी। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया गया है कि 1 जुलाई 2026 के बाद ही मदरसा बोर्ड पूरी तरह भंग होगा और इसके बाद अल्पसंख्यक शिक्षा से जुड़े सभी संस्थानों की मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण प्राधिकरण के माध्यम से किया जाएगा।

# गैस सिलेंडर के लिए त्राहिमाम

## घंटों लाइन में लगी रही जनता, देर से पहुंची इंडेन गैस की गाड़ी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में गैस भरवाने के लिए लोगों को काफी पसीना बहाना पड़ रहा रहा है। घंटों लाइन में इंतजार करने के बाद लोगों को गैस सिलेंडर मिल पा रहे है। हालांकि अभी भी जिले में गैस बुकिंग के लिए 24 या उससे भी अधिक घंटों तक फोन करने के बाद बुकिंग नम्बर मिल पा रहा है।

पिछले दो दिन जिले में इंडियन गैस की गाड़ी लेट से पहुंचने पर उपभोक्ता काफी परेशान रहे। तीसरे दिन चार गाड़ियां भरे गैस सिलेंडर लेकर जनपद में पहुंची। जिसके बाद लोगों की सिलेंडर रिफिल करवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। बता दें कि इंडियन गैस के उपभोक्ता अधिक होने के कारण सर्वाधिक लोड इसी एजेंसी पर है। वही दूसरी ओर कॉमर्शियल गैस



सिलेंडर बंद होने से रेस्टोरेंट संच.ालकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि कई रेस्टोरेंट संचालक पारंपरिक तरीके आग में मोमो, चाउमीन बनाने लगे हैं। इधर जिला पूर्ति विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को इंडेन गैस सर्विस, गरुड़ द्वारा गैस वितरण का कार्य बड़ी एवं छोटी गाड़ियों के माध्यम से किया गया। कपकोट क्षेत्र में बड़ी गाड़ी द्वारा गलेखेत, हरसिला तथा छोटी गाड़ी द्वारा अर्मोली में वितरण किया जाएगा। बड़ी गाड़ी से 234 एवं छोटी गाड़ी से 60 सिलेंडर वितरित किए। इंडेन गैस सर्विस, काफलीगैर द्वारा गैस वाहन कर्मी भराड़ी क्षेत्र में वितरण किए। बागेश्वर गैस सर्विस की गाड़ी तहसील रोड, बहुली, रिवाईखाल एवं बिलोना क्षेत्रों में गैस बांटी। कांडा इंडेन गैस सर्विस की गाड़ी पांगचूरा एवं मंतोली क्षेत्र में वितरण किया। शुभम एचपी गैस, गरुड़ द्वारा आज बैजनाथ, गरुड़, नागरीगोल क्षेत्र में गैस वित.रित की जाएगी। साथ ही, शिखर भारत गैस सर्विस की गाड़ी बागेश्वर क्षेत्र के मंडलसेरा एवं बिलोना में गैस वितरण किया गया।

# जलागम प्रबंधन से ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास को मिलेगा बढ़ावाः कोरंगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** राज्य के संकटग्रस्त जलागम क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के जीर्णोद्धार के माध्यम से ग्रामीण समाज को सतत एवं समावेशी विकास का वातावरण प्रदान करना



जलागम प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य है। यह बात प्रदेश जलागम प्रबंधन उपाध्यक्ष शंकर सिंह कोरंगा ने जलागम प्रबंधन अल्मोड़ा प्रभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने जल संरक्षण, मृदा संरक्षण और वर्षा आधारित कृषि को प्रोत्साहन देने में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। बैठक में उपनिदेशक भरत सिंह ने उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना, सारा एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बताया गया कि 'एक जनपद एक नदी' कार्यक्रम के तहत जटा गंगा और कोसी नदी का चयन किया गया है। जटा गंगा के लिए डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है, जबकि कोसी नदी के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित ग्राम पंचायतों में बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण के लिए नवाचार और रेखीय विभागों के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में स्टाफ की कमी का मुद्दा भी उठाया गया, जिस पर उपाध्यक्ष ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। समीक्षा बैठक में धीरज सिंह, त्रिलोक नाथ पांडे, गोपाल बिष्ट, सौरभ बर्फाल, मनमो.हन तिवारी एवं देवराज सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिले की मांगः अपनों से ही क्षुब्ध पूर्व प्रमुख हीरा सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** नगर में चौतरफा हीरा सिंह रावत के पोस्टर बैनरों ने रानीखेत में राजनीतिक हलचलों को बढ़ा दिया

### क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के दावे के साथ बढ़ाई राजनीतिक हलचल

है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख, रहे हीरा रावत किसी पहचान के मोहताज नहीं है। शहर के जाने माने राजनितिज्ञ और कांग्रेस नेता हीरा रावत की इस सक्रियता ने सबको आश्चर्य चकित किया है। इसे उनकी रानीखेत विधानसभा से दमदार दावेदारी मानी जा रही है। चर्चा यह भी है कि वे पार्टी के कुछ आज आला नेताओं से नाखुश है। कभी पूर्व



विधायक करण माहरा के अत्यंत करीबी माने जाने वाले पूर्व ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह रावत के इस कदम ने सभी को अचंभित कर दिया है। कांग्रेस की दबदबे वाली इस सीट पर हीरा सिंह रावत की हलचल नई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे रहा है। **शाह टाइम्स** संवाददाता से बात.चीत करते समय हीरा रावत ने बताया की उन्होंने एक लगभग 6 साल से भी अधिक समय से क्षेत्र में सक्रिय राजनीति की। क्षेत्र की अनेक पेयजल योजना से लेकर विकास कार्य हो या सामाजिक सभी क्षेत्रों में सदैव अपना पक्ष रखा। कोविड काल में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। लेकिन अब बड़े पैमाने पर देखें तो यहां के नेताओं ने रानीखेत के साथ सदैव छलावा ही किया है। वे जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। किसी भी नेता ने रानीखेत जिला, नगर पालिका विषय को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया की विधायक एवं पूर्व विधायक बताये की उन्होंने जिले के मामले में क्या किया और दोनों ने ही अपने कार्यकाल में रानीखेत जिले का मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया। केवल जुमलों एवं भाषणों के अलावा अपने कार्यकाल मे किसी भी विधायक ने इस गंभीर मांग पर व्यापक गोलबंदी नहीं की। उन्होंने कहा कि इस मुददे पर वे पहले से गंभीर रहे हैं और इस मुददे पर वे भविष्य में जनता के साथ दमदार पैरवी करेंगे। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते पलायन और पिछड़े क्षेत्रों के विकास के साथ आज जन से जुड़े अनेक मुददों पर अपने सकारात्मक विचार रखे और कहा कि यदि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि संघर्षशील हों तो अनेक समस्याओं को आसानी से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने रानीखेत क्षेत्र में बढ़ती आबादी, अनियोजित विकास और इससे लगे गांवों की उपेक्षा पर अपनी नाराजगी जताई और कहा कि उनके पास इसको लेकर पूरी कार्ययोजना है जिसे कोई भी विधायक अपनी सूझबूझ से 5 साल में काफी हद तक पूरा कर सकता है। क्षेत्र में युवाओं व महिलाओं में हीरा सिंह रावत की खासी पैठ है। अपने ब्लॉक प्रमुख कार्यकाल में ही उनके नाम से चल रहे फैन क्लबों से उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बतौर युवा और अपनी सामाजिक और राजनीतिक सूझबूझ के कारण हीरा सिंह रावत इस बार यदि टिकट की दावेदारी करते हैं तो निःसंदेह यह क्षेत्र की राजनीति को तरोताजा करने का कदम होगा। उनका और उनकी पत्नी रचना रावत का ताड़ीखेत ब्लॉक में काम करने का लंबा राजनीति अनुभव के कारण उनको लेकर राजनीतिक चर्चाओं का तेज होना चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## बारिश, ओलावृष्टि ने लौटाई ठंड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में बीते चार दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। मार्च के माह में कही बर्फबारी तो कही ओलावृष्टि तथा बारिश ने ठंड लौट आई है। बता दें कि बीते रविवार से जिले में मौसम खराब हो गया। रविवार को समूचे जिले में भीषण बारिश हुई। वहीं सोमवार को भी हल्की बारिश हुई। जबकि मंगलवार तड़के उच्च हिमालय क्षेत्रों में हिमपात हुआ। जिसके बाद तापमान में और गिरावट आ गई। जिसके चलते कई ग्रामीण इलाकों में ओलावृष्टि हुई। बुधवार को जिले में धूप खिली रही। लेकिन बृहस्पतिवार को एक बार फिर सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर होते ही हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही तेज हवाएं चलने लगी। जिससे ठंड बढ़ गई।

## एक नजर

### शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च

**काशीपुर।** चैत्र नवरात्र एवं ईद उल फितर त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए काशीपुर पुलिस ने एसपी स्वप्न किशोर सिंह के नेतृत्व में शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, किला तिराहा, अल्ली खां चौक और महेशपुरा समेत भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पुलिस बल ने हर चौराहे और गली-मोहल्लों में गहन निगरानी करते हुए स्पष्ट संद.ेश दिया कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर ईदुल फितर और नवरात्र को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से सतर्क रहने को कहा गया और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस अधीक्षक ने साफ किया कि त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। संवे.दनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, लगातार गश्त जारी रहेगी ताकि शहर का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण बना रहे।

### कोतवाली में हुई अमन कमेटी की बैठक

**काशीपुर।** कोतवाली में प्रभारी सीओ विभव सैनी की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कहा कि चैत्र नवरात्र व ईद का त्यौहार एक साथ हो रहा है। ऐसे में त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान दें। यदि कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाने व शहर की शांति व्यवस्था में खलल डालेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में तहसीलदार पंकज चंदोला, नगर निगम की एसएनए शालिनी नेगी, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, हसीन खान, अब्दुल कादिर, संजय चतुर्वेदी रहे।

### तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक हेम चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी अवैध हथियार के साथ शुगर फैक्ट्री के आसपास घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपित रोबिन यादव पुत्र स्व. गोपाल यादव निवासी बांसफोड़ान को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में रोबिन ने स्वीकार किया कि उसके विरुद्ध पूर्व में भी काशीपुर व अन्य थानों में चोरी और विभिन्न अपराधों के करीब 7-8 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत प्राथमिकी पंजीकृत की है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए आधा दर्जन सैंपल

**काशीपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां नवरात्र को लेकर बाजारों मे बेची जा रही वस्तुओं की जांच पड़ताल कर खाद्य सामग्री के छह सैंपल लिए। सहायक आयुक्त/अभिविहीत अधिकारी ललित मोहन पांडे ने बताया कि काशीपुर शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया गया। विभिन्न रिटेल, मॉलों का निरीक्षण कर एक नमूना मूंगफली, एक नमूना सूजी, एक नमूना सिंघाड़ा आटा, दो नमूने कुट्टू आटे और एक नमूना सामक के चावल का लिया गया है। सभी नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा जा रहा है। वहीं कारोबारियों को कुट्टू का आटा बिना वैध खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण के निर्माण, पैकिंग, संग्रह व विक्रय नहीं करने, पैकिंग पर एक्सपायरी तिथि होना अनिवार्य होने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आशा आर्य, पंकज कुमार आदि थे।

### चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्ति का माहौल

**बागेश्वर।** जिले में नव संवत्सर धूमधाम के साथ मनाया गया। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जिले भर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते रहे और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पंडितों ने यजमानों को नए संवत्सर के गुण-दोष बताए, साथ ही दोषों के निवारण के उपाय भी बताए। नगर के बाबा बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु चंडिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां चंडी की पूजा अर्चना के बाद पाठ किए। वही दूसरी ओर जिले के सभी देवी सेवाओं के मंदिरों में श्रद्धालु नौ दिनों के व्रत लेकर पूजा अर्चना के लिए बैठे। इसके अलावा कई स्थानों से श्रद्धालु कलश यात्रा के साथ सरयू तट पर गंगा जल लेने पहुंचे। नगर के गोलू देवता मंदिर ने नौ दिनों के नवरात्र शुरू होने से पहले श्रद्धालु गंगा जल लेने सरयू तट पर पहुंचे। यहां महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में ढोल नगाड़ों के साथ सिर में गंगा जल का कलश लेकर वापस लौटे।

### त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट

**बागेश्वर।** आगामी ईद-उल-फितर और नवरात्रि पर्व को देखते हुए जनपद पुलिस ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा ने गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी थाना और शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसपी ने निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में मंदिरों, मस्जिदों, संवेदनशील स्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करें। नवरात्रि के दौरान मंदिरों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, वहीं ईद-उल-फितर के अवसर पर मस्जिदों और नमाज स्थलों पर भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

### विकास भवन में पीआरडी जवानों का प्रदर्शन

**बागेश्वर।** विभिन्न मांगों को लेकर पीआरडी जवानों ने विकास भवन में प्रदर्शन किया। जवानों ने लंबित मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की। यहां हुई सभा में जवानों ने देहरादून में चल रहे पीआरडी जवानों के आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए समान कार्य के बदले समान वेतन की मांग दोहराई। साथ ही 365 दिन रोजगार नहीं मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। गुरुवार को प्रांतीय रक्षक दल संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भोटिया के नेतृत्व में जिले के महिला व पुरुष पीआरडी जवान विकास भवन में एकत्र हुए। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए लंबित मांगों को पूर्ण करने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि वे समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग करते हैं, इसके अलावा पूरे वर्षभर उन्होंने रोजगार दिया जाए। साथ ही समय समय पर उन्हें ब्रेक न दिया जाए। ऐसी स्थिति में उनके पास रोजगार के अन्य साधन नहीं है। इस मौके पर ब्लाक कमांडर रविंद्र हरडिया, सचिव रंजना, सह सचिव मनीष कुमार, उपाध्यक्ष नीमा बर्मा, नरेंद्र, इंद्रा, मंजू, सरोज, मुन्नी देवी सहित दर्जनों जवान मौजूद थे।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़

**काशीपुर।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन नगर व क्षेत्र के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मां भगवती के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की कतारें मंदिर में लग गई थीं। मां चामुण्डा देवी मंदिर, मां मनसा देवी मंदिर, मां काली देवी मंदिर, मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर, मां गायत्री देवी मंदिर भवन को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नवरात्र के पहले दिन घरों में कलश स्थापना कर मां भगवती की पूजा-अर्चना की गई। वहीं, नगर के मां चामुण्डा देवी मंदिर, मां मनसा देवी मंदिर और शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने भारी संख्या में श्रृद्धालु जन पहुंचे। दोपहर को भजन-कीर्तन का दौर आरंभ हुआ, जिसमें महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए मां भगवती की महिमा का भजनों के माध्यम से गुणगान किया। इधर, नगर निगम प्रशासन की ओर से मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करते हुए चूना डलवाया गया है।

# स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बागेश्वर के तत्वावधान में चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा (हिंदू नववर्ष) के पावन अवसर पर भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवक सरस्वती शिशु मंदिर चौरासी में एकत्रित हुए। यहां से पथ संचलन शुरू हुआ। लोगों ने स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा की। स्वयंसेवक पथ संचालन करते हुए जिला अस्पताल रोड़ से पिंडारी रोड़, जहां से एसबीआई तिराहे, बस स्टेशन होते हुए गोमती पहुंचे यहां से वे बागनाथ गली होते हुए सरयू तट पर पहुंचे। स्वयंसेवकों में संचलन के दौरान अनुशासन, संगठन शक्ति एवं संस्कारित जीवन का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। मुख्य वक्ता डा. पंकज दुबे ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि यह दिन भारतीय संस्कृति में नवचेतना, शक्ति उपासना एवं सृजन का प्रतीक है। इस अवसर पर ए एस तोपाल, इंद्र सिंह, हरीश जोशी, पुष्कर शाह, मनोज कुमार, शंकर सिंह, रंजीत सिंह, खुशहाल पांडे, जीवन पांडे आदि थे।

# उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** 33 वां उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। गुरुवार को समारोह के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने बताया कि समारोह 24 और 25 मार्च को अल्मोड़ा में होगा। बताया कि पत्रकार स्व. डोभाल की याद में उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह समिति हर साल प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम में पत्रकारिता अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं। इस वर्ष का कार्यक्रम अल्मोड़ा में



होगा। समारोह के पहले दिन नगर के गांधी पार्क से समारोह स्थल तक सांस्कृतिक जुलूस निकलेगा। इसके बाद विशेषज्ञ उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष विषय पर व्याख्यान देंगे। वहीं, अगले दिन 25 मार्च को सम्मान समारोह समिति नामित प्रतिभागियों का सम्मान करेगी। इस मौके पर यहां डा. हयात सिंह रावत, प्रकाश पांडे, डा. निर्मल जोशी, राजेंद्र रावत, सीएस द्विवेदी, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष कमलेश कनवाल, सचिव अशोक पांडे, उप सचिव कपिल मल्होत्रा, मोहित अधिकारी, रमेश जोशी, किशन जोशी, हरीश भंडारी, नसीम अहमद हिमांशु लटवाल, दयाकृष्ण कांडपाल, शुभम जोशी, जगजीवन बिष्ट, जयमित्र बिष्ट, ईश्वर जोशी समेत आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक चैती मेले का शुभारंभ

## सांसद अजय भट्ट ने फीता काटकर किया विधिवत उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मां बाल सुन्दरी देवी मंदिर पर लगने वाले ऐतिहासिक चैती मेले का आज विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत ध्वजारोहण कर सांसद अजय भट्ट ने शुभारंभ किया। छोलिया नृत्य समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। बृहस्पतिवार को सांसद अजय भट्ट ने विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली और कांग्रेसी नेता एनसी बाबा आदि के साथ मेला परिसर के मुख्य गेट पर फीता काटा, तदुपरांत मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में ध्वज फहराकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ एनसी



बाबा व उनकी पत्नी कामाक्षी सिंह समेत अन्य अतिथियों को पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान सांसद श्री भट्ट ने कहा कि मां दुर्गा के नौ अवतार सभी जनमानस को नौ दिव्य गुणों का आशीर्वाद दें और लोगों के जीवन की सभी समस्याओं से रक्षा करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, मुक्ता सिंह, अलका पाल, विमल गुड़िया, आशीष गुप्ता, जितेन्द्र सरस्वती, डा. गिरीश तिवारी, गुरनाम सिंह गामा, शशांक सिंह, विजय बॉबी, अभिषेक गोयल, रवि पाल, रजत सिद्धू, मुकेश चावला, पार्षद अनिल कुमार, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहस.ीलदार पंकज चंदोला आदि के अतिरिक्त पंडा परिवार से पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री, मनोज अग्निहोत्री, शक्ति अग्निहोत्री, शिवदत्त अग्निहोत्री, आईटीआई कोतवाली प्रभारी रवि सैनी आदि समेत भारी संख्या में आम जन एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त कार्मिक पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें

**अल्मोड़ा।** जनपद अल्मोड़ा में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में एनआरएलएम द्वारा गठित एवं ग्रामोत्थान (रीप) द्वारा अंगीकृत क्लस्टरों में नवनियुक्त कार्मिकों के लिए आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कार्मिक पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा दें। उन्होंने समूह आधारित कार्यों को सुदृढ़ करते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों की आय में वृद्धि एवं सामाजिक स्तर को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया।

रमज़ान मुबारक

ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
शाकिर हुसैन (पत्रकार)
नसीम जहां सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद
इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी
अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

# रक्षा मंत्री के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

## राजनाथ सिंह कल हल्द्वानी में, रूट डायवर्जन के साथ पुलिस-प्रशासन ने कसी कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 21 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने शहर में व्यापक यातायात एवं डायवर्सन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था सुबह 10 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगी, जबकि सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जारी प्लान के अनुसार सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक पूरे हल्द्वानी शहर में सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। खनन गेट भी बंद रहेंगे और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी बाईपास मार्गों का प्रयोग करेंगे। रोडवेज और निजी बसों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बसों को नारीमन तिराहा से डायवर्ट कर गोलापार-तीनपानी होते हुए रोडवेज स्टेशन लाया जाएगा। वहीं सिडकुल और अन्य निजी बसों को निर्धारित स्थानों तक ही अनुमति दी जाएगी, जहां से उन्हें वापस किया जाएगा। छोटे वाहनों के लिए भी व्यापक



डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। बरेली, रामपुर और कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहनों को तीनपानी, गौलापार और अन्य वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। नैनीताल रोड से आने वाले वाहनों को भी नारीमन तिराहा से होकर भेजा जाएगा। वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान नैनीताल बैंक तिराहा से सौरभ होटल तिराहा तक का क्षेत्र पूर्ण रूप से 'जीरो जोन' रहेगा, जहां किसी भी वाहन का प्रवेश नहीं होगा। इसके अलावा शहर के कई प्रमुख कट और तिराहों से भी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। रैली में शामिल होने वाली बसों के लिए अलग-अलग रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। बरेली रोड, रामपुर रोड, काशीपुर और पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बसों को निर्धारित स्थानों पर यात्रियों को उतारकर तय पार्किंग स्थलों में खड़ा किया जाएगा। पार्किंग फुल होने की स्थिति में वैकल्पिक स्थल भी चिन्हित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री धामी आज शहर में

जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन



रयाल ने अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल यानि आज शुक्रवार को एक दिवसीय नैनीताल भ्रमण पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल यानि आज शुक्रवार को देवीधुरा चंपावत से प्रस्थान कर अपराह्न सवा 3 बजे गौलापार हेलीपैड हल्द्वानी पहुंचेंगे और वहां से प्रस्थान कर काठगोदाम सर्किट हाउस में साढ़े 3 बजे से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

### सुरक्षा घेरा होगा त्रि-स्तरीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 21 मार्च को प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कैंप कार्यालय में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वीवीआईपी दौरे के दौरान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने का स्पष्ट निर्देश दिया और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा, जिसमें एक्सेस कंट्रोल के साथ सघन चेकिंग की जाएगी। बम निरोधक दस्ता और डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से भी जांच की जाएगी। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान संबंधित क्षेत्रों को 'जीरो जोन' घोषित किया जाएगा। इसके अलावा, एसएसपी ने एलआईयू और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम तैनात रहेगी। उन्होंने



स्वयं कार्यक्रम स्थल, रूट और पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ सिटी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक एलआइयू ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, कोतवाल हल्द्वानी विजय सिंह मेहता, टीआई शिवराज सिंह, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### हैलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक निरीक्षण

**हल्द्वानी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिनांक 21 मार्च को जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम की विभिन्न तैयारियां को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने हल्द्वानी स्थित सहकारी बैंक सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए की जा रही विभिन्न तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के 4 साल पूर्ण होने के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसे सफलतापूर्वक संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है जिन अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गई है वह समय से बिना किसी त्रुटि के सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। इस दौरान सीडीओ ने कार्यक्रम स्थल एमबी इन्टर कालेज मैदान में मंच निर्माण सहित अन्य सभी तैयारियों का भी निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित लोनिवि के अधिकारियों को मंच, पंडाल निर्माण सहित सभी तैयारिया समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### भवाली-भीमताल रूट पर भी सख्ती, कंटीजेंसी प्लान लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के दौरे को देखते हुए भवाली, भीमताल और




कैंची धाम क्षेत्र के लिए भी विशेष कंटीजेंसी ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले सभी छोटे और बड़े वाहनों को भीमताल मोड़ से ज्योलीकोट-भवाली बाईपास के रास्ते भेजा जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी आने वाले वाहनों को भी इसी वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। पिथौरागढ़ और चम्पावत की ओर से आने वाले वाहनों को वीवीआईपी मूवमेंट से 15 मिनट पहले खुटानी बैंड के पास रोक दिया जाएगा। घोड़ाखाल से हल्द्वानी की ओर वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान भवाली-भीमताल मार्ग को जीरो जोन घोषित किया जाएगा और इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस के अनुसार वीवीआईपी के गंतव्य तक पहुंचने के बाद ही यातायात को सामान्य किया जाएगा। वहीं अधिकारियों और आमजन के वाहनों के लिए घोड़ाखाल क्षेत्र में अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे राजनाथ सिंह

**हल्द्वानी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के 21 मार्च को एक दिवसीय हल्द्वानी दौरे को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार की सुबह सवा 11 बजे त्रिशूल एयर फोर्स स्टेशन बरेली से प्रस्थान कर घोड़ाखाल हेलीपैड नैनीताल पहुंचेंगे। यहां वे सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद रक्षामंत्री दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर घोड़ाखाल से रवाना होकर डेढ़ बजे हल्द्वानी स्थित आर्मी हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से वे एमबी इंटर कॉलेज मैदान में उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह हल्द्वानी से 3 बजकर 25 मिनट पर वापस त्रिशूल एयर फोर्स स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे।

# रोज़ा इफ्तार में झलकी गंगा-जमुनी तहज़ीब




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एवान-ए-जहूर मैरिज हॉल चोरगलिया रोड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुहैल अहमद सिद्दीकी द्वारा आयोजित रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, भाईचारे एवं एकता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने रोज़ेदार साथियों के साथ इफ्तार कर आपसी सद्भाव, एकता एवं भाईचारे का संदेश साझा किया।

इस अवसर पर यशपाल आर्य ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी भाईचारे को सशक्त बनाते हैं। वर्तमान समय में एकता और सद्भाव की भावना को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। वहीं विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि रमज़ान का पावन महीना हमें संयम, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रोज़ा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान को सुदृढ़ करते हैं। हल्द्वानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब हमारी पहचान है, जिसे हमें मिलकर बनाए रखना है। कार्यक्रम में नैनीताल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, कौशलेंद्र भट्ट, इकबाल भारती, जया कर्नाटक, राधा आर्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### ईद की तैयारियां, बाजारों में उमड़ी भीड़

**हल्द्वानी।** मुकद्दस रमज़ान महीना समाप्त होने को है, और इसके साथ ही ईद की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। खासकर हल्द्वानी के मुस्लिम बहुल इलाके बनभूलपुरा में इस समय उल्लास और ख़ुशी का माहौल है। कल शनिवार को ईद मनाए जाने की संभावना के मद्देनज़र मुस्लिम इलाकों में बाजारों में रौनक बढ़ गई है। कल (आज) अलविदा की नमाज़ अदा की जाएगी, और इस दिन की अहमियत को लेकर लोग अपनी खरीदारी और अन्य तैयारियों में व्यस्त हैं। विशेष रूप से महिलाएं ईद के खास दिन के लिए सामान खरीदने के लिए देर रात तक दुकानों पर उमड़ रही हैं। रोज़ा इफ्तारी के बाद, लोग बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं। आज़ाद नगर के लाइन नंबर एक और आठ नंबर में कपड़े, जूते-चप्पल, और श्रंगार के सामान की खरीदारी में काफ़ी भीड़ देखी जा रही है। इन क्षेत्रों में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। दुकानें सज-धजकर खुली हुई हैं, और व्यापारियों के चेहरों पर भी ख़ुशी की लहर है, क्योंकि ईद की खरीदारी से उनका व्यापार शानदार बना हुआ है। बाजारों में हलचल के बीच पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं।

# हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव का ऐलान

## आज नामांकन के साथ शुरू हो जाएगी प्रक्रिया, मतदान और मतगणना 28 मार्च को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। चुनाव प्रक्रिया का पहला चरण 20 मार्च से शुरू होगा, और मतदान 28 मार्च को होगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद बल्लभ पांडे ने बताया कि 20 और 21 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन फॉर्म वितरण और पंजीकरण की प्रक्रिया होगी। 22 मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे के बीच नामांकन की जांच और नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी। इसके बाद 28 मार्च को मतदान होगा, जो सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। मतगणना का कार्य साढ़े 3 बजे से जजी कोर्ट स्थित बार भवन के पहले तल पर किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद बल्लभ पांडे ने बताया जो हल्द्वानी बार एसोसिएशन का 20 वर्ष से सदस्य होगा, वही अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकता है। इसी तरह उपाध्यक्ष (सामान्य) 15 वर्ष, सचिव 12 वर्ष, उपाध्यक्ष (आरक्षित महिला) 10 वर्ष, संयुक्त सचिव 7 वर्ष, संयुक्त सचिव (प्रेस) 5 वर्ष, कोषाध्यक्ष 7 वर्ष, लेखाधिकारी 5 वर्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष 5 वर्ष, सदस्य (सामान्य) 4 पद 3 वर्ष और सदस्य (आरक्षित महिला) 3 वर्ष से हल्द्वानी बार एसोसिएशन का सदस्य होना चाहिए।

### चुनाव कार्यक्रम पर आपत्ति, तारीखों में संशोधन की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के आम चुनाव कार्यक्रम की तिथियों के संबंध में अधिवक्ता कुंदन सिंह बिष्ट ने चुनाव अधिकारी द्वारा घोषित तिथियों पर आपत्ति दर्ज कराई है। गुरूवार को मुख्य चुनाव अधिकारी को प्रेषित आपत्ति पत्र में कुंदन सिंह बिष्ट ने चुनाव कार्यक्रम की तिथियों में बदलाव की मांग की गई है, ताकि सभी अधिवक्ताओं को मतदान और नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने का समान अवसर मिल सके। आपत्ति में कहा गया है कि चुनाव की नामांकन तिथि 20 मार्च की गई है जबकि इस दिन अलविदा का रोज़ा है और नामांकन प्रक्रिया में मुस्लिम अधिवक्ता भाग नहीं ले पाएंगे। ऐसे में चुनावी प्रक्रिया में असमानता उत्पन्न हो सकती है। इसी तरह 21 मार्च को ईद है। मुस्लिम अधिवक्ता अपना त्योहार मनाएंगे या फिर चुनाव में भाग लेंगे। आपत्ति पत्र में कहा है कि मतदान तिथि 28 मार्च नियत की गई जबकि चैत्र नवरात्र चल रहे है। पत्र में कहा 26 मार्च को अष्टमी और 27 मार्च को नवमी का दिन है इस दिन हिन्दू समाज द्वारा व्रत, पूजापाठ और कन्या पूजन में व्यस्त रहते हैं। इसके अलावा 28 मार्च को मतदान की तिथि घोषित की गई जबकि 28 मार्च को दशमी पर्व है इस दिन विभिन्न स्थानों पर जागरण और भण्डारा कार्यक्रम भी होते हैं, जिससे कई हिन्दू अधिवक्ता अपने पैत्रक आवास पर पूजा-पाठ के लिए जा सकते हैं और मतदान में भाग लेने से वंचित रह सकते हैं। अधिवक्ता कुंदन सिंह बिष्ट ने चुनाव कार्यक्रम में संशोधन की मांग की है ताकि सभी अधिवक्ताओं को मतदान और नामांकन की प्रक्रिया में समान रूप से भाग लेने का अवसर मिल सके।

# सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय गृहमंत्री से पूछा साइबर अपराधों पर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल-उधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय गृहमंत्री से पूछे गए अतारांकिक प्रश्न में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों और उससे निपटने के उपायों पर सवाल उठाया। उन्होंने यह पूछा कि पिछले 3 वर्षों में साइबर अपराधों में कितनी वृद्धि हुई है और केंद्र सरकार ऑनलाइन लेन-देन को त्रुटि मुक्त बनाने के लिए क्या कदम उठा रही है। इसके अलावा, उन्होंने आम जनता में साइबर जागरूकता फैलाने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी मांगी। सांसद के सवाल के जवाब में गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों



से निपटने के लिए सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। इनमें भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आईसी) की स्थापना, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, और वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के लिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कॉलर ट्यून अभियान, प्रधानमंत्री की 'मन की बात' में डिजिटल सुरक्षा पर चर्चा, और अन्य कई मीडिया माध्यमों से प्रचार किए हैं। इन पहलों का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। साथ ही, 31 जनवरी 2026 तक 24.65 लाख से अधिक साइबर शिकायतों में 8,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को बचाया गया है। सरकार ने इस दिशा में व्यापक प्रयास किए हैं ताकि साइबर अपराधों पर काबू पाया जा सके।

# महिला कार्मिकों को आत्मरक्षा के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरूवार को वन प्रभाग के तिकोनिया वन परिसर में महिला कार्मिकों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण प्रभागीय वनाधिकारी हल्द्वानी कुन्दन कुमार और उप प्रभागीय वनाधिकारी नन्दौर, गणेश दत्त जोशी के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में एसआई कुमकुम धानिक और सुनीता (थाना काठगोदाम) के अलावा नव्या पाण्डेय, वन दरोगा, वानिकी प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी ने महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण अभ्यास कराए। एसआई कुमकुम धानिक ने आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी और साथ ही वैधानिक कार्यवाही से संबंधित बीएनएस की



धाराओं एवं साइबर क्राइम के विषय में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान महिला कार्मिकों को सबसे पहले यह बताया गया कि आत्मरक्षा के लिए उन्हें मानसिक रूप से कैसे तैयार रहना चाहिए। प्रशिक्षकों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिला कार्मिकों ने इसे अत्यंत कारगर बताया और प्रभागीय वनाधिकारी कुन्दन कुमार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत के साथ ज्योति जोशी, हेमा, सारिक, राखी जोशी, दीपा फर्त्याल, ज्योति पंत, सुनीता मेहता, नेहा राणा, मनीषा गड़िया, आरती रतूड़ी, कविता भंडारी, प्रियंका पुण्डीर, गुंजन, ललिता आर्या मौजूद रहे।

# सिर पर चोट लगने से नेपाल मूल के मजदूर की मौत

## चोट लगने के बाद मानसिक संतुलन खो दिया था, उपचार के दौरान तोड़ दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिर पर चोट लगने के बाद एक नेपाल मूल के मजदूर की हालत बिगड़ी और उसने बहकी-बहकी बातें करनी शुरू कर दी। जिसे उपचार के लिए हल्द्वानी सुशीला तिवारी रेफर किया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से शीशापानी मोतीपुर थाना कैलाली नेपाल निवासी पदम साही पेशे से मजदूर था और बागेश्वर में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि बीती 16 मार्च की शाम को खाना खाने के बाद पदम साही टहलते-टहलते पहाड़ की ओर चला गया और फिर लौटा नहीं। अगली सुबह तलाश हुई तो उसे घायल पड़ा पाया। परिजन उसे घर लेकर पहुंचे। लोगों को उसकी हालत ठीक लग रही थी। उसे नाश्ता दिया गया और नाश्ते के कुछ ही देर बाद वह बहकी-बहकी बातें करने लगा। परिजन उसे बागेश्वर स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे 18 मार्च की शाम सुशीला तिवारी चिकित्सालय लाया गया। 18 मार्च की रात ही उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। चिकित्सकों का कहना कि सिर पर चोट लगी थी और खून का थक्का जम जाने की वजह से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था।

### बाइक की टक्कर से घायल ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक दुकानदार की मौत हो गई। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से रानीखेत निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र गुलाब सिंह यहां दिनेशपुर उधमसिंह नगर में अपने परिवार के साथ रहते थे, और एक दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। बताया जा रहा कि बीते 17 मार्च को वह पैदल अपने घर से दुकान की तरफ जा रहे थे तभी उन्हें एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन फानन में उन्हें नजदीकी एक निजी अस्पताल लाया गया जहां से हालत नाजुक होने पर सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। बीते बुधवार की रात्रि त्रिलोक सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

### तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** शराब की तस्करी में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते भारी मात्रा में देसी और अंग्रेजी शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहले मामले में चौकी मंडी क्षेत्र के गोरापड़ाव बरेली रोड स्थित एक भोजनालय के पास कमरे में छापा मारकर 192 पव्वे देसी शराब, 94 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद की। मौके से बिन्दुखत्ता निवासी मोहन चन्द्र जोशी को गिरफ्तार किया। काठगोदाम पुलिस ने गौलापार में 52 टेट्रा पैक देसी शराब के साथ अतुल बिष्ट निवासी पश्चिमी खेड़ा, गौलापार को गिरफ्तार किया। तीसरे मामले में दमुवाढूंगा क्षेत्र से 54 टेट्रा पैक देसी शराब के साथ शंकर लाल निवासी दमुवाढूंगा को पकड़ा गया।

# मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## नवरात्रि: शक्ति की आराधना का पर्व शुरू, पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मां दुर्गा शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र गुरूवार से प्रारंभ हो गई है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। वहीं घरों में कलश स्थापना के साथ भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया है। सुबह से ही नगर के समस्त देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की। इधर मंदिरों को भी आकर्षक रूप से सजाया गया है। भक्तों ने मंदिरों में देवी मां की पूजा अर्चना कर श्रृंगार सामग्री के साथ ही नारियल व फल का प्रसाद चढ़ाया और सुख समृद्धि की कामना की। घर-घर में कलश स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्र शुरू हो गए हैं। नवरात्र के प्रथम दिन शीतला देवी मंदिर,



कालाचौड़ मंदिर, गर्जिया मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ जुटी। नवदुर्गा की उपासना का पर्व आज गुरूवार से शुरू हो गई है। नगर के सभी मंदिरो में आज देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही भक्तों का हुजूम मंदिरों में उमड़ पड़ा। घंटियों की गूंज व माता के जयकारों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह से ही शीतलाहाट, कालीचौड़, पिपलेश्वर, दत्तात्रेय, देवी मंदिर ऊंचापुल, कालसिद्ध मंदिर, आंवलेश्वर मंदिर, राम मंदिर, शीशमहल शिव मंदिर, पंचेश्वर मंदिर आवास विकास, चारधाम मंदिर फतेहपुर गुजरौड़ा, लटूरिया बाबा आश्रम, सत्यनारायण मंदिर, बेलबाबा मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर कमलुवागांजा समेत तमाम मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। नवरात्र में देवी के नौ रूपों की नौ दिन तक उपासना की जाएगी। सुबह रानीबाग व शीशमहल में भक्तों ने कलश यात्रा निकाली। देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के बाद भक्तों ने अपने-अपने घरों में कलश की स्थापना कर मां की आराधना की। बता दें कि प्रथम दिन घट स्थापना के बाद शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्र घंटा, चौथे दिन कूष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठे दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी और नवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं क्षेत्र के कई मंदिरों में श्रीमद देवी भागवत कथा भी शुरू हो गयी है।

### डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते मंगलवार की रात टीपीनगर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अभिवादन कालोनी फूलचौड़ निवासी अर्जुन सिंह रौतेला पुत्र हरीश सिंह रौतेला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 17 मार्च की रात उसका भाई अनिल सिंह रौतेला ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास चाउमीन की दुकान के समाने खड़ा तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। घायल अनिल को लोगों द्वारा उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आईटीएफ जे-60 जूनियर्स टेनिस टूर्नामेंट के पांचवें दिन शांति टेनिस एकेडमी देहरादून में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में यस्विन दहिया ने आदित्य मौर को 6-0, 6-2 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। ओम वर्मा ने सिवतेज सिरफुले को कड़े मुकाबले में 6-2, 7-6 (2) से हराया। देव विपुल पटेल ने आरव चावला को 6-3, 6-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग में स्वनिका राय (यूएसए) ने दिया चौधरी को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। जया कपूर ने दीपशिखा विनियागामूर्थी को 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर उलटफेर किया। क्रथिका पदमाकुमार ने समारिका कोहली को 6-2, 6-4 से हराया। इहा जोशी ने दिशा कुमार को 7-6(2), 6-2 से पराजित किया। इसी कोर्ट पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में हर्षित कतकम ने 6-4, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डबल्स मुकाबलों में बालक वर्ग में हांगकांग के एलेक्स लैप हंक हुइ व आदित्य मौर की जोड़ी ने वीरेन्द्र मदाम व पंसुल ओबोवेजा को 6-4, 6-2 से हराया। बालिका वर्ग में आहान व करथिका पदमाकुमार की जोड़ी ने अनन्या चौधरी (कनाडा) व जान्वही तमीनीदी (भारत) को 7-6(6), 7-5 से पराजित किया। इससे पूर्व खेले गए मुकाबलों में उत्तराखंड की दिया चौधरी ने जान्वही तमीनीदी को 6-2, 6-2 से हराया, जबकि जया कपूर ने मानसी सिंह को 6-3, 6-2 से पराजित कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अन्य मैचों में करथिका पदमाकुमार ने सात्वी पराग मरदानिया को 6-2, 6-4 से हराया, वहीं दिशा कुमार ने तेजस्वी मन्नेनी को 7-5, 4-6, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। मुख्य कोच तुषार शर्मा ने बताया कि कल नौ बजे से चारों कोर्ट पर मुकाबले खेले जाएंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# काशीपुर बाईपास के चौड़ीकरण के लिए हुई नाप जोख

■ विधायक और प्रशासनिक टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण, जल्द हटेगा अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के साथ प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों की टीम ने बाईपास मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था को तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए, साथ ही मार्ग के सुदृढ़ीकरण की जद में आ रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर नाप-जोख की गई।

विधायक शिव अरोरा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, प्रभारी परगना अधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार दिनेश कुटेला और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने संयुक्त



रूप से प्रस्तावित चौड़ीकरण स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मार्ग निर्माण में बाधक बन रहे विद्युत पोलों को अविलंब हटाकर निर्धारित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित और शहर के विकास के लिए इस मार्ग का चौड़ीकरण अत्यंत आवश्यक हो गया है। विधायक ने मौके पर मौजूद व्यापारियों और दुक. ानदारों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने व्यापारियों के हितों का विशेष ध्यान रखा है। पूर्व के प्रस्तावों में संशोधन करते हुए अब मार्ग का चौड़ीकरण 60 फीट तक ही सीमित रखा गया है। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे निर्धारित सीमा के भीतर आने वाले अपने अवैध निर्माण को स्वयं ही हटा लें, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। विधायक ने जानकारी दी कि मार्ग निर्माण के लिए सरकार द्वारा 13-94 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। प्रशासनिक टीम ने बताया कि शुक्रवार से मार्ग पर 60 फीट की सीमा तय करने के लिए पिलर लगाने और निशान लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही मार्ग के विस्तार की जद में आने वाले पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग से आवश्यक अनुमति लेने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने और समयबद्ध तरीके से योजना को पूरा करने की हिदायत दी है। इस दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, एसडीएम गौरव पाण्डेय, तहसीलदार दिनेश, पीडब्लूडी अधिशाशी अभियंता गजेंद्र कुमार, जेई हरीश बसेड़ा, अधिशासी अभियंता विद्युत उमाक. ांत चतुर्वेदी, जल संस्थान से ईई चेतन चौहान व व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, मनोज मदान, राजीव कामरा, महेंद्र आर्य, सुनील सिंह, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपड़ा, विकास सागर आदि लोग मौजूद रहे।

## अग्निकांड पीड़ित परिवार को मेयर ने दिया मदद का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** वार्ड नंबर 36, आदर्श कॉलोनी (घास मंडी) स्थित केशव चौधरी के घर में बुधवार रात हुए भीषण अग्निकांड के बाद महापौर विकास शर्मा ने मौके का मुआयना किया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मकान की चौखटें तक जलकर राख हो गई हैं और लाखों का घरेलू सामान खाक हो गया है। महापौर ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि संकट की इस घड़ी में सरकार, जिला प्रशासन और नगर निगम पूरी तरह उनके साथ खड़ा है।

बता दें बुधवार रात अचानक भड़की आग ने केशव चौधरी के घर को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे घर के अंदर रखा कीमती सामान, कपड़े और अन्य जरूरी वस्तुएं जल गईं। अग्निकांड इतना भीषण था कि मकान के ढांचे को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। दमकल ने स्थानीय निवासियों की मदद से जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक परिवार का सब कुछ तबाह हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही सुबह महापौर विकास शर्मा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मौके पर ही घोषणा की कि अग्निकांड से क्षतिग्रस्त हुए मकान की मरम्मत का कार्य नगर निगम की ओर से कराया जाएगा, ताकि परिवार को सिर छिपाने के लिए जल्द छत मिल सके।

महापौर ने कहा कि पीड़ित परिवार पर आए इस अचानक संकट को देखते हुए वे व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी से वार्ता करेंगे ताकि उन्हें उचित सरकारी मुआवजा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से भी आर्थिक मदद दिलाने और बिजली विभाग की ओर से जो भी संभव राहत होगी, उसे दिलाने का वादा किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद जितेश शर्मा, कांग्रेस नेता प्रकाश शर्मा सहित कई अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवैध तमंचा समेत शातिर बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी प्रभारी धर्मपुर उ.नि. विजय सिंह द्वारा मय पुलिस टीम के क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त मेहर आलम पुत्र मकसूद अहमद निवासी फैज-ए-आम इण्टर कालेज के पीछे, थाना जसपुर जनपद ऊधम सिंह नगर



को 01 अदद अवैध 315 बोर तमंचा व 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई विजय सिंह, चौकी इंचार्ज धर्मपुर, का. अरुण कुमार, का. हेम चंद्र फुलेरा आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु दिए गए आदेश के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देश में एवं प्रभारी निरीक्षक खटीमा के मार्गदर्शन में चौकी झनकट पुलिस टीम द्वारा ग्राम सैजना निवासी महेंद्र पाल पुत्र डोरी लाल को 34 पाऊच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। टीम में कांस्टेबल नवीन रजवार तथा नवीन चंद शामिल रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उधम सिंह नगर के निर्देशानुसार जनपद में अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त जसविंदर सिंह उर्फ जस पुत्र प्रताप सिंह निवासी अमर पैलेस के सामने, बादल फार्म है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध .315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में कोतवाली बाजपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस टीम में शामिल अधिकारी/कर्मचारी, उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह, उप निरीक्षक धीरेन्द्र परिहार, कांस्टेबल जगदीश कोठियाल शामिल रहे।

### ग्राम प्रधान संघ के कार्यालय का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम प्रधान संघ, उधम सिंह नगर के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी के प्रथम बार बाजपुर आगमन पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।



जसपाल सिंह जस्सी ने बाजपुर ब्लॉक कार्यालय में ग्राम प्रधान संघ के कार्यालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि विकास की योजनाओं का लाभ प्रत्येक गाँव और हर ग्रामीण तक पहुंचे, ताकि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य पं. जितेन्द्र शर्मा 'सोनू', ग्राम प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष मन्दीप सिंह नरवाल, सचिव रजविन्दर कौर, विराट देवगन, रघुवीर सिंह 'रिक्की', लियाकत अली, राजकुमार, प्रमोद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और पंचायतों की भूमिका को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

### 'परू' द्वारा संपादित -'मंजिल की ओर' कविता संग्रह का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** साहित्य अकादमी खटीमा के तत्वावधान में हेमा जोशी परु के संपादन में विधा प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित -मंजिल की ओरश कविता संग्रह का लोकार्पण किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ

अतिथियों द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मनीषा कल्पासी ने सरस्वती वंदना की। मंजिल की ओरष काव्य संग्रह में हेमा जोशी परु, हेमा परिहार एडवोकेट, तुलसी बिष्ट, शांति देवी शांति की 20, 20 रचनाएं प्रकाशित की गई हैं। संग्रहित रचनाओं पर पपिया, रावेंद्र कुमार रवि, दया भट्ट, शांति जोशी, बसंती सामंत और दीपक फुलेरा बेवाक ने समीक्षा की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने महिला संपादक के महिलाओं के संग्रह को प्रशंसनीय एवं खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाह ने रचनाओं को दार्शनिक विचारों से ओतप्रोत बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ राणा, खंड शिक्षा बीईओ कुशवाहा, प्रवीण नौटियाल अंतरराष्ट्रीय पर्यटन विशेषज्ञ मध्य प्रदेश, रविंद्र पांडे पपीहा, एडवोकेट चंचला सिंह, पं जगदीश चंद्र शास्त्री, स्वाति अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश शर्मा प्रांतीय महासचिव भारत विकास परिषद व संचालन महेंद्र प्रताप पांडे नंद अध्यक्ष उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्थान ने किया इस अवसर पर सतीश भट्ट भूबन जोशी सभासद गोकुल आली हिमांशु बिष्ट वरुण अग्रवाल किशोर जोशी जगदीश पांडे आदि मौजूद थे।

### घरेलू गैस सिलेंडर मिलने में हो रही परेशानी को लेकर एसडीएम से मिले जनप्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति रामनगर से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान से उनके आवास में मिलकर लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर मिलने में हो रही परेशानी और जमीनी हकीकत करके बारे में अवगत कराया।संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने उप जिलाधिकारी को बताया कि गैस सिलेंडर बुकिंग और डीएसी नंबर आने के बाद भी कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिल रहा है।प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी को बताया कि एजेंसियों के द्वारा जिन क्षेत्रों में सिलेंडर की गाड़ियां भेजी जा रही है। उन क्षेत्रों में डीएसी नंबर की उपलब्धता पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर एजेंसी द्वारा सिलेंडर बांटे जा रहे हैं, जिसके कारण लंबे समय से डीएसी प्राप्त उपभोक्ताओं को इंतजार के बाद भी खाली सिलेंडर लेकर घर वापस जाना पड़ रहा है। उप जिलाधिकारी को बताया कि शासन द्वारा बार-बार कहा जा रहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उसके बावजूद भी एजेंसी का बैकलॉग बढ़ता जा रहा है, यह स्थिति तब है जबकि सरकार के द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडरों पर प्रतिबंध लगाया गया है। उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने प्रतिनिधिमंडल की बातों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल गैस एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन पर निर्देशित किया कि संबंधित व्यक्ति को सिलेंडर उपलब्ध कराए, अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की बात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त संघर्ष समिति रामनगर के संयोजक ललित उप्रेती, प्रभात ध्यानी, रो. हित रूहेला, मनमोहन अग्रवाल, गिरीश आर्य, गीता देवी, कौशल्या, लालमणि, भुवन आदि मौजूद रहे।

## फैक्ट्री कर्मी ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** सिडकुल की एक निजी कंपनी में कार्यरत युवक ने पत्नी से हुए विवाद के बाद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से मृतक के परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से राजस्थान निवासी 30 वर्षीय विकास मावर पुत्र सहाब राम वर्तमान में यहाँ अटरिया ढाल के पास एक मकान में किराए पर रहता था। वह सिडकुल स्थित एंडड्योरेंस कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि विकास का अपनी पत्नी नेहा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद से क्षुब्ध होकर उसने कमरे के भीतर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और आनन-फानन में पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को फंदे से नीचे उतारा। विकास की मौत से उसकी तीन वर्षीय मासूम बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया है और पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस का कहना है कि प्राथमिक दृष्टि में मामला घरेलू विवाद के बाद खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देशों के क्रम में, क्षेत्राधिकारी बाजपुर एवं प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के निर्देशन शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में चौकी इंचार्ज मनीष खत्री, उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट एवं कांस्टेबल समीर चौहान मौजूद रहे। इस दौरान सदर इमाम, ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने सभी से अपील की कि ईद पर्व के दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।



इस दौरान अधिकारियों ने सख्त निर्देश देते हुए। कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट से दूर रहने को कहा गया। ऐसी सामग्री को न तो साझा करें और न ही अपलोड करें। जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो।

कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के कहा।

पुलिस-प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना सभी की साझा जिम्मेदारी है।मौके पर हाजी मोहम्मद जान, एजाज हुसैन, जामा मस्जिद इमाम सैयद रिहान मियां, डा. अहमद अली, वाहिद हुसैन शेख,मेफूज हुसैन सैफी, इलियास हुसैन,हाजी शहादत हुसैन आदि मौजूद रहे।

## अवैध देशी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षक तथा प्रभारी निरीक्षक व वरिष्ठ उप निरीक्षक खटीमा के दिशा निर्देशन में पीलीभीत रोड स्थित पर्चवुड होटल के पीछे से चेतुवा खेड़ा नानकमत्ता निवासी एक अभियुक्त गुज्जर सिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र स्वरूप सिंह को एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल मोहन बोरा तथा इसाक मोहम्मद शामिल रहे।

## एनसीईआरटी की नकली किताबों की जांच के लिए एसआईटी गठित

■ करीब 10 करोड़ रुपये की नकली किताबों की जांच को एसएसपी ने किया 10 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** ऊधमसिंहनगर जनपद में अवैध कारोबार और माफियाओं के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र के अंतर्गत पकड़ी गई करीब 10 करोड़ रुपये की एनसीईआरटी की नकली किताबों के मामले की गहन जांच हेतु एसएसपी द्वारा 10 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस कार्रवाई से शिक्षा के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह में हड़कंप मच गया है।

मामले की गंभीरता और इसके नेटवर्क की गहराई को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति ने स्वयं संज्ञान लेकर इस विशेष टीम को नियुक्त किया है। यह एसआईटी पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जितेंद्र चौधरी के निकट पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस बड़े



घोटाले का सफल और विधि सम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और विवेचना की हर प्रगति से उन्हें तत्काल अवगत कराया जाए। जांच टीम का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सदर प्रशांत कुमार को सौंपा गया है। टीम में अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिसमें प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी विवेचक, एसओजी प्रभारी उमेश कुमार, उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी और सर्विलांस सेल के विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही कोतवाली रुद्रपुर के चुनिंदा कांस्टेबलों को भी टीम का हिस्सा बनाया गया है, ताकि साक्ष्यों के संकलन और दबिश की प्रक्रिया को तेज किया जा सके।

विदित हो कि बीती 14 मार्च 2026 को रुद्रपुर पुलिस ने एक गोदाम पर छापा मारकर 10 करोड़ रुपये की भारी मात्रा में नकली एनसीईआरटी किताबें और किताबों से भरा एक ट्रक बरामद किया था। इस संबंध में कोतवाली रुद्रपुर में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और कॉपीराइट अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत है। अब नवगठित एसआईटी की प्राथमिकता इस अवैध कारोबार के पीछे छिपे मुख्य चेहरों और अंतर्राज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करना होगी। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक राना का मोबाइल नम्बर हुआ हैक

■ हैकर मोबाइल से मैसेज कर मांग रहा लोगों से हेल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** विधानसभा नानकमत्ता के कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राना का किसी अज्ञात द्वारा मोबाइल नम्बर हैक कर लिया है। हैकर मोबाइल नम्बर पर बने व्हाट्सएप के जरिए लोगों से हेल्प मांग कर उन्हें मैसेज सेंड कर रहा है। मोबाइल नंबर हैक हो जाने की जानकारी होते ही विधायक गोपाल सिंह राना ने इसकी शिकायत जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से की हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गम्भीर से लेकर छानबीन की जा रही हैं ।

बता दें कि खटीमा निवासी गोपाल सिंह राना नानकमत्ता विधानसभा से कांग्रेस के वर्तमान विधायक हैं। उनका जनता के बीच प्रचलित मोबाइल नम्बर किसी अज्ञात द्वारा हैक कर लिया गया। शातिर हैकर ने मोबाइल लिस्ट में दर्ज व्हाट्सएप्प नंबरों पर फर्जी मैसेज कर हैल्प मांगनी शुरू की तो हैल्प मांगने के मैसेज विधायक गोपाल सिंह राना के कुछ करीबियों को भी किए गए तो करीबियों ने विधायक से संपर्क कर मामले की जानकारी ली, तो इससे मामला उजागर हुआ की किसी के द्वारा उनका मोबाइल नम्बर हैक कर लिया है।

नंबर हैक हो जाने की सूचना विधायक गोपाल सिंह राना द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति को भी दी गई है। इधर विधायक के समर्थकों ने अपने सोशल मीडिया ग्रुपों में विधायक गोपाल सिंह राना के मोबाइल नंबर हैक हो जाने की सूचनाएं साझा की हैं।

## 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि पर घमासान

■ भाकियू हाई कोर्ट जाएगीः हरिप्रीत सिंह निज्जर ने जताया कड़ा विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र में किसानों की भूमि और धान की पौध की जुताई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मामले को गंभीर बताते हुए अब न्यायालय का रुख करने का निर्णय लिया है।

भाकियू के कुमाऊं प्रभारी विक्की रंधावा ने कहा कि किसान की धान की पौध की जुताई का मामला किसानों के अधिकारों से जुड़ा हुआ है, जिसको लेकर हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, बाजपुर के 20 गांवों की लगभग 5838 एकड़ भूमि को लेकर किसान नेता हरिप्रीत सिंह निज्जर ने भी कड़ा विरोध जताया। निज्जर ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी की गई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान एकजुट हैं और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे। इस मामले को लेकर क्षेत्र में किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और आने वाले समय में आंदोलन तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## दही मथे यशोदा मां, कन्हैया झूले पालना, जिन्दी और मरी होली का समागम

**खटीमा।** थारू होली महामहोत्सव में थारु समाज की परंपरागत होली की धूम रही। ब्लॉक परिसर में आयोजित महामहोत्सव में खटीमा के अलावा नानकमत्ता, सितारगंज, क्षेत्र की 70 टीमों ने प्रतिभा किया। होल्यारों ने राम, कृष्ण, शिव पार्वती एवं विलुप्त ठिठोरी होली का ढोल भी थाप पर मस्ती के साथ गायन किया।


**कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 3972 / राजस्व / 2025-26 दिनांक: 18.03.2026

**विज्ञप्ति**

जनपद ऊधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत निजी भूमि में संचालित हाट बाजार स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है, जिसमें हाट बाजार संचालन की अवधि दिनांक 31.03.2026 को समाप्त हो जायेगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निजी भूमि में संचालित होने वाले हाट बाजार स्वामी अपने हाट बाजार का कार्यालय जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर से लाइसेंस नवीनीकरण करा सकते हैं।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।**

**कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर**

पत्रांक: 3718/भू0खनि0वि0/अ0भ0नी0-विज्ञप्ति प्र0/2025-26 दिनांक: 18 मार्च,2026

**भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर**

दिनांक 16 एवं 18.03.2026 को विभागीय दल द्वारा जनपद उधमसिंह नगर के तहसील बाजपुर एवं किच्छा क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन की रोकथाम हेतु किये गये मौका निरीक्षण में ग्राम बन्नाखेड़ा एवं ग्राम आनन्दपुर में भिन्न-भिन्न स्थानों में अवैध रूप से ढेरियों में भण्डारित पाये गये उपखनिज को नियमावली के प्राविधानानुसार खुली नीलामी के माध्यम से निस्तारित किया जाना है।

नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं द्वारा समस्त वांछित अभिलेख दिनांक 24.03.2026 को सायं 5 बजे से पूर्व तक जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। इस अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। वांछित अभिलेख एवं नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबन्धों की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर के कक्ष सं0 115 में अवलोकित / प्राप्त किये जा सकते हैं।

**(मनीष कुमार)**
**खान अधिकारी उधमसिंह नगर।**

**सूचना**

मेरा उत्तराखण्ड बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 22122262 व उत्तराखण्ड बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 24384766 के प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं।

**सुभाष गिरी पुत्र डिकर गिरी**
**ग्राम-पहेनयां, पोस्ट खटीमा**
**जिला-उधम सिंह नगर**
**( उत्तराखंड )**

**संबध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र कुलदीप सिंह का चाल चलन ठीक ना होने के कारण उसे अपनी चल व अंचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल कर उससे सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म कर लिए हैं, जो भविष्य में अपने द्वारा किए गए कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई वास्ता नहीं होगा।

**गुरमीत कौर पत्नी स्व: बूढ़ सिंह**
**निवासी-ग्राम सिद्धानवदिया**
**तहसील नानकमत्ता, ( ऊसि.न. )**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स सनशाइन इन्टरप्राईजेज, रायल रेजीडेन्सी, तहसील रुद्रपुर, दक्ष से बिगवारा रोड, ऊ. सिंह नगर जो कि एक पंजीकृत साझेदारी फर्म है, से दिनांक 22-08-2025 को फर्म का पुनर्गठन नवीन शर्तों के अनुरूप श्री हरिकेश के चले जाने के बाद अब फर्म के नये / निरन्तर सांझेदार सतेन्द्र पाल एवं गजेन्द्र पाल है।

**कृते-मैसर्स सनशाइन इन्टरप्राईजेज**
**रायल रेजीडेन्सी, तहसील रुद्रपुर**
**दक्ष से बिगवारा रोड, ऊ. सिंह नगर**
**द्वारा सतेन्द्र पाल**

# जंगली आग से लेमनग्रास फसल तबाह, डीएम ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पाटी ब्लॉक अंतर्गत भुम्वाड़ी गांव में जंगली आग से प्रगतिशील किसान तुलसी प्रकाश की लेमनग्रास फसल को भारी नुकसान पहुंचने का मामला सामने आया है। इस गंभीर घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्वयं किसान से फोन पर वार्ता कर हालात की जानकारी ली और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।



पीड़ित किसान तुलसी प्रकाश ने बताया कि उनका घर जंगल के बीच स्थित है, जहां जंगली आग का खतरा हमेशा बना रहता है। वह विभिन्न कृषि उत्पादों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से वन विभाग से खेत के चारों ओर पत्थर की सुरक्षा दीवार बनाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में अधिकारियों द्वारा निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन अब तक कार्य पूरा नहीं हो सका। हाल ही में लगी जंगली आग ने उनकी लेमनग्रास की पूरी फसल को जलाकर राख कर दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। जिलाधिकारी ने न केवल आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया, बल्कि सुरक्षा दीवार की समस्या का भी शीघ्र समाधान कराने की बात कही। जिलाधिकारी से सीधे संवाद के बाद किसान का आत्मबल बढ़ा है। तुलसी प्रकाश ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जिले के शीर्ष अधिकारी ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। अब उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही उनकी समस्या का स्थायी समाधान होगा।

# नवरात्र पर पूर्णागिरि में उमड़ा आस्था का सैलाब

**■ मां के दर्शन को मेला मजिस्ट्रेट खुद लाइन में लगे, दिया संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** सनातन नववर्ष और चैत्र नवरात्र की तिथि को लेकर श्रद्धालुओं में भले ही भ्रम की स्थिति बनी रहीख्रकुछ ने गुरुवार से नवरात्र शुरू किए तो कई शुक्रवार से शुभारंभ की तैयारी में हैंख्रलेकिन इसका असर आस्था पर नहीं पड़ा। उत्तर भारत के प्रसिद्ध पूर्णागिरि धाम में पहले दिन ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के 4 बजे से ही श्रद्धालु कतारों में लगना शुरू हो गए थे। मंदिर परिसर और मार्गों पर



लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलीं। पार्किंग व्यवस्था भी पूरी तरह भर गई। किरोड़ा नाले में बनाए गए अस्थायी पार्किंग स्थल वाहनों से खचाखच भरे रहे। इस बीच मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी ने स्वयं आम श्रद्धालुओं की तरह लाइन में लगकर दर्शन-आरती की। उनके इस व्यवहार ने एक बड़ा संदेश दिया कि मां के दरबार में सभी समान हैं। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे मेले की गरिमा और भी बढ़ी है।

मेले में व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती नजर आईं। बुलंदशहर से आए श्रद्धालु वेद प्रकाश, प्रेम प्रकाश और आशुतोष ने बताया कि हर साल व्यवस्थाओं में सुधार हो रहा है और इस बार अधिकारियों व कर्मचारियों का व्यवहार काफी सराहनीय है, जिससे यात्रियों की थकान तक दूर हो रही है। खास बात यह रही कि मेला मजिस्ट्रेट डॉ. तिवारी कई स्थानों पर स्वयं वृद्ध और असहाय श्रद्धालुओं की मदद करते नजर आए।

उनके इस व्यवहार का सकारात्मक असर अन्य कर्मचारियों में भी साफ दिखाई दे रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि पूर्णागिरि आने वाले श्रद्धालु "मेहमान" ही नहीं, बल्कि "भाग्य विधाता" हैं। इसी भावना के साथ पूरे मेले में सेवा और सम्मान का वातावरण देखने को मिल रहा है। वहीं, पूर्व पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कार्यकाल में विकसित की गई संवेदनशील कार्यशैली का असर भी इस बार मेले में साफ नजर आ रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव मिल रहा है।

## एक नजर

### योगेश मेमोरियल को सफलता की एक और कड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कक्षा 6 के लिए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में मां वाराही धाम स्थित योगेश जोशी मैमोरियल शिव शक्ति पब्लिक स्कूल देवीधुरा के तीन और बच्चों ने सफलता प्राप्त कर उपलब्धियों कड़ी को और अधिक लंबा किया है । वर्तमान में चयनित छात्र आयुष, नमन और वन्दना ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया हैद्य विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में चयनित बच्चों को शिक्षक कृष्ण चन्द्र, रणजीत सिंह, प्रमोद कुमार, रमेश , ममता, भावना, भगवती, रेनू, नन्दी, जानकी , गीता ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन जोशी के कुशल मार्गदर्शन एवं नि:शुल्क अतिरिक्त कक्षाओं को दिया तथा समस्त अभिभावकों अपार हर्ष व्यक्त किया है ।



### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र में अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया, जिसकी पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। चकरपुर निवासी विजय पुत्र हरप्रसाद ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 18 मार्च 2026 को वह दोपहर करीब 3 बजे अपने एक दोस्त से मिलने के लिए मुंडिया चौराहा, एक्सिस बैंक के पास स्थित एक अस्पताल गया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक (नंबर PB11C5956) अस्पताल के गेट के सामने खड़ी कर दी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब थी। पीड़ित के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिलने की उम्मीद है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द बाइक बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चंपावत में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं

**■ जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट बोली-अफवाहों पर न दें ध्यान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, लेकिन कुछ लोग अफवाहों के चलते अनावश्यक रूप से इनका भंडारण कर कृत्रिम अभाव की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले के किसी भी क्षेत्र में ईंधन या गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारु है।



उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक खरीदारी से बचें।

उधर, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने जनपद के सभी पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का निरीक्षण करने के बाद बताया कि हर स्थान पर डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। आमजन आसानी से इनकी आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाहों पर विश्वास कर अनावश्यक भंडारण कर रहे हैं, जो अनुचित है।

देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आवश्यक वस्तुओं का अवैध भंडारण करता पाया गया तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि अफवाहों पर भरोसा न करें और स्थिति को सामान्य बनाए रखने में सहयोग करें।

# मुख्यमंत्री की बड़ी पहल: चम्पावत की सड़कों पर बढ़ेगी सुरक्षा

**■ 291.44 लाख से सुधरेंगे डेंजर जोन**
**■ 116.576 लाख की पहली किश्त जारी, काम होगा तेज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत को अहम सौगात दी है। दुर्घटना संभावित स्थलों (डेंजर जोन) के सुधार के लिए 291.44 लाख की कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है, जिससे पहाड़ी सड़कों पर सफर अब और अधिक सुरक्षित होगा।

मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 545/2024 के तहत लोक निर्माण



विभाग के प्रांतीय खंड चम्पावत के अंतर्गत आने वाले प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा कार्य कराए जाएंगे। यह कार्य करीब 105.01 किलोमीटर लंबाई में किए जाएंगे, जिससे न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी बल्कि पर्यटकों के लिए भी यात्रा सुरक्षित और सुगम बनेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यों में तेजी लाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य आकस्मिकता निधि से 116.576 लाख की पहली किश्त जारी कर दी गई है। यह धनराशि जिलाधिकारी मनीष कुमार के निवर्तन पर रखी गई है, ताकि काम तुरंत शुरू हो सके। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि इस फैसले से जनपद में आधारभूत ढांचे को नई रफ्तार मिलेगी और सड़क हादसों में कमी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं तथा हर स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रशासन का मानना है कि यह पहल चम्पावत की सड़कों को अधिक सुरक्षित बनाने के साथ-साथ विकास को भी नई दिशा देगी।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत एवं आयुक्त फूड सेफ्टी सचिन कुर्वे उत्तराखंड और जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य व्यापारियों और व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य व्यापारियों को नवरात्रि के दौरान उपयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ विशेष रूप से यथा कुट्टू आटा, सिंघाड़े का आटा,मखाना, साबूदाना मूंगफली दाना मिष्ठान, दूध एवं दुग्ध उत्पाद आदि अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक आयुक्त एएस रावत के दिशा निर्देशन में रामनगर में आयोजित बैठक में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान एवं व्यापार मंडल प्रतिनिधि मनमोहन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सिद्दार्थ अग्रवाल आदि मौजूद रहें। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि नवरात्रि के दौरान विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विशेषकर कुट्टू आटा, सिंघाड़े का आटा, मखाना, साबूदाना मूंगफली दाना आदि संदिग्ध खाद्य पदार्थों की जनहित में फूड सैम्पलिंग की जाएगी और विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाएगा।किसी भी प्रकार की अनियमितता और शिकायत या नमूना फेल होने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि संदेह के आधार पर एक माल से सिंघाड़ा और कुट्टू के आटा के 02 खाद्य नमूने लेकर लैब भेजे गए। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# तमंचे के बल पर दो युवक उठा ले गए नाबालिग युवती

**■ पीड़ित मां की तहरीर पुलिस ने लेने से किया इन्कार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली नानकमत्ता क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव की नाबालिक युवती को दो युवकों द्वारा बीती रात तमंचे के बल पर जबरन अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठ कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग की मां घटना की तहरीर लेकर कोतवाली पहुंची तो पुलिस ने तहरीर लेने से इंकार कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित प्रार्थनापत्र देकर की है।

बता दें कि कोतवाली नानकमत्ता क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव की पीड़ित महिला ने बताया कि बीती रात करीब एक बजे उसके घर में दो युवक हाथ में तमंचा लेकर घुस आए तथा पीड़िता के पास की चारपाई पर सो रही उसकी 17 साल की नाबालिक पुत्री को जबरन तमंचे के बल पर उठाकर मोटरसाइकिल से अपने साथ कहीं ले गए हैं। उसने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी जिसे पुलिस ने लेने से इंकार कर दिया, पीड़िता ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भेजकर उसमें घटना में लिप्त आरोपियों के नामो की पूरी जानकारी देते हुए मदद की गुहार लगाई है।

## आरोपी पूर्व में भी उठा ले गया था नाबालिग युवती को

**नानकमत्ता।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गैर बिरादरी का आरोपी युवक इससे पूर्व भी नाबालिग को उसके घर से ले गया था, जिसकी शिकायत होने पर पुलिस ने नाबालिग को आरापी के पास से बरामद तो कर लिया था लेकिन आरोपी को संरक्षण देते हुए दोनों पक्षों के बीच कार्यावाही करने के बजाये कुछ नेता नगरी होने पर मामले को रफदफा कर करा दिया था।

## महिलाओं को पुलिस सुरक्षा देना केवल सोशल मीडिया तक सीमित

**नानकमत्ता।** यूं तो पुलिस के अधिकारी जनपद की महिलाओं व बच्चों की प्रति होने वाले अपराध व उसकी सुरक्षा को लेकर समय समय पर जो जागरूकता कार्यक्रम चलाकर रही हैं वह केलव सोशल मीडिया तक ही सिमित है। इसका अंदाजा सहज की लगाया जा सकता है जब एक पीड़ित मां अपनी नाबालिग पुत्री को दो युवकों द्वारा उठा ले जाने की शिकायत लेकर थाने गई तो पुलिस ने उसकी शिकायत लेने से ही इंकार कर दिया। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा करने व पुलिस सहायता कितनी इमानदारी से कर रही है।

# जल संस्थान ने बिल जमा न करने पर कनेक्शन काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जल संस्थान रामनगर ने रामनगर में उपभोक्ताओं द्वारा पानी के बिल जमा नहीं करने पर उपभोक्ताओं के 100 से अधिक कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई है।

जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने बताया कि जल संस्थान द्वारा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं से बिल जमा कर लगातार वसूली की जा रही है।उन्होंने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जल संस्थान के कर्मियों द्वारा काउंटर लगाकर बिल जमा करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार उपभोक्ताओं को बिल जमा करने की सूचना वाहन लगाकर अनाउंस के द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बकायादारों द्वारा बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की कार्यवाही भी लगातार की जा रही है।उन्होंने बताया कि बकायादारों द्वारा बिल जमा नहीं करने पर 100 से अधिक कनेक्शन काटे जा चुके है। उन्होंने उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द बिल जमा करने की अपील की है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश नैनवाल ने की सीएम से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर भेंट की और रामनगर की सड़कों से सम्बंधित बनवाने का आग्रह करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में राकेश नैनवाल ने बताया कि ग्राम छोई मुख्य मार्ग से हनुमान धाम, नाथुपुर छोई तक जाने वाली रोड काफी समय से खराब पड़ी है। इन क्षतिग्रस्त सड़कों पर कई हादसे हो चुके है और आगे भी सड़क हादसों का खतरा बना हुआ है। ग्राम पाटकोट चौराहे से दक्षिणी पाटकोट तक रोड का निर्माण किया जाए। नेशनल हाइवे 309 काशीपुर से हलदुवा तक रोड निर्माण किया जाए। इसके अलावा रामनगर के विद्युतीकरण से छूटे गांव सुंदरखाल, टेड़ा खत्ता, रिंगोडा खत्ता व आमडण्डा खत्ता में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को जल्द कार्यवाही करने को कहा है। साथ ही बीते दिनों रविवार को रिंगोडा में पेड़ गिरने से 11 वर्षीय बालक की मौत और आँधी से हुए नुकसान से भी अवगत कराया गया और उनको मुआवजा देने की मांग की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा नेता राकेश नैनवाल को जल्द से जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

# चैत्र नवसंवत्सर: प्रकृति के उल्लास के साथ शुरू हुआ सनातन नव वर्ष

**■ हरियाली, पुष्पों की महक और बुरांश की लालिमा के बीच आता है भारतीय नववर्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सनातन संस्कृति में नव वर्ष का आगमन केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति और जीवन के नवजागरण का प्रतीक है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला हिंदू नव वर्ष उस समय आता है, जब प्रकृति स्वयं मुस्कुराकर मानव का स्वागत करती प्रतीत होती है। जहां अंग्रेजी नव वर्ष ऐसे समय में आता है जब प्रकृति सुप्त अवस्था में होती है, वहीं हिंदू नव वर्ष के आगमन पर चारों ओर नवजीवन की छटा बिखर जाती है। जंगलों में बुरांश के लाल फूल खिल उठते हैं, विविध पुष्प अपनी सुगंध से वातावरण को आनंदित कर देते हैं और हरियाली धरती को नई ऊर्जा से भर देती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी और यहीं से विक्रम संवत का शुभारंभ माना जाता है। आज भी भारतीय परंपरा में सभी मांगलिक और धार्मिक कार्य विक्रम संवत के अनुसार ही निर्धारित किए जाते हैं, जो प्रकृति, खगोलीय गणना और ब्रह्मांडीय सिद्धांतों से गहराई से



जुड़ा हुआ है।

इतिहास और आस्था के अनुसार, इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य द्वारा संवत का प्रारंभ, भगवान श्री राम के राज्याभिषेक, मां दुर्गा की स्थापना (नवरात्र प्रारंभ), गुरु अंगद देव का जन्म तथा डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जैसे महान व्यक्तित्वों से इस दिन का विशेष संबंध बताया जाता है। इस प्रकार हिंदू नव वर्ष आस्था, इतिहास, विज्ञान और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की गहराई और समृद्ध परंपरा को दर्शाता है।

## राष्ट्रीय कैलेंडर को लेकर भी उठी थी आवाज

आजादी के बाद 1952 में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा पंचांग आयोग का गठन किया गया था। आयोग ने 1955 में अपनी रिपोर्ट में विक्रम संवत को अपनाने की सिफारिश की थी, लेकिन 1957 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निर्णय के बाद अंग्रेजी कैलेंडर को ही आधिकारिक रूप से लागू किया गया।

आज भी कई लोग हिंदू नववर्ष को राष्ट्रीय मान्यता देने की मांग उठाते रहते हैं।

### स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद ऊधम सिंह नगर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली खटीमा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस टीम द्वारा ग्राम सूजिया क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल संख्या UK06BH-3309 सहित पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 25.82 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुरमेज सिंह उर्फ गेजू निवासी देवीपुरा, थाना नानकमत्ता के रूप में हुई है, जो स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचने का कार्य करता था। पुलिस टीम में उ.नि. अशोक काण्डपाल, भूपेन्द्र सिंह रंसवाल, का. नवीन रजवार, मो. मोहसिन आदि थे।

### प्रतिबंध के बावजूद नॉनवेज बेचने पर दो नामी गिरामी प्रतिष्ठानों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर में नवरात्र को मांस की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। गुरुवार को महापोर के निर्देश पर टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान दो नमी गिरामी प्रतिष्ठान केएफसी और बर्गर किंग में नॉनवेज मिलने पर चालान की कार्रवाई की गई।



बता दें चैत्र नवरात्र के पावन पर्व को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर की आध्यात्मिक मर्यादा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए 19 मार्च से 27 मार्च तक कच्चे और पके हुए मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध केवल मीट की दुकानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी भोजनालयों और रेस्टोरेंट पर भी लागू है जहाँ मांसाहारी व्यंजन तैयार किए जाते हैं। प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए गुरुवार को महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने मीट बाजार सहित कई प्रतिष्ठानों रेस्टोरेंटों में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान मेट्रोपोलिस मॉल स्थित केएफसी और बर्गर किंग प्रतिष्ठान में नॉनवेज पाया गया। जिस पर दोनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ 5000-5000 चालान की कार्रवाई की गई। वहीं सख्त हिदायत भी दी गई। छापेमारी में मुख्य रूप से जसवीर सिंह, भूपेंद्र कुमार, विजय सहित नगर निगम के अन्य कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

### ईदगाह में होगी साढ़े आठ बजे ईद की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहल्ला खताड़ी स्थित ईदगाह में शहर इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने बताया कि ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे होंगी। बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अकील अहमद ने बताया कि बड़ी मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज सुबह आठ बजे अता की जाएगी।





















# किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्पष्टीकरण आवेदन का हाई कोर्ट में निपटारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऋषिकेश-भानियावाला रोड प्रोजेक्ट के निर्माण के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दायर स्पष्टीकरण आवेदन को यह कहते हुए निपटा दिया है कि इस मामले में कोर्ट की ओर से किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि पेड़ों के कटान पर रोक के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देश पहले ही समाप्त हो चुके हैं। बता दें यह मामला रेनू पाल द्वारा दायर एक जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण परियोजना के कारण पर्यावरण और विशेष रूप से एलिफेंट कोरिडोर (हाथी गलियारे) पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों का मुद्दा उठाया गया था। इससे पहले 9 जनवरी 2026 को अदालत ने इस जनहित याचिका की कार्यवाही को बंद कर दिया था और पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट में लंबित समान मामलों के फैसले का इंतजार करने की छूट दी थी। एनएचएआई ने हाल ही में अदालत में अर्जी दाखिल कर यह स्पष्टीकरण मांगा था कि क्या उन्हें राजमार्ग का निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति है। प्राधिकरण का तर्क था कि वन विभाग के अधिकारी उन्हें वन भूमि पर पेड़ काटने की अनुमति नहीं दे रहे हैं जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। एनएचएआई ने कोर्ट से इस बाधा को दूर करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की पुरानी फाइलों और आदेशों का अवलोकन किया। कोर्ट ने पाया कि पेड़ों के कटान पर रोक केवल 12 मार्च 2025 को एक सुनवाई की अगली तारीख तक के लिए लगाई गई थी। इसके बाद अदालत ने उस रोक (स्टे) को कभी आगे नहीं बढ़ाया जिसका अर्थ है कि वर्तमान में हाईकोर्ट की ओर से निर्माण पर कोई रोक प्रभावी नहीं है। मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय ने अपने आदेश में कहा कि यदि वन विभाग एनएचएआई को पेड़ काटने की अनुमति नहीं दे रहा है तो यह एक स्वतंत्र कानूनी मुद्दा है। इसके लिए एनएचएआई अलग से कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन इस जनहित याचिका के संदर्भ में अदालत अब कोई नया स्पष्टीकरण जारी करना उचित नहीं समझती। अदालत ने यह भी दोहराया कि एलिफेंट कोरिडोर और पर्यावरण से संबंधित प्रमुख मुद्दे पहले से ही सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हैं। अनीता कंडवाल बनाम उत्तराखंड राज्य जैसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले आने बाकी हैं इसलिए हाईकोर्ट ने इस प्रकरण को बंद करते हुए स्पष्ट किया कि सभी पक्षों के विकल्प खुले हुए हैं।

### पाक्सो मामले में निचली अदालत का आदेश पलटा

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़ और पाक्सो अधिनियम के एक मामले में निचली अदालत के आदेश को पलट दिया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यदि पीड़िता के बयान अदालत में ठोस और स्पष्ट नहीं हैं तो केवल पिछली बातों के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने आरोपी महेश सिंह को सभी आरोपों से दोषमुक्त करते हुए उसकी सजा को रद्द कर दिया है। यह मामला कुमाऊं मंडल के चंपावत जिले के रीठा साहिब थाने का है जहां फरवरी 2024 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसकी बेटी का रास्ता रोककर छेड़छाड़ की। आरोप था कि महेश सिंह ने लड़की को झाड़ियों की तरफ ले जाने की कोशिश की और उसे 500 रुपए का लालच दिया। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की और निचली अदालत ने आरोपी को चार साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

### अदालत में पीड़िता के बयानों में विरोधाभास

**नैनीताल।** उच्च न्यायालय ने पाया कि पीड़िता ने निचली अदालत में दिए गए अपने मुखय बयान में केवल यह कहा कि आरोपी ने उसे गाली दी और झाड़ियों में 500 रुपए का नोट फेंककर भाग गया। पीड़िता ने अदालत के समक्ष स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि आरोपी ने उसे गलत नीयत से पकड़ा था या उसके साथ कोई यौन हमला हुआ था। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा -164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान ठोस सबूत नहीं माने जा सकते। इन बयानों का उपयोग केवल अदालत में दिए गए बयानों की पुष्टि या उनमें विरोधाभास दिखाने के लिए किया जा सकता है। जब पीड़िता का मुख्य बयान ही कमजोर हो तो पुराने बयानों के आधार पर सजा बरकरार नहीं रखी जा सकती। फैसले में यह भी रेखांकित किया गया कि घटना दिनदहाड़े गांव में होने के बावजूद पुलिस ने कोई स्वतंत्र चश्मदीद गवाह पेश नहीं किया। झाड़ियों से 500 रुपएं का नोट बरामद होने की तो कोर्ट ने माना कि यह केवल वहां पैसे होने की पुष्टि करता है लेकिन इससे छेड़छाड़ या यौन हमले का अपराध साबित नहीं होता। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने अपने आदेश में कहा कि आपराधिक न्यायशास्त्र का सिद्धांत है कि किसी भी मामले को संदेह से परे साबित करने की जिमेदारी राज्य की होती है। यदि साक्ष्यों में कमी या विरोधाभास है तो उसका लाभ आरोपी को मिलना चाहिए। इसी आधार पर कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को त्रुटिपूर्ण माना। इन तथ्यों के बाद हाईकोर्ट ने महेश सिंह की अपील को स्वीकार करते हुए उसे बाइज्जत बरी कर दिया। कोर्ट ने जेल की सजा और जुर्माने के आदेश को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है।

### अबु तस्लीम और वसीम की जमानत मंजूर

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा कांड के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक सहित अन्य लोगों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने मामले में शामिल अबु तस्लीम और वसीम की जमानत मंजूर कर दी। बता दें बीरवार को हुई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकास गुगलानी ने कोर्ट को अवगत कराया कि तस्लीम व वसीम का नाम न तो प्राथमिकी में है न ही वह घटना में शामिल थे। संदेह के आधार पर उन्हें वेवजह से गिरफ्तार किया गया। घटना के समय वे वहां नहीं थे। उनको बेवजह इस मामले में फंसाया जा रहा है। इसलिए उन्हें प्राथमिकता की तौर पर रिहा किया जाए। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ में हुई।

### धोखाधड़ी के आरोपी की याचिका खारिज की

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी के आरोपी रविकांत की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए दावा किया था कि उसे गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में नहीं दिए गए, जो संविधान के अनुच्छेद-22(1) का उल्लंघन है। सीबीआई ने इस दावे का विरोध करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तारी के समय मेमो में सभी आरोपों और तथ्यों की जानकारी दी गई थी। कोर्ट ने इसे संवैधानिक प्रावधानों का पालन माना और रिमांड आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। रविकांत और उसकी पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने देहरादून में एक कंपनी की ज़मीन बेचने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए और लोगों से पैसे ठगे।

## दो आईपीएस अधिकारियों के मामले पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाई कोर्ट में उत्तराखंड में आईजी पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी नीरू गर्ग व अरुण मोहन जोशी को प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन डीआईजी पद पर भेजने के आदेश को चुनौती देती दो आईपीएस अधिकारियों के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से सोमवार 23 मार्च तक शपथपत्र पेश करने को कहा है। बता दें बीरवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया कि उनकी प्रतिनियुक्ति होने के बाद उनके वेतन में कोई परिवर्तन नहीं होगा। उनको अभी जो वेतन राज्य में मिल रहा है वह केंद्र में भी मिलेगा जिसपर कोर्ट ने इस आशय का शपथ पत्र सोमवार 23 मार्च तक कोर्ट में पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार 2005 की आईपीएस अधिकारी नीरू गर्ग को केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन भारत तिब्बत सीमा पुलिस में उप महानिरीक्षक व 2006 के आईपीएस व आईजी स्तर के अधिकारी अरुण मोहन जोशी को केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन बीएसएफ में डीआईजी बनाया गया है। इस आशय का आदेश गृह मंत्रालय की ओर से 5 मार्च 2026 को जारी हुए थे। इस आदेश के बाद उत्तराखंड सरकार ने 6 मार्च 2026 को इन अधिकारियों को कार्यमुक्त करने का आदेश पारित किया था। जिसे इन अधिकारियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वीरवार को हुई सुनवाई पर कोर्ट ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार से सवाल किया कि कितने पदों पर इस रैंक के कर्मचारियों को डेपुटेशन पर भेजा जाना है। मामले की सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने केंद्र सरकार से सोमवार तक शपथपत्र पेश करने को कहा है।

## एक नजर

### दिव्यांगों को नहीं मिली दो माह की पेंशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों कोफरवरी और मार्च महीने की पेंशन का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इस कारण पेंशनधारियों को पेंशन का बेसब्री से इंतजार है और वे लगातार बैंक और डाकघर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लग रही है। क्षेत्र के सक्षम जिला मीडिया प्रभारी दिलीप वार्ष्णेय ने बताया कि पेंशनधारकों की संख्या हजारों में है, और कई लोग केवल पेंशन पर ही निर्भर हैं। हालांकि, फरवरी के बाद से पेंशन का भुगतान रोक दिया गया है, जिससे लाभार्थियों में गहरी चिंता और असंतोष पैदा हो गया है। बैंक और डाकघर में पहुंचने के बावजूद, पेंशनधारी खाली हाथ लौट रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पेंशनधारकों के खातों में पेंशन की राशि भेजी जा रही है। जिनके खातों में अभी तक राशि नहीं पहुंची है, उन्हें जल्द ही भुगतान किया जाएगा। विभाग का दावा है कि प्रक्रिया जारी है और सभी लाभार्थियों को जल्द ही उनका हक मिल जाएगा।

### नैनीताल में रिमझिम बारिश से बढ़ी ठंड

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बीरवार को रुक-रुक कर बारिश होते रही जिसका सामान्य जनजीवन पर असर पड़ रहा और पर्यटन गतिविधियां भी प्रभावित रही। सबसे अधिक परेशानी नवरात्र के चलते मंदिर जाने वाले भकतजनों को उठानी पड़ी। बता दें नगर में हल्की बारिश सुबह के समय से शुरू हो गई थी जो दिन में रुक रुक कर होती रही जिस कारण आने जाने में दिक्कते हुई। वर्षा के कारण नैनीझील में नौकायन प्रभावित रहा। बारिश की वजह से देश के विभिन्न शहरों से नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों को भी बारिश की वजह से अधिकांश समय होटलों में ही रहकर गुजारना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदला है। जिसका प्रभाव शुक्रवार (आज) को भी जारी रहेगा। इस बीच तेज हवाओं का दौर भी रहेगा और बिजली गिरने की संभावना भी रहेगी। ओलावृष्टि की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 22 व न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

### मंदिरों में उमडी भक्तजनों की भीड़

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीरवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्री मां नयना देवी मंदिर समेत सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भकतों की काफी भीड़ लगी रही जिसकी वजह से नगर का वातावरण भी भक्तिमय बना रहा। मंदिरों में इस मौके पर विविध धार्मिक अनुष्ठान हुए। नगर के प्रसिद्ध श्री मां नयना देवी मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय लोगों के साथ ही देशभर से आए पर्यटक भी मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद लेते नजर आए। भक्तों ने नवरात्रि के अवसर पर मां नयना देवी मंदिर के दर्शन किए। मंदिर में सुंदरकांड भी आयोजित किया गया। श्री राम सेवक सभा में विक्रम नव संवत्सर के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसका विधायक सरिता आर्य,नगरपालिका की अध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल तथा एडवोकेट प्रकाश पांडे ने दीप प्रज्वलन कर सब को नव वर्ष की बधाई दी। पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने मंत्रोचार के साथ सभी का राशि फल सुनाया तथा उसका विधि विधान बताया। श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने महिषासुरमर्दिनी रक्त बीज देवी भगवती मैया तथा नवदुर्गा भजन तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। बाल कलाकार ने भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में नई ऊर्जा संचारित की। संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। नगर के मां पाषाण देवी, हनुमानगढ़ी समेत सभी मंदिरों में दिनभर भक्तों की काफी भीड़ लगी रही।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

**नैनीताल।** जिले के भवाली नगर में बीरवार को देवी मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई। धार्मिक अनुष्ठान की वजह से नगर का वातावरण दिनभर भकतिमय बना रहा। बता दें श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस सुबह आचार्य गिरीश चंद्र जोशी, कैलाश चंद्र पांडे, कैलाश जोशी, मोहन चन्द कपिल, नीरज पडलिया तथा दीपेश कपिल द्वारा देवी भागवत कथा के मुख्य आयोजक यजमान श्रीमती एवं श्री बालम सिंह मेहरा की उपस्थिति में सभी आचार्य द्वारा देवी भगवती विग्रह का निर्माण, नवग्रह निर्माण, सर्वतों भद्र निर्माण, गणेश पूजन,पंचांग पूर्वांगादि तथा पूजन किया गया। इसके उपरांत मातृशक्ति द्वारा शहर में कलश यात्रा निकाली गई जो भवाली बाजार से होते हुए देवी मंदिर पहुंची जहां मातृशक्ति द्वारा सुन्दर देवी भजनों का गायन किया गया। श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यास आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल द्वारा अपराह्न दो बजे से श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। उन्होंने श्री शुभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर फल सुनाया गया। श्रीमती एवं श्री बालम सिंह मेहरा द्वारा पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल द्वारा प्रकाशित तथा आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल द्वारा संपादित पंचांग परंपरा अंक-6 का विमोचन किया गया। परंपरा नामक इस पंचांग को व्यास सुयाल द्वारा उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तजनों को देवी प्रसाद के रूप में सादर भेंट किया गया। श्रीमद् देवी भागवत कथा में संगीतकार आचार्य उमा शंकर कपिल, नीरज सती,पंकज जोशी द्वारा सुंदर भजनों का गायन किया गया। इस दौरान पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल के निदेशक बृजमोहन जोशी द्वारा भवाली में चार विभूतियों रंभा साह, मंशा साह, संगत सिंह मेहरा, मथुरा दत्त जोशी को समानित किया गया।

## हिंदू नव वर्ष पर आरएसएस का पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कालाढूंगी में भव्य पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान स्वयंसेवकों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। पथ संचलन की शुरुआत शहर के प्रमुख स्थल से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से भाग लिया। हाथों में दंड लिए स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। रास्ते भर महिलाओं ने कुमाऊंनी परंपरा के अनुसार जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने हिंदू नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति और परंपराओं को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय नवचेतना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** बृहस्पतिवार को प्राचीन बट वृक्ष देवी मंदिर शांतिपुरी नव4 मे पुनर्निर्माण के बाद पहली बार पूरे क्षेत्र



में आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवनिर्मित मंदिर में देवी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। सुबह करीब 10 बजे मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। जबकि देवी की नवीन मूर्ति का भी पूरे गांव में नगर भ्रमण कराया गया। यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिएजल और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। मंदिर समिति अध्यक्ष तारा सिंह दानू ने बताया कि यह ऐतिहासिक मंदिर अंग्रेजी शासन काल से भी पूर्व का है, जिसका हाल ही में पुनर्निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना का नया अध्याय शुरू हो गया है। कार्यक्रम में शंकर दत्त जोशी, प्रकाश चंद जोशी, भुपाल सिंह कोरंगा ललित बिष्ट, क्षेत्रपंचायत सदस्य गंगा दानू समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। मंदिर समिति की ओर से 21 मार्च को भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

### चोरी का माल व तमंचे समेत दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के समान व एक बदमाश को तमंचे समेत गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने केवीआर आकांक्षा गार्डन के पीछे के निवासी नवाब पुत्र नौसे अली को एक अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है तथा उसके साथी को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया है।

## बाइकों की भिड़ंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में वीरवार को एक बाइक की तेज रफ्तार के कारण दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों को तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां कार्की को भर्ती कर लिया गया जबकि दूसरे युवक प्रियांशु को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक वीरवार की सुबह करीब 9.10 बजे बीडी पांडे जिला अस्पताल-मोहनको रोड पर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि नितिन कार्की अपनी बाइक से नीचे से ऊपर की ओर जा रहे थे जैसे ही



उन्होंने कूर्माचल बैंक की ओर मुडने का प्रयास किया तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नितिन कार्की सड़क पर चेहरे के बल गिर पड़े जबकि दूसरा युवक सड़क किनारे खड़ी कार से टकराकर दूर जा गिरा। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। अस्पताल के चिकित्सक डा. प्रशांत ओली ने बताया कि नितिन कार्की के चेहरे और नाक पर चोट आई है उन्हें भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है वहीं स्टाफ हाउस निवासी प्रियांशु को सिर में गंभीर चोट होने के कारण रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहन तथा वन वे में गलत दिशा से चलने वाले वाहन और तेज रुतार हादसों का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पूरन बिष्ट स्थायी अधिवक्ता नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में राज्य सरकार का पक्ष मजबूती से रखने के लिए विधि अधिकारियों की नई सूची जारी की है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद न्याय विभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस नई व्यवस्था के तहत कई अनुभवी अधिवक्ताओं को पदोन्नत किया गया है वहीं कई नए चेहरों को भी सरकारी पैनल में जगह दी गई है। इस सूची के मुताबिक हाईकोर्ट के मुखय स्थायी अधिवक्ता चंद्र शेखर सिंह रावत के स्थान पर वर्तमान अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता पूरन सिंह बिष्ट को मुख्य स्थायी अधिवक्ता बनाया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार पांच वरिष्ठ विधि अधिकारियों के पदों में तत्काल प्रभाव से अपग्रेडेशन (उच्चीकरण) किया गया है, इनमें गणेश काण्डपाल को अब अपर महाधिवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है, इसी क्रम में राजीव सिंह बिष्ट को उप महाधिवक्ता (क्रिमिनल) बनाया गया है।



इसके अलावा राकेश कुमार जोशी, प्रभात काण्डपाल और हिमांशु सेन को पदोन्नत कर सहायक शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। पदोन्नति के साथ राज्य सरकार ने 10 अन्य अधिवक्ताओं को भी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आबद्ध किया है इसमें योगेश पाण्डे को उप महाधिवक्ता (सिविल) और घनश्याम जोशी को अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। इनके साथ ही रंजन घिल्डियाल और भानु प्रताप मेर को स्थायी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है जबकि मनीष बिष्ट, मनोज चन्द्र भट्ट समेत 6 अन्य को ब्रीफ होल्डर के रूप में पैनल में शामिल किया गया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि ये नियुक्तियां पूर्णत: प्रोफेशनल (व्यावसायिक) आधार पर की गई हैं। शासन ने यह भी साफ कर दिया है कि यह कोई सिविल पद पर स्थाई नियुक्ति नहीं है। राज्य सरकार के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए इन आबद्धताओं को किसी भी समय समाप्त कर सकती है। इसी तरह नियुक्त अधिवक्ता भी अपनी ओर से लिखित सूचना देकर इस अनुबंध को समाप्त कर सकेंगे।

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

### डा. मोहित प्रथम, शमशेर सिंह शम्भू दूसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा परिवार की ओर से 30वें फागोत्सव के दौरान कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विजेताओं को ट्राफी व नगद धनराशि प्रदान की गई। विजेताओं को अतिथियों नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल तथा वरिष्ठ एडवोकेट प्रकाश पांडे ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के तहत डा. मोहित सनवाल सनवाल को प्रथम पुरस्कार के रुप में 7 हजार 500 रुपए जबकि दूसरे स्थान पर रहे शमशेर सिंह शंभू को 5 हजार रुपए तथा तीसरे स्थान पर रहे मौलिख सनवाल को 3 हजार 500 रुपए का पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गयी। इसके साथ ही चार सांत्वना पुरस्कारों के रूप में 1-1 हजार रुपए की नकद धनराशि व ट्राफी क्रमश: सुरेश कांडपाल, कल्याणी तिवारी, विमल जोशी तथा प्रमोद कुमार को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री राम सेवक सभा परिवार के वरिष्ठ सदस्य व प्रवक्ता प्रो. ललित तिवारी ने किया। इससे पूर्व सभा परिवार की ओर से सभी अतिथियों व विजेताओं व भक्तजनों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर घनश्याम लाल साह, मनोज साह, अशोक साह, जगदीश चंद्र बवाड़ी, राजेंद्र बिष्ट, बिमल चौधरी, मुकेश जोशी, गिरीश जोशी, विमल साह, हीरा रावत, भुवन बिष्ट, आनंद बिष्ट, दिनेश भट्ट, गीता साह, भारती साह, मोहित लाल साह, हरीश सिंह राणा, हिमांशु जोशी, भगवान, गिरीश भट्ट, आशु बोरा, मृणाल नेगी, आभा साह तथा राजेंद्र लाल साह आदि उपस्थित रहे। अंत में सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का आभार जताया।



### पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने किया फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

30वें फागोत्सव के मौके पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता के चयनित फोटो की प्रदर्शनी श्री राम सेवक सभा के सभागार में लगायी गयी है जो शुक्रवार (आज) तक लगी रहेगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने किया।

## गैस सिलेंडरों की कालाबज़ारी चरम पर

### बारापत्थर से 4 अवैध व्यवसायिक गैस सिलेंडर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर लगाम नहीं लग पा रही है। सोमवार देर रात मंगोली क्षेत्र में 4 अवैध सिलेंडर पकड़े जाने के बाद बुधवार को पुलिस व खाद्य पूर्ति विभाग ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए कालाढूंगी रोड स्थित बारापत्थर क्षेत्र से 4 और अवैध व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए। बुधवार को कोतवाल हेम चंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान एक वाहन की तलाशी लेने पर उसमें चार व्यावसायिक गैस सिलेंडर पाए गए।

चालक से सिलेंडरों के वैध दस्तावेज और कनेशन संबंधी जानकारी मांगी गई लेकिन वह कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर इसकी सूचना जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट को दी गई। उनके निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक गौरव जोशी मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ संयुक्त जांच की। जांच में एक सिलेंडर के दस्तावेज सही पाए गए जिसे छोड़ दिया गया जबकि शेष 3 सिलेंडरों के कोई वैध कागजात नहीं मिलने पर उन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इसी दौरान व्यवसायिक सिलिंडर ले जा रहे एक स्कूटी को भी रोका गया। चालक द्वारा इसके भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके जिसके चलते उसे भी जबत कर लिया गया। क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स पर्वत गैस एजेंसी नैनीताल की सुपुर्दगी में दिया गया है। पूर्ति विभाग ने मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू की जा रही है।

### नैनीताल में गैस संकट गहराया

**नैनीताल।** नैनीताल में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीरवार को बीडी पांडे जिला अस्पताल के समीप स्थित गैस वितरण केंद्र में बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग सिलेंडरर लेने के लिए कतार में खड़े रहे लेकिन उन्हें गैस नहीं मिल सकी। जानकारी के अनुसार रोस्टर के तहत माल रोड चर्च के पास भी सुबह करीब 9 बजे से लोग लाइन में लग गए थे। घंटों इंतजार करने के बाद भी दोपहर 12 बजे तक गैस की गाड़ी नहीं पहुंची। मजबूरन लोगों को खाली सिलिंडर लेकर ही घर लौटना पड़ा। डीएम के आदेश के बावजूद होम डिलीवरी व्यवस्था भी सुचारू रूप से लागू नहीं हो पा रही है जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार बार वितरण में हो रही देरी से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।गैस न मिलने से आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है ताकि आम जनता को इस परेशानी से राहत मिल सके। मामले में पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर आंकिता पांडे ने बताया कि गुरुवार को सप्लाई कम होने के कारण जू रोड समेत अनामिका होटल व बीडी पांडे अस्पताल पर ही गैस वितरण हो पाया है, जल्द ही सभी क्षेत्रों में गैस आपूर्ती कर दी जाएगी।


## कार्यालय-कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, बेरीनाग

पत्रांक : 809/कृ0भू0सं0अ0बे0/निविदा/भण्डार/2025-26 दिनांक : 18/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से विभाग में संचालित जिला योजनान्तर्गत परियोजना के निर्माण कार्य सम्पादन हेतु इकाई में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, इकाई बेरीनाग में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 1.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय नगद भुगतान दिनांक 25.03.2026 तक पूर्वाहन 11.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, इकाई बेरीनाग से प्राप्त किया जा सकता है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र0सं0 | ग्राम एंव विकास खण्ड का नाम | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आमहाट (आन्तरिक) | घेरबाड़ कार्य | 19500.00 | 1000+GST | 07 दिन | 45 दिन | D |

**निविदा से सम्बन्धित शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय में देखी जा सकती है।**

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी,
बेरीनाग।

# गैस सिलेंडर कालाबाजारी करने पर एजेंसी स्वामी को अब सीधे जेल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जिलें में एलपीजी गैस की आपूर्ति, वितरण, बैकलॉग के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन की क्यूआरटी एवं सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, गैस एजेंसियों के स्वामी एवं तेल कम्पनियों के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला प्रशासन ने गैस एजेसियों पर होमलिडिविरी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए एजेंसियों पर अधिकारी तैनात कर दिए गए है, जो एजेंसी पर होने वाली प्रत्येक गति. विधि पर नजर रखेंगे वस्तुस्थिति से अवगत कराएगें।



जिलाधिकारी ने बढते बैकलॉग का कारण जाना तो तेल कम्पनियों के अधिकारियों ने बताया कि 03 दिन जब बुंकिग सोफ्टवेयर में काईसिस आ गई थी तो मैन्युअल रजिस्टर में अंकन कर उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की गई, जिसकी लगभग 25 से अधिक की एन्ट्री साफ्टवेयर पर अद्यतन होनी बाकी है तथा 11 मार्च से गैस बुकिंग व डिलिविरी के समय शहरी क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों 45 दिन कर दिया गया है उससे पूर्व की जो एडवांस बुकिंग हो रखी हैं वह बैकलॉग में दर्शाई गयी है, जिससे बैकलॉग बढा हुआ दिख रहा हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि तेल कम्पनियों से सम्पर्क करते हुए आज शाम तक मैन्युअल एन्ट्री को साफ्टवेयर पर एजेंसी के माध्यम से एन्ट्री कराएं तथा जिन उपभोक्ताओं की एडवांस बुकिंग 25 एवं 45 दिन का बैकलॉग दिख रहा है उनकी संख्या अलग-2 दर्शाते हुए शाम तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का अनुपालन न करने पर सम्बधित गैस एजेसीं तेल कम्पनियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक नगर को निर्देश दिए कि छापेमारी में जो अवैध रूप सिलेंडर पकड़े जा रहे हैं उनको ट्रेस किया जाए कि वह किस गैस एजेंसी के है, सम्बन्धित गैस एजेंसी की पहचान करते हुए एजेंसी स्वामी को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेजे। जिलाधिकारी ने जिले की गैस एजेंस. ीवार नामित क्यूआरटी में शामिल 30 अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस एजेंसी पर स्टॉक, बैकलॉग, वितरण आदि रजिस्टर का अवलोकन कर प्रतिदिन की सम्पूर्ण आख्या प्रेषित करें।

साथ ही निर्देशित किया यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि किसी भी गैस एजेंसी व गोदाम से सिलेंडर न दिया जाए तथा उपभोक्ताओं को सिलेंडर होमडिलिवरी के माध्यम से ओटीपी आधार पर ही दिया जाए तथा एजेंसियों पर उपभोक्ता जागरूकता फ्लैक्सी, बुकिंग नम्बर, उपभोक्ताओं के लिए बड़े-बडे अक्षरों में जानकारी चस्पा रहे।जिला प्रशासन की होमडिलिविरी व्यवस्था से एजेंसियों पर जुटने वाली भीड़ से हो रही अव्यवस्था से निजात मिला है वहीं कानून व्यवस्था भी नियंत्रण में है। जिला प्रशासन की क्यूआरटी के औचक निरीक्षणों एवं एलपीजी कालाबाजारी करने वालों पर दर्ज हुए मुकदमों एवं एजेंसियों की नाफरमानी पर की गई प्रवर्तन की कार्यवाही से गैस की कालाबाजारी करने वालों में भी भय का माहौल है। उपभोक्ताओं को होमडिलिविरी के माध्यम से ओटीपी आधार पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी पर 05 मुकदमें दर्ज किए गए हैं तथा 03 को जेल भेजा, 150 घरेलू, 139 व्यवसायिक तथा 07 छोटे सिलेंडर जब्त किए हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश गोपालराम बिनवाल, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, उप जिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, उप जिलाधिकारी अपूर्वा सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी के.के अग्रवाल, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार एवं क्यूआरटी के सभी अधिकारी सहित तेल कम्पनियों एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी ऋषिकेश योगेश मेहर, उप जिलाधिकारी विक. ासनगर विनोद कुमार सहित क्यूआरटी में शामिल अन्य अधिकारी एवं तेल कम्पनियों के प्रतिनिधि ऑनलाईन माध्यम से जुडे़ रहे।

**गैस एजेंसी की हर हलचल पर अब प्रशासन की नजर; एलपीजी सिलेंडर होमडिलिविरी सुनिश्चित कराने को जिले की प्रत्येक गैस एजेंसी पर अधिकारी तैनात; जब्त एलपीजी सिलेंडर का एजेंसीवार विवरण तलब; एजेंसी स्वामी की पहचान कर सीधे जेल भेजने के निर्देश, 25 हजार मैन्युअल गैस वितरण जो आनलाइन साफ्टवेयर में बैकलॉग दिख रहा है की एन्ट्री शाम तक साफ्टवेयर पर करें अपडेट या एक्शन को रहे तैयार: डीएम, 25 व 45 दिन की एडवांस बुकिंग की पृथक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के डीएसओ को निर्देश,जिला प्रशासन की क्यूआरटी के प्रवर्तन एक्शन से गैस की कालाबाजारी करने वालों में भय का माहौल ,जिले में गैस कालाबाजारी पर जिला प्रशासन का एक्शन 05 मुकदमें दर्ज; 03 को जेल, 150 घरेलू, 139 व्यवसायिक व 07 छोटे सिलेंडर जब्त,जिला प्रशासन की होमडिलिविरी व्यवस्था से गैस एजेंसियों पर जुटने वाली भीड़ से निजात के साथ ही कानून व्यवस्था नियंत्रण में ,जिले की 70 गैस एजेंसियों हेतु नामित क्यूआरटी टीम एजेंसियों की निरीक्षण एवं एलपीजी आपूर्ति, वितरण, स्टॉक प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश**

# जौनसार बावर में बदला मौसम, हल्की बारिश से बढ़ी ठंड, किसान चिंतित



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** जौनसार बावर क्षेत्र में बीते कई दिनों से शुष्क बने मौसम के बाद गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और बीच-बीच में तेज हवाएं चलती रहीं, जिससे क्षेत्र में एक बार फिर कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा।

दोपहर के समय हुई हल्की बारिश ने ठंडक को और बढ़ा दिया। मौसम में आए इस बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी देखने को मिला। तापमान में गिरावट के चलते लोगों ने एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। हालांकि, इस हल्की बारिश से किसानों को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। क्षेत्र में अच्छी और झमाझम बारिश की उम्मीद थी, लेकिन कम वर्षा होने के कारण फसलों पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है। इससे किसानों के चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही है।

स्थानीय किसान दलीप सिंह रावत,शूरवीर सिंह,राजेंद्र सिंह चौहान,देवेंद्र सिंह,रवींद्र सिंह सहित अन्य किसानों का कहना है की क्षेत्र में ठंड दोबारा लौट आई है। इसके बावजूद अब तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से फसलों को जरूरी नमी नहीं मिल पा रही है।

किसानों के अनुसार, गुरुवार को उन्हें अच्छी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन हल्की फुहारों से उनकी उम्मीदें अधूरी रह गईं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही अच्छी वर्षा नहीं होती है, तो इसका सीधा असर कृषि उत्पादन पर पड़ सकता है। कुल मिलाकर, मौसम के इस बदले मिजाज ने एक ओर जहां ठंड बढ़ा दी है, वहीं किसानों की चिंताओं को भी गहरा कर दिया है। अब सभी की नजरें आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद पर टिकी हुई हैं।

# एनएसएस साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ, प्रथम दिवस पर प्रेरक संबोधन

शाह टाइम्स संवाददाता

चकराता। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय, त्यूनी में "राष्ट्रीय सेवा योजना" (एनएसएस) के साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर अतिथि के रूप में पहुंचे रंगकर्मी डॉ नंदलाल भारती ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्राचार्य, समस्त आचार्यगण, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं समस्त स्टाफ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार द्वारा समर्पित भाव से किए गए आयोजन की सराहना करते हुए अपने प्रेरक संबोधन में बावर क्षेत्र की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन धार्मिक स्थलों और महान प्रतिभाओं की धरोहर रहा है, जो इसे गौरवान्वित बनाती है। उन्होंने शैडकुड़िया महाराज मंदिर (रायगी), सिद्धपीठ महासू महाराज मंदिर हनोल, हटेश्वरी माता मंदिर (हाटकोटी) सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को आस्था एवं प्रेरणा का केंद्र बताया।डॉ नंदलाल भारती ने क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर युवाओं को अपने गांव, समाज और देश का नाम रोशन करना चाहिए।

साथ ही स्थानीय संस्कृति, बोली-भाषा और परंपराओं को संरक्षित रखते हुए आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, स्वच्छता और शांति का वातावरण बनाने की अपील करते हुए स्वरोजगार, लघु उद्योग, बागवानी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अवसर तलाशने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी लोक संस्कृति और विरासत को सहेजना ही वास्तविक प्रगति है। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# पुरोला विधानसभा विकास के खोखले दावे, लिवाड़ी गांव का पुल खोल रहा पोल

- चार वर्षों से अधर में लटका पुल , जान जोखिम में डालकर चलने को मजबुर ग्रामीण कार्यदाई संस्था ब्रिडकूल के लिए पुरोला विधानसभा स्वर्ग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरोला:** जनपद के पुरोला विधानसभा क्षेत्र में विकास के बड़े-बड़े दावे बौने साबित हो रहे हैं। मोरी विकासखंड के लिवाड़ी गांव को जोड़ने वाला पुल पिछले चार वर्षों से अधर में लटका हुआ है, जिससे ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल का निर्माण कार्य करीब चार वर्ष पूर्व कार्यदायी संस्था ब्रिडकूल द्वारा शुरू किया गया था। शुरुआत में उम्मीद



जगी थी कि अब गांव की तस्वीर बदलेगी और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी, लेकिन समय बीतता गया और निर्माण कार्य कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया। आज हालात यह हैं कि पुल अधूरा पड़ा है और ग्रामीण उफनती धाराओं व खतरनाक रास्तों के सहारे रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने को मजबूर हैं। लिवाड़ी गांव निवासी जनक सिंह रावत ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। यहां तक कि जिलाधिकारी उत्तरकाशी को भी शिकायत भेजी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि हर चुनाव में नेता विकास के सपने दिखाते हैं, लेकिन हकीकत में गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक छोटा सा पुल चार वर्षों में पूरा नहीं हो पा रहा, तो सरकार और जनप्रतिनिधि किस मुंह से विकास के दावे करते हैं? क्या ग्रामीणों की जान की कोई कीमत नहीं है? बारिश के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब यह रास्ता जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों में भारी रोष है और वे अब इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उठाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका साफ कहना है कि यदि जल्द ही पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।

बल्कि उन नेताओं के दावों पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है, जो मंचों से विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई से आंखें मूंदे बैठे हैं।

बता दें कि स्थानीय नेता और ग्रामीण खुले आम बोल रहे हैं कि कार्यदाई संस्था ब्रिडकूल के अधिकारियों के लिए पुरोला विधानसभा स्वर्ग है । अधिकारी यहां खुले आम नियमों की उड़ा रहे हैं। अभी दो दिन पूर्व भी मोरी में बजरी के स्थान पर मिट्टी का प्रयोग किया गया था । सरकार ने समाचारों का संज्ञान लिया और ब्रिडकूल के प्रोजेक्ट मैनेजर को निलंबित किया था।

एक नजर .......

## श्रृंगार व पूजा-अर्चना के साथ मां डाट काली मंदिर में नवरात्र का शुभारंभ

**देहरादून।** चौत्र नवरात्रि विक्रम संवत् 2083 की प्रतिपदा पर गुरूवार को माँ डाट काली मनोकामना सिद्धपीठ पर भक्तों का ताँता लगा रहा। प्रातः 7 बजे से माता रानी का भव्य श्रृंगार प्रारंभ हुआ, पूरे मंदिर प्रांगण को भव्य फूलो से सजाया गया। उसके बाद महंत रमन प्रसाद गोस्वामी के ज्येष्ठ पुत्र शुभम गोस्वामी , कनिष्ठ पुत्र संयम गोस्वामी ने मंदिर प्रांगण में सभी भक्तों के लिए माँ डाट वाली से पूजा अर्चना के द्वारा भक्तों की मंगलकामना की प्रार्थना की। पूजा अर्चना पंडित अनूप ममगाई, पंडित शैलेंद्र थपलियाल, पंडित प्रवीण जुयाल ने कराई। माँ डाट काली के सेवादार गौरव कुमार ने बताया की माता रानी के नवरात्रो के नौ दिन माता रानी की विशेष पूजन किया जाएगा एंव प्रतिदिन माता की चौकी एंव प्रसाद वितरित किया जाएगा। नवमी को हवन पूजन के बाद नवरात्रो का परायण होगा। इस अवसर पर सेवा दल के दिनेश अग्रवाल(टीटू भाई), नरसिंह दास, गौरव कुमार, हरीश मारवाह, श्रवण वर्मा, वासु परविंदा, गौतम प्रजापति, विक्की खत्री, नीरज गोस्वामी, लक्ष्य बजाज व श्लोक गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण नशामुक्ति रैली आयोजित

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम द्वारा स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

टीम लीडर सब-इंस्पेक्टर राजकुमार के नेतृत्व में आपदा के समय त्वरित कार्रवाई, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव तथा राहत कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने स्वयंसेवियों से आपदा के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान पुरोड़ी (न्यू चकराता) क्षेत्र में नशामुक्ति जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम एनएसएस अधिकारी डॉ. पवन कुदवान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. सुदिप्ता कण्डारी, मनोज जोशी, अर्जुन रावत, विनोद जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनता का भरोसा: मजबूती से हो रहा यूकेडी के पक्ष में

विकासनगर। डाकपत्थर रोड, विकासनगर स्थित उत्तराखंड क्रांति दल के कैंप कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र गुलेरी ने की, जबकि संचालन केंद्रीय संगठन मंत्री मनोज कंडवाल द्वारा किया गया।बैठक के दौरान संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सौरभ उनियाल को ब्लॉक अध्यक्ष तथा श्री अरविन्द तोमर को नगर कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में शैलेन्द्र गुलेरी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उत्तराखंड क्रांति दल के प्रति जनसमर्थन निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दल प्रदेश की अस्मिता, स्वाभिमान और जनहित से जुड़े मूल मुद्दों को लेकर सदैव प्रतिबद्ध रहा है और आज पुनः जनता का भरोसा मजबूती से दल के पक्ष में स्थापित हो रहा है।

# पछवादून में आरएसएस ने किया हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विकासनगर की पांच इकाइयों ( विकासनगर, कालसी, धर्मावाला, हरबर्टपुर) के द्वारा हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा उत्सव के भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया।इस अवसर पर संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को 'आद्य सरसंघचालक प्रणाम' अर्पित किया। उसके पश्चात नगर में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह प्रान्त शारीरिक प्रमुख आशीष ओबरॉय ने कहा-चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से नए संवत्सर की शुरुआत होती है, जिसे हिंदू नववर्ष कहा जाता है. यह दिन अत्यंत पवित्र माना जाता है और इस दिन से ही चौत्र नवरात्रि का भी आरंभ होता है। हिंदू धर्म में इस समय को अत्यंत शुभ और सृजनशीलता से परिपूर्ण माना जाता है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही की थी। भगवान राम का राज्याभिषेक भी चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को हुआ था। ओबरॉय ने कहा महाभारत के अनुसार, इसी दिन युधिष्ठिर का राजतिलक भी हुआ था। माता दुर्गा ने राक्षसों का संहार करने के लिए इसी दिन नौ दिनों तक युद्ध किया था, जिससे नवरात्रि की शुरुआत हुई।

चौत्र नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिससे भक्तों को आत्मबल, शक्ति और शुद्धता प्राप्त होती है. यह समय आध्यात्मिक साधना और आत्मनिरीक्षण के लिए भी सर्वोत्तम माना जाता है। इसलिए यह दिन हिन्दू समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी शुभ तिथि को हुआ था। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. विजय पुरोहित, डॉ. विजय जैन जिला संघचालक, देवराज नगर संघ चालक, पुष्पराज सह विभाग प्रचारक, सौरभ सहविभाग कार्यवाह, रविन्द्र, जिला विद्यार्थी प्रचारक अंकुश, संदीप महावर, गोपाल, विक्रम, हंसराज, आशीष, मनोज, अक्षय, संजू राणा, सुनील, डॉ. वैभव प्रताप, दिनेश, विष्णु नौटियाल, शिव प्रसाद पुरोहित, अटल तथा अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# पैनखंडा में बसंत नवरात्र का आगाज भजन-कीर्तन से गूंजा मां गढ़ी भवानी का दरबार

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली:** जोशीमठ विकासखंड के पैनखंडा स्थित सिद्धपीठ मां गढ़ी भवानी मंदिर में बसंत नवरात्रि के पहले दिन भक्तिभाव का अद्भुत माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंची महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस अवसर पर पीपलकोटी की धनेश्वरी कीर्तन मंडली की महिलाओंख्रसंगीता देवी, सुनीता देवी, भावना, रूचि और राधा देवी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। भजनों की मधुर धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु भी भाव-विभोर होकर मां की भक्ति में लीन नजर आए।

मंदिर को आकर्षक रूप से फूलों और झालरों से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और सभी ने मां भगवती के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

बसंत नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह का संचार देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में भी मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन जारी रहेंगे।

# पूर्व काबीना मंत्री ने नशे से होने वाले नुकसान की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** स्मैक और ड्रग्स के खिलाफ महाआंदोलन में पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात के नेतृत्व में विकासनगर मुख्य बाजार में स्मैक और ड्रग्स के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया और लोगों से अपील की गई कि जहां-जहां यह बिक रहा है उनके खिलाफ आवाज उठाएं।उन्होंने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। नव प्रभात ने कहा कि हमारे क्षेत्र में नशे ने जड़े जमा ली हैं जिसके लिए आम आदमी को जागरूक होना जरूरी है साथ उन्होंने कहा कि नशा बेचने वाला व्यक्ति कभी समाज के बारे में नहीं सोचता। कहा हमारे युवा पीढ़ी को सोचना चाहिए कि नशे के सौदागर हमारे युवा शक्ति को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ उनकी मुहिम लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा शासन प्रशासन शीघ्र ध्यान दें। कहा अब यह मुहिम जब तक चलेगी जब तक नशे को उखाड़ नहीं फेंकेगे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय किशोर, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा, प्रेम प्रकाश अग्रवाल पीसीसी सदस्य संजय जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश, बलजीत सिंह, जावेद खान, मुनीर अहमद, नगर पालिका के उपाध्यक्ष अनुपम कपिल, जिला पंचायत सदस्य अजमेर राठौर, जितेंद्र रावत, फुरकान अहमद, नीरज रोहिल्ला, अभिषेक चौहान, सदाकत अली जेदी, साजिद अहमद, राजीव शर्मा, सभासद भारत कालरा, तनवीर आलम, मनजीत चावला बबला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र पर मन्दिरों में उमड़ी श्रद्धलुओं की भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिन जिले भर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं ने मंदिरों का रुख किया और पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। विशेष रूप से जिले के प्रमुख सिद्धपीठों और मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

गुरूवार को खराब मौसम और ठंड के बावजूद ऊंचाई पर स्थित सिद्धपीठ मां सुरकंडा देवी, मां कुंजापुरी देवी और मां चंद्रबदनी देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचे। कई श्रद्धालु तड़के ही पैदल यात्रा कर सिद्धपीठों तक पहुंचे और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नवरात्रि के शुभारंभ पर ग्रामीण अपने घरों से जौ (हरियाली) लेकर मंदिर पहुंचे, जिसे पारंपरिक रूप से बोया जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मन्नतें मांगीं। मंदिर परिसरों में सुबह से ही धार्मिक माहौल और चहल-पहल बनी रही। विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही यज्ञ-हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वहीं, देवप्रयाग संगम पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली, जहां लोगों ने गंगा में पवित्र स्नान कर नवरात्रि की शुरुआत की। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। कई स्थानों पर नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, जागरण कार्यक्रम भी शुरू हो गए है।

# भाईचारा बढ़ाने के लिए रोजा इफ्तार का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** आपसी सौहार्द और भाईचारें के लिए उत्तराखंड इंसानियत मंच की ओर से आयोजित रोज इफ्तार पार्टी में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राज्य में बढ़ती साम्प्रदायिक घटनाओं पर चिन्ता जताई गई और उम्मीद जताई गई कि राज्य सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।परेड ग्राउंड के पास समा. जवादी पार्टी के कार्यालय में आयोजित रोज इफ्तार की दावत से पहले साम्प्रदायिक सौहार्द्र को लेकर एक गोष्ठी भी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में महिला मंच की कमला पंत ने कहा कि हमें लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए, जिससे समाज में संदेश जाए कि उत्तराखंड वास्तव में वैसा नहीं है, जैसा उसे दिखाया जा रहा है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. रवि चोपड़ा ने कहा



कि मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदाय के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उत्तराखंड इंसानियत मंच से जुड़ना चाहिए, ताकि मिलजुल कर साम्प्रदायिक के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सके।राज्य आंदोलनकारी और यूकेडी नेता लताफत हुसैन ने कहा कि उत्तराखंड में कभी ऐसा माहौल पहले कभी रहा रहा।

उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए खतरनाक है। एडवोकेट रजिया बेग ने कहा ने कहा कि जो कुछ फिलहाल उत्तराखंड में हो रहा है, वह बेहद खतरनाक है। राज्य सरकार को इस तरफ ध्यान देना होगा। हरिओम पाली ने कहा कि हमें एक-दूसरे के धर्म और परम्पराओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी लेनी चाहिए, ताकि यदि कोई दूसरे धर्म के बारे में गलत बयान दे रहा हो तो उसे सुधारा जा सके। समाजवादी पार्टी के डॉ. एसएन सचान ने भी सभी धर्मों का आदर करने पर जोर दिया।

रोजा इफ्तार पार्टी में धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही वकील, पत्रकार, राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से तौकीर हुसैन, शहजाद पहाड़ी, मो. असद, शहरयार खान, मंजूर बेग, एसएमए काजमी, फैजल, एजाज अहमद, शाइना, आशिमा, शमीना मलिक, हिना आजमी, शाह नजर, रूहिना इशावर, दानिश, पार्षद इलियाज अहमद, काफीम अली, इंद्रेश मैखुरी, सतीश धौलाखंडी आदि मौजूद थे। उत्तराखंड इंसानियत मंच की ओर से प्रो. राघवेन्द्र, विमला कोली, नन्द नन्दन पांडेय, त्रिलोचन भट्ट, वीके डोभाल, निर्मला बिष्ट, जो चोपड़ा आदि इस मौके पर मौजूद थे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल के सर्टिफिकेट में मेरा नाम प्रकाश चन्द्र पुत्र श्री नन्दराम अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम प्रकाश चन्द्र पुरो. हित S/O श्री नन्दराम पुरोहित दर्ज है, मेरा सरनेम पुरोहित है, अब सभी दस्तावेजों में मेरा नाम में प्रकाश चन्द्र पुरोहित S/O श्री नन्द राम पुरोहित से जाना एवं पहचाना जाए।

**प्रकाश चंद्र पुरोहित पुत्र श्री नंदराम पुरोहित निवासी तुनवाला पोस्ट ऑफिस रांझावाला देहरादून उत्तराखंड**

## ईद-उल-फितर को लेकर गंगनहर, झबरेड़ा, भगवानपुर व बुग्गावाला थाने में शांति समिति की बैठक

# आपस में मिलजुलकर भाईचारे से मनाएं त्यौहार : एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी। झबरेडा/भगवानुपर/बुग्गावाला।** ईद-उल-फितर के त्यौहार को लेकर एसएसपी नवनीत सिंह ने सभी जनपद के थानेदारों को निर्देश दिये हैं कि वह अपने अपने क्षेत्रों में ईद उल फितर को शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र के सर्व समाज के जिम्मेदारों के साथ वार्ता कर के त्यौहार को आपस में भाईचारे के साथ मनायें। साथ ही एसएसपी नवनीत सिंह ने तमाम जनपदवासियों से आहवान किया है कि त्यौहार आपस में मिलजुलकर मनायें एक दूसरे की खुशियों में शामिल हों वहीं अपने अधिनस्थों को हिदायत दी है कि वह नमाज के वक्त ईदगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रखें।



जानकारी के अनुसार आगामी ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु कोतवाली रुड़की एवं कोतवाली गंगनहर क्षेत्र के पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, संभ्रात व्यक्तियो एवं क्षेत्र में पड़ने वाली मस्जिद के ईदगाह के इमाम मौलवियों के साथ ईद-उल-फितर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने जाने हेतु गोष्ठी ।आयोजित की गयी। आज दिनांक 19.3.2026 को कोतवाली गंग नहर में आने वाले त्योहार ईद उल फितर के विषय में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय, पुलिस उपाधीक्षक रुड़की महोदय एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंग नहर के द्वारा कोतवाली रुड़की एवं कोतवाली गंग नहर में पड़ने वाली मस्जिदों एवं ईदगाह के मौलवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को बुलाकर मीटिंग ली गई सभी को श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय द्वारा शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण तरीके से ईद मनाने के लिए कहां गया ईदगाह में सभी नमाजियों के लिए ईदगाह के अंदर ही व्यवस्था बनाए जाने हेतु बताया गया ईद के त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बताया गया थाना झबरेड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के आदेशानुसार थानाध्यक्ष झबरेड़ा द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत आगामी ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, सीएलजी मेंबरों, ग्राम प्रधानों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान सभी से क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी भाईचारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही उपस्थित सभी व्यक्तियों को सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने एवं किसी भी भ्रामक सूचना को बिना पुष्टि के साझा न करने के लिए जागरूक किया गया। हरिद्वार पुलिस द्वारा सभी से सहयोग की अपील करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आग्रह किया गया।



**वहीं भगवानपुर में** कोतवाली पुलिस ने ईद के त्यौहार को से कुशल संपन्न करने के लिए थाने में सीएलजी मेंबरों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर मिलजुल त्योहार मनाने की अपील की गई। बृहस्पतिवार को कोतवाली भगवानपुर परिसर में आगामी ईद-उल-फितर के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में सी०एल०जी मेंबर व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्षेत्राधिकारी मंगलौर द्वारा सभी सी०एल०जी० मेंबर व जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए ईद के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपसी सौहार्द बनाये रखने व पुलिस/प्रशासन के साथ सहयोग करने अपील की गई। गोष्ठी में मौजूद व्यक्ति द्वारा भी ईद-उल-फितर को सकुशल संपन्न कराएं जाने एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

**❖अधीनसस्थों को निर्देश: ईदगाहों पर नमाज के वक्त सुरक्षा व्यवस्था का रखा जाए ख्याल : कप्तान**



**वहीं दूसरी ओर बुग्गावाला थाना** क्षेत्र में ईद उल फितर के त्यौहार को लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के साथ वार्ता कर त्यौहार को शांतिपूर्ण सद्भाव के साथ आपस में मिलजुल कर बनाने के लिए वार्ता की गई। प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा थाना हाजा पर आगामी ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के परिपेक्ष्य में थाना हाजा के सीएलजी मेम्बर, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, व क्षेत्र के संम्भ्रात व्यक्तियो के साथ थाना प्रांगण में गोष्ठी आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक, द्वारा सभी सी0एल0जी0 मैम्बर्स, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधानो,व सम्भ्रांत व्यक्तियों ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर कार्यक्रम को शान्ति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराये जाने की अपील की गयी । तथा उक्त पर्व के दौरान प्रशासन द्वारा दिए गए आदेशो/निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देशित किया गया जिसमे सभी के द्वारा सहमति जाहिर की गयी।

## स्कूल में पेपर देकर निकले छात्रों पर झोंके फायर, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** होली एंजिल पब्लिक स्कूल के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब पेपर देकर निकल रहे दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उनको गिरफ्तार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पारस पुत्र कमल नारायण सिंह और तरुण जैसे ही स्कूल से बाहर पेपर देकर निकले, पहले से घात लगाए बैठे आधा दर्जन युवकों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, जिससे दोनों की जान बाल-बाल बच गई।गोली का निशाना चूकने के बाद हमलावरों ने दोनों युवकों को घेर लिया और बेरहमी से पिटाई की, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं इस घटना से आने जाने वाले राहगीरों व स्कूल के बच्चों में अपरा तफरी मच गई। घटना के बाद कमल नारायण सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह वार्ड नंबर 5 लकसरी नगर पालिका परिषद लक्सर कोतवाली ने पुलिस में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उनको गिरफ्तार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया है।

## भगवानपुर पुलिस ने नवरात्र व रमजान के अवसर पर

# गुम हुए मोबाइल फोन स्वामियों को वापस लौटाकर दिया तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने नवरात्र का ईद के मौका पर उनके खोए हुए मोबाइल लौट कर उन्हें बड़ा तोहफा दिया है। भगवानपुर क्षेत्र अधिकारी की उपस्थिति में लोग अपने खोए हुए मोबाइल पाकर खुश हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने नवरात्र का ईद के मौका पर उनके खोए हुए मोबाइल लौट कर उन्हें बड़ा तोहफा दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद हरिद्वार के निर्देशानुसार ब्म्त पोर्टल पर प्राप्त गुमशुदा मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शत-प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए सीआईईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर 25 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 06 लाख है, विभिन्न राज्यों से बरामद किए गए। आज दिनांक 19.03.2026 को नवरात्रि एवं रमजान के पावन अवसर पर कोतवाली भगवानपुर परिसर में क्षेत्राधिकारी मंगलौर की उपस्थिति में गुम हुए मोबाइल फोन उनके स्वामियों को लौटाए गए। अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर फोन स्वामियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी और त्योहार के इस अवसर पर उनकी खुशियां दोगुनी हो गईं।

**❖सीआईईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों से बरामद किए करीब 06 लाख रूपये के 25 मोबाइल फोन**

## नकदी व ताश के पत्ते सहित चार जुआरी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगानगर कोतवाली पुलिस ने 5000 की नगदी व ताश के पत्ते सहित चार जुआरियों को जुआ खेलते हुए दबोच कर गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद हरिद्वार के निर्देशानुसार जनपद में अवैध गतिविधियों जैसे स्मैक, चरस, गांजा, सट्टा एवं जुआ खेलने/खिलाने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग टीमों का गठन कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मच्छी चौक के पास आजम पहलवान की मुर्गे की दुकान के समीप छापेमारी की गई, जहां कुछ व्यक्ति प्लास्टिक बिछाकर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से 04 आरोपियों को हिरासत में लिया उनके कब्जे से ताश के पत्ते व 5000 नगद बरामद किए। उक्त संबंध में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 0103/2026 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। नाम पता आरोपित-नौशाद पुत्र शफीक, उम्र 35 वर्ष, जाबर पुत्र हासिम, उम्र 30 वर्ष, इस्तकार पुत्र मुख्तीयार, उम्र 29 वर्ष, नदीम पुत्र खलील अहमद, सभी निवासी मच्छी मौहल्ला माही ग्रान, कोतवाली रुड़की, हरिद्वार के है।

## गैस की किल्लत, एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित गैस एजेंसी के बाहर गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की सोमवार को सुबह से ही लंबी लाइन लग गई। लाइन में महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित थी।बाद मे आधे से अधिक लोगों को बिना गैस सिलेंडर मिले ही दोपहर को अपने घर मायूस होकर वापस खाली हाथ जाना पड़ा। कस्बा झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र में एक ही गैस एजेंसी कस्बे में है। इसी एक एजेंसी पर पूरा कस्बा सहित ग्राम कोटवाल आलमपुर ग्राम भक्तों वाली ग्राम सुल्तानपुर ग्राम कुशालीपुर ग्राम शेरपुर खेल



मऊ ग्राम सदोली ग्राम खरकड़ी ग्राम साबतवाली आदि कई गांव के लगभग 50000 की जनसंख्या इसी गैस एजेंसी पर निर्भर है। सरकार द्वारा गैस सिलेंडर लेने के लिए 25 दिन का समय मिलने का नियम लागू कर दिया गया है। 25 दिन में गैस सिलेंडर मिलने का नियम लागू होते ही उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। गैस सिलेंडर लेने वालों में गैस सिलेंडर लेने के लिए होड सी मच गई। सोमवार सुबह से ही गैस एजेंसी के बाहर लोगों की भारी भीड़ लग गई। भीड़ को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस की तैनाती करनी पड़ी। नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी व कांग्रेस ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर गौरव चौधरी द्वारा गैस एजेंसी पर आकर गैस एजेंसी संचालक व नोडल अधिकारी हर्षवर्धन रावत से बात की गई। गैस लेने के लिए लाइन में खड़े लोगों से नोडल अधिकारी हर्षवर्धन रावत ने कहा कि गैस की कलाबाजादी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नोडल अधिकारी हर्षवर्धन का कहना है कि गैस सिलेंडर की कोई भी कमी नहीं है। सभी को बारी से गैस सिलेंडर मिल रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए बाबूराम नवीन कुमार रोहित कुमार नरेश राजू सिंह राजवीर सिंह चौधरी बिरम सिंह आदि का कहना है कि वह गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर सुबह आए थे। दोपहर तक लाइन में लगने पर भी केवाईसी करने की बात कह कर उन्हें खाली हाथ वापस घर जाना पड़ रहा है।

## शहर व देहात में चैत्रीय नवरात्र का शुभारंभ

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में चौत्रीय नवरात्र के शुभारंभ मैं मां भगवती के भक्तों द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद अपने-अपने घरों में घट स्थापना करते हुए प्रथम शैलपुत्री माता की पूजा अर्चना की गई। गुरुवार से चैत्रीय नवरात्र का शुभारंभ होते ही कस्बा व क्षेत्र में स्थापित मंदिरों की साफ-सफाई कर मुख्य रूप से सजाया गया था। गुरुवार तड़के से ही कस्बे में स्थित प्राचीन नंदा वाला बाग में स्थित भगवान शिव व माता भगवती मंदिर में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद अपने घरों में भी नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हुए सुख शांति की कामना की गई।

## गोकशी मामले में वांछित को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंग नहर पुलिस ने गोकशी के मामले में वांछित चल रहे है आरोपी को दबोच कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद हरिद्वार के निर्देशानुसार गौकशी एवं अवैध पशु तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक मनी भूषण श्रीवास्तव द्वारा टीम गठित कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। मुखबिर की सूचना पर माधोपुर (सालियर क्षेत्र) स्थित एक घर में छापेमारी कर दो आरोपियों को लगभग 110 किलोग्राम गोमांस एवं गोकशी के उपकरणों सहित हिरासत में लिया गया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 94/2026 धारा 3/5/11 गौवंश अधिनियम पंजीकृत किया गया। लगातार दबिश एवं तलाश के बाद मुखबिर की सूचना पर फरार वांछित आरोपी गयूर पुत्र हसन निवासी माधोपुर, रुड़की को नहर पटरी कब्रिस्तान के पास से हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उ0नि0 राजीव उनियाल, हे0का0 ज्ञानचंद, हे0का0 संदीप यादव आदि शामिल रहे।

## दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न में 8 के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दहेज के लिए विवाहिता का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने व जबरन उसका गर्भपात कराने के दबाव के आरोप में 8 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र की एक गर्भवती महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने और जबरन गर्भपात कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए आठ पर मुकदजा दर्ज किया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में शामिल 4 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में टार्बेट कार्रवाई करते हुए शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली भगवानपुर में वादी द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री, जो एक निजी संस्थान में अध्ययनरत है, के साथ आरोपियो द्वारा नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। तहरीर के आधार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा डिजिटल साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 18.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भगवानपुर हाईवे स्थित राणा कैफे के पास से 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। नाम पता आरोपित-दानिश पुत्र फरमान, निवासी छिदबना, थाना रामपुर मनिहारन, सहारनपुर (उ.प्र. ), आजम पुत्र तहसीन, निवासी मोहल्ला टोली, कोतवाली मंगलौर, हरिद्वार, शोयब पुत्र मुर्तजा, निवासी ग्राम शाहपुर, भगवानपुर, हरिद्वार, उमर उर्फ अमन पुत्र मुर्तजा, निवासी ग्राम शाहपुर, भगवानपुर, हरिद्वार पुलिस टीम-राजीव रौंथाण, प्रभारी निरीक्षक, व0उ0नि0 अंकुर शर्मा, उ0नि0 मुकेश नोटियाल, हे0का0 ललित यादव, का0 उबैद, का0 मदन शामिल रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के सिविल लाइन में नए परिसर का उद्घाटन

# साफ-सुथरा परिसर ग्राहकों को आकर्षित करता है : प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की स्थित बैंक आफ बड़ौदा सिविल लाईन के नये परिसर का प्रतीक अगनिहोत्रि महाप्रबंधक व अंचल प्रबंधक बरेली अंचल ने उदघांटन किया साथ अरविन्द जोशी क्षेत्रीय प्रबंधक देहरादून भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन व सभी का स्वागतश्री प्रवीणसिंह मुख्य प्रबंधक रुड़की शाखा ने किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रतीकअग्निहोत्री ने सभी ग्राहको व स्टाफ को संबोधित करते हुए उन्होंने स्टाफ सदस्यो को सुझाव दिया कि बेहतर ग्राहक सेवा साफ सुथरा परिसर हमें अपने ग्राहको को आकिषित करने में सहयोगी होता है तथा उन्होंने ग्राहको हेतु विभिन्न योजनाओ के बारे में भी बताया जिसमें महिला सशक्तिकरण हेतु योजनाओ की जानकारी दी तथा व्यापारी बंधुओ के लिये व्यवसायी ऋण कार ऋण उनके बच्चो हेतु शिक्षा ऋण तथा उद्योग लगाने हेतु विभिन योजनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुनीत चुग, उपक्षेत्रीय प्रबंधक राकेश



कुमार, मुख्य प्रबंधक मयक कुमार, प्रबंधक नीरज अरोड़ा, श्री अखिलेश रावत, ऋचा गुप्ता, नेहा त्यागी, चन्द्रकान्ता, रविकान्त र्शर्मा सुमित कुमार एवं अनिल कमार इत्यादि अनेक ग्राहक भी उपस्थित थे।

# ज्ञानदीप स्कूल को मिली इंटरमीडिएट की मान्यता

## विद्यालय छात्रों को दे रहा शिक्षा का बेहतर वातावरण : पंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिवपुरम पनियाला रोड स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल को आधिकारिक तौर पर इंटरमीडिएट स्तर की मान्यता प्राप्त हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर डॉ. बी.सी. चौबे (सहायक निदेशक-विधि, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखंड सरकार), प्रो. गोविंद पाठक (सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी, उत्तराखंड) और प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार डोबरियाल (सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखंड) ने विद्यालय में आकर



विद्यालय प्रबंधक वासुदेव पंत एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत से भेंट की तथा उन्हें स्वयं विद्यालय इंटरमीडिएट मान्यता पत्र सौंपा और इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक वासुदेव पंत ने कहा कि विद्यालय निरंतर छात्रों को उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने की ओर अग्रसर है तथा भविष्य में छात्रों को नये अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डॉक्टर प्रमोद डोबरियाल ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन किया।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

**शुक्रवार, 20 मार्च 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता कब

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खासतौर पर एलपीजी की आपूर्ति को लेकर देश में चिंता बढ़ गई है। उत्पादन बढ़ाने और कई सख्त कदम उठाने के बावजूद गैस की कमी और कालाबाजारी की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है। इस स्थिति का सीधा असर छोटे कारोबारों और उनसे जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। ऐसे हालात में सरकार पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी को लंबे समय के समाधान के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि आयात पर अत्यधिक निर्भरता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जैसे-जैसे पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा खिंच रहा है, वैसे-वैसे भारत में एलपीजी को लेकर संकट भी गहराता जा रहा है। सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि मौजूदा स्थिति चिंता पैदा करने वाली है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद देश की रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और घरेलू उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि भी की गई है। इसके बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है और कई जगहों पर गैस की कमी महसूस की जा रही है। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानी ईएसएमए लागू किया हुआ है, ताकि गैस की आपूर्ति बाधित न हो। इसके बावजूद देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई हो रही है, जो इस बात का संकेत है कि अवैध तरीके से गैस की बिक्री और जमाखोरी अब भी जारी है। कमर्शियल एलपीजी की कमी का सबसे ज्यादा असर होटल, रेस्तरां, ढाबों और छोटी-छोटी खाने-पीने की दुकानों पर पड़ा है। कई जगहों पर ए व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं या अस्थाई रूप से बंद हो चुके हैं। इसका परिणाम यह है कि इनसे जुड़े लाखों लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। सरकार फिलहाल इस बात को प्राथमिकता दे रही है कि देश के घरों में रसोई गैस की आपूर्ति किसी भी हाल में बनी रहे और आम लोगों को परेशानी न हो। इसके साथ ही सरकार लोगों और राज्यों को पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुए संकट ने भारत को यह सो. चने का मौका दिया है कि उसे अपनी ऊर्जा जरूरतों और आयात पर निर्भरता को किस तरह संतुलित करना चाहिए। एलपीजी से पीएनजी की ओर बढ़ना केवल वर्तमान संकट से निपटने का उपाय नहीं है, बल्कि भविष्य में भी यह देश के हित में साबित हो सकता है। भारत में इस समय करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है। समस्या यह है कि इस आयात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा उस समुद्री मार्ग से आता है, जो इस समय अस्थिरता की वजह से प्रभावित है। दूसरी ओर अगर प्राकृतिक गैस की बात करें तो देश अपनी जरूरत का लगभग आधा हिस्सा खुद ही उत्पादन कर लेता है। जो गैस आयात की जाती है, उसके स्रोत और रास्ते भी अपेक्षाकृत विविध हैं, इसलिए किसी एक मार्ग में बाधा आने से पूरी आपूर्ति पर उतना बड़ा असर नहीं पड़ता। यही कारण है कि पीएनजी को भविष्य के लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में वहां कितनी स्थिरता बनी रहेगी। ऐसे में भारत अपनी घरेलू जरूरतों को किसी अस्थिर क्षेत्र के अनिश्चित भविष्य पर निर्भर नहीं छोड़ सकता।

## राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात



भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें, राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है, एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है, उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए, भारतीय जनता पार्टी उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है, वे चाहते हैं कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर हैं, इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# दुनिया के लिए मौन चेतावनी है गौरैया पर मंडराता संकट





**योगेश कुमार गोयल**

**गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।**

पक्षी पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, उनकी उपस्थिति हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरैया, जो कभी हर आंगन, छतों तथा बगीचों में चहकती थी और हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी, आज दुर्लभ होती जा रही है। यह प्यारा सा पक्षी, जो हमारे घरों और आसपास के पेड़-पौधों पर बसेरा करता था, अब विलुप्ति के कगार पर है और इसकी चहचहाहट सुनने को कान तरस जाते हैं। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट से दिलोदिमाग को सुकून मिलता था लेकिन अब यह चहचहाहट कहीं गायब सी हो गई है। गौरैया का भारतीय लोककथाओं और कविताओं में विशेष स्थान रहा है और यह हमारी भावनाओं और जीवन के दैनिक अनुभवों का हिस्सा रही है। करीब दो दशक पहले तक यह चिड़िया हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है।

भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी गौरैया की संख्या काफी कम हो गई है। नीदरलैंड में तो गौरैया को 'दुर्लभ प्रजाति' की श्रेणी में रखा गया है, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य जैसे देशों में भी इनकी संख्या तेजी से घट रही है। कई पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। लोगों को गौरैया के तेजी से घटते अस्तित्व के बारे में जागरूक करने और उसके संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 2010 में 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' द्वारा शुरू किया गया था, जिसकी स्थापना प्रसिद्ध भारतीय पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर ने की थी। यह दिन न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां कितनी महत्वपूर्ण हैं।

गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अन्य प्राणियों के लिए भोजन के स्रोत के रूप में भी कार्य करती है। गौरैया जैसे छोटे से पक्षी का इस तरह गायब होते जाना पर्यावरण में आ रहे गंभीर परिवर्तनों का संकेत है। शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण गौरैया के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं। पेड़ों की कटाई और पारंपरिक घरों की जगह कंक्रीट के भवनों ने इनके घोंसले बनाने की जगह को सीमित कर दिया है। वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन भी इनके अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग के कारण गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता कम होती जा रही है।

पिछले दो-ढाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। इसी का असर गौरैया पर भी बड़े पैमाने पर पड़ा है। भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोंसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी आदि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। गौरैया की आबादी घटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कई बार उनके घोंसले सुरक्षित स्थानों पर नहीं होने के कारण कौए तथा दूसरे हमलावर पक्षी उनके अंडों तथा बच्चों को खा जाते हैं। आज की पीढ़ी प्रकृति और पक्षियों से दूर होती जा रही है। गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता की कमी भी इसके अस्तित्व के लिए एक चुनौती है। गौरैया के संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। पारंपरिक घरों की संरचना को ध्यान में रखते हुए घोंसला बनाने के लिए स्थान प्रदान करने की भी आवश्यकता है। कृषि में जैविक तरीकों को अपनाकर कीटनाशकों के उपयोग को कम किया जा सकता है, जिससे गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी। गौरैया को घोंसला बनाने में मदद करने के लिए लकड़ी या मिट्टी के छोटे घर बनाए जा सकते हैं। घर के आंगन या छतों पर अनाज और पानी रखने से गौरैया को भोजन प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। इसके अलावा मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक रेडिएशन को नियंत्रित करने के लिए सरकार को सख्त नियम लागू करने चाहिएं। गौरैया संरक्षण के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जरूरत है। हालांकि भारत सरकार और वन्यजीव संरक्षण संगठनों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गौरैया की संख्या बढ़ाना और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना है। नेचर फॉरएवर सोसायटी, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी तथा अन्य संगठनों ने गौरैया संरक्षण के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। स्थानीय समुदायों और कुछ स्वयंसेवी संगठनों द्वारा घरों और सार्वजनिक स्थानों पर गौरैया के लिए घोंसले बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाने और इनका दायरा बढ़ाए जाने की बड़ी जरूरत है क्योंकि यदि हम अभी प्रयास नहीं करेंगे तो भविष्य में यह पक्षी केवल किताबों और कहानियों में ही बच पाएगा। इसलिए हमें मिलकर गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे ताकि गौरैया की चहचहाहट फिर से हमारे आंगन और बगीचों में गूंज सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने ही बुने जाल में फंसा अमेरिका

**अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**



तानाशाही और परमाणु हथियार बनाने का आरोप और इजरायल को ईरान के खिलाफ भड़काकर अमेरिका अब होने ही बुने जाल में फंस गया हैं, अब अमेरिका की हालत सांप के छछूंदर पकड़कर न निगलने वाली हों गई हैं, ए भी कह सकते हैं कि अमेरिका रणनीतिक जाल में फंसा महसूस कर रहा है, जहां से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इजराइल के साथ मिलकर शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के बाद से लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका की स्थिति एक ऐसी हड्डी जैसी हो गई है जिसे न उगला जा सकता है और न निगला। विशेषज्ञ राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम को एक ऐसे जाल के रूप में देख रहे हैं, जहां ईरान के साथ बातचीत के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।बारूदी सुरंगों के बीच फंसे अमेरिका के पास हथियारों की कमी और युद्ध की अनिश्चितता एक बड़ी चुनौती बन गई है। यह युद्ध सिर्फ ईरान तक सीमित न रहकर पूरे पश्चिम एशिया में फैल रहा है, जिससे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज द्धैजतंपज वा भ्वतउन्रक्ष पर हमलों के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है, युवा सैनिकों को युद्ध में भेजने के मुद्दे पर अमेरिका में ही असहमति के स्वर उठ रहे हैं और पूर्व अधिकारियों के इस्तीफे भी सामने आ रहे हैं। रूसी हथियारों के दम पर ईरान आसानी से पीछे हटने वाला नहीं है, जिससे यह संघर्ष एक लंबी और विनाशकारी जंग में तब्दील हो रहा है। मार्च 2026 के मध्य तक चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष में अब तक लगभग 1,500-2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 1,300 से अधिक ईरानी, अमेरिकी सैनिक और इजरायल व खाड़ी देशों के अन्य नागरिक शामिल हैं। यह संघर्ष अभी भी जारी है, जिसमें हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव (2026) एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है। इस लड़ाई में अरब देश, जैसे कतर और बहरीन, अमेरिकी और इजरायली खेमे में और मजबूती से जुड़ सकते हैं, जिससे क्षेत्र में ईरानी प्रभाव को कम करने का प्रयास होगा। ईरान और अमेरिका के बीच ड्रोन हमलों के अलावा, बुनियादी ढांचे (जैसे जल संयंत्रों) को निशाना बनाकर जल युद्ध का खतरा भी बढ़ रहा है। इस युद्ध से ऐसा लग रहा हैं कि अमेरिका और ईरान के संबंध आने वाले समय में तनावपूर्ण बने रहेंगे और इसके सीधे असर मध्य पूर्व की सुरक्षा और तेल आपूर्ति पर पड़ने की सम्भावना हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध और भारत को लेकर पूर्व सैनिकों की चिंता



**रजनीश कपूर**



आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है . तेल का दाम। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमे. रिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। मार्च 2026 की शुरुआत में ही सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत ईरान के कई बड़े नेता मारे गए। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध दो सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, को बंद किए जाने का खतरा भी मंडरा रहा है।

दुनियाभर के युद्ध व कूटनीति विशेषज्ञ इस पूरे मामले को लेकर काफी गंभीर हैं। भारत के बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी स्पष्ट शब्दों में इस युद्ध का विश्लेषण कर रहे हैं। सोशल मीडिया और टीवी पर उन्होंने बार-बार कहा, यह हमला गलत था। अमेरिका-इस्राईल ने ईरान को बहुत कम आंका। जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, सब सोच रहे थे कि ए केकवॉक होगा। लेकिन मैंने शुरू से चेता. वनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। यह असम. मित युद्ध लड़ेगा। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमेरिका-इजराइल के महंगे इंटरसेप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो रडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के रडार, थाड बैटरी, अमे. रिकी बेस और इजराइल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमेरिकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ट्रंप ने सोचा था कि खामेनी मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुईं, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब ए अस्तित्व की लड़ाई है। वे आगे कहते है, होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमेरिका के लिए बॉडी बैग्स सैनिकों की मौत मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकती है। ट्रंप फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था, लेकिन खत्म करना मुश्किल। ए 21वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है। एकध्रुवीय दुनिया खत्म हो रही है। बहुध्रुवीय दुनिया मजबूत हो रही है। साधारण भारतीय के लिए यह युद्ध दूर की बात नहीं। हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पेट्रोल 150-200 रूपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट ठप पद सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्गभी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संत. ुलन बनाए रखा है। इस युद्ध की बात करे तो, ईरान से हमें सस्ता तेल, इजराइल से हथियार और टेक्नोलॉजी और अमेरिका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमेरिका-इजराइल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इजराइल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहूके साथ ह्स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव कासमर्थन किया। खामेनी की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। जानकार मानते हैं कि भारत का ए फैसला गलत था, क्योंकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता खतरे में पड़ गई। हम BRICS के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इजराइल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम का मध्यस्थ बन सकते हैं। लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एक तरफा रुख अपनाया।

भारत को तटस्थ रहना चाहिए था। दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। मोदी जी को इजराइल जाने के बजाय दोनों देशों के नेताओं से फोन पर बात करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजेक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमे. रिका-इजराइल के साथ खड़े होने से फायदा होगा। लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमेरिका के खिलाफ हमारा रणनी. तिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारतफन्।क और ठत्प्ैदोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफ सुनी जाती, लेकिन क्या एक तरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी? मेजर जनरल बख्शी के अनुसार, यह मूर्खतापूर्ण युद्ध है। यह जल्द खत्म हो। भारत को अब अपनी गलती सुधारनी चाहिए। तटस्थ रहकर शांति की बात करनी चाहिए। ईरान से संबंध वापसी सुधारने चाहिए। तेल आयात के वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। भारत की विदेश नीति हमेशा ह्सभी के साथ, किसी के खिलाफ नहीं रही है। मोदी सरकार को इस सिद्धांत पर लौटना चाहिए। क्योंकि अंत में भारत का हित सबसे ऊपर है। सस्ता तेल, सुरक्षित नौकरियां और मजबूत अर्थव्यवस्था। युद्ध में किसी एक का पक्ष नहीं, बल्कि शांति का पक्ष लेना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**राजौरी। जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके लाल गुलाम पुल से गुजरता वाहन।**

## ईरान ने अमेरिका-इजरायल को गुप्त जानकारी देने के दोषी तीन को फांसी दी

**तेहरान।** ईरान ने पुलिस अधिकारियों की हत्या करने और इस साल की शुरुआत में हुई अशांति के दौरान अमेरिका और इजरायल के समर्थन में गतिविधियों को अंजाम देने के दोषी करार दिए गए तीन लोगों को गुरुवार को फांसी दे दी। ये सजाएं ऐसे समय में दी हैं, जब इजरायल-अमेरिका से ईरान का संघर्ष 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। न्यायपालिका की वेबसाइट 'मीजान ऑनलाइन' के अनुसार, इन तीनों व्यक्तियों को जनवरी की अशांति में शामिल होने के लिए सजा सुनाई गई थी। उन पर हत्या और 'जायोनी शासन' तथा अमेरिका के पक्ष में काम करने का आरोप था।

## कतर पर दोबारा हमला हुआ, तो पूरा गैस फील्ड उड़ा देंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायल द्वारा बुधवार रात ईरान के एक महत्वपूर्ण गैस केंद्र 'साउथ पार्स गैस फील्ड' पर हमला करने पर जवाबी हमले में ईरान ने कतर में एक प्रमुख एलएनजी सुविधा पर जवाबी हमला करने पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की चेतावनी दी कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो वे उसका पूरा गैस फील्ड को उड़ा देंगे जो ईरान ने कभी सोचा नहीं होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र सहित पड़ोसी देशों के ऊर्जा केंद्रों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिससे वहां की एलएनजी सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायल के हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में जो कुछ भी हुआ है, उससे 'गुस्से में आकर' इजरायल ने हिसक तरीके से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हिसक हमला किया है।

# टैरिफ गेम का पड़ रहा अमेरिका में उलटा असर

## अमेरिकी उद्योगों को नुकसान, देश का श्रमिक वर्ग भी नाराज

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अमेरिकी जजों की भी निंदा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस मुद्दे पर अपने ही देश में अपने ही प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण ट्रम्प के लगाए टैरिफ से देश के उद्योगों व निर्माताओं को मदद मिलने के बजाय नुकसान होना है।

टैरिफ के फैसले से अमेरिका में कई उद्योग और कारोबार इन दिनों अच्छे-खासे नुकसान में हैं। इससे अमेरिकी विनिर्माण को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। श्रमिक वर्ग भी इस फैसले से आहत है। ट्रम्प के समर्थक उद्योगपति जे. एलन ने कहा कि उद्योगपतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रम्प को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रम्प के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कार्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबाक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है।




■ उद्योगपतियों ने उठाए सवाल कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल

इसके चलते पावर ट्रावेल निर्माण के दाम एक लाख डालर तक हो सकते हैं। ट्रम्प ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा कि टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया। उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10 प्रतिशत बढ़ाई हैं। अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रम्प के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दरकिनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। राबर्ट्स ने ट्रम्प या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक कृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर ने रास लाफान ऊर्जा केंद्र पर मिसाइल हमले की निंदा की

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय ने रास लाफान औद्योगिक शहर पर हुए हमलों की निंदा करते हुए इस हमले को संप्रभुता का उल्लंघन बताया है और चेतावनी दी कि उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है। रस लाफान कतर का प्रमुख एलएनजी उत्पादन केंद्र है, जहां गैस प्रसंस्करण, शोधन एवं बिजली उत्पादन की प्रमुख सुविधाएं स्थित हैं। इसका बंदरगाह विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक ऊर्जा परिसरों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यात टर्मिनल शामिल है।

### पेंटागन ने ईरान युद्ध में लागत बढ़ने के कारण 200 अरब डॉलर की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने व्हाइट हाउस से ईरान युद्ध का समर्थन करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक धनराशि के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए कहा है। यह जानकारी स्पूतनिक ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से गुरुवार को दी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुरोध मौजूदा खर्च से कहीं अधिक होगा और एक ऐसी राशि है जिसका कांग्रेस में कड़ा विरोध हो सकता है।

### विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** चीन के साथ संबंधों के फिर से धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के बीच भारत ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दुरई स्वामी, प्रदीप कुमार रावत का स्थान लेंगे। दुरई स्वामी इससे पहले भी बीजिग में भारतीय दूतावास में काम कर चुके हैं।

# बैकफुट पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

## कहा: इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा, युद्ध के दौरान पहली बार बदले सुर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा। ट्रम्प के इस बयान को उनका एहतियाती कदम माना जा रहा है। विश्लेषक मान रहे हैं कि इस युद्ध के दौरान पहली बार ट्रम्प बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। इस जंग के दौरान ईरान की वायुसेना, नौसेना, उसके अहम सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को पूरी तरह तबाह करने की धमकी ट्रम्प देते रहे हैं।

हालांकि, इजरायल की ओर से ईरान की गैस फील्ड पर एक वार और उसके बाद ईरान के कतर पर पलटवार ने ट्रम्प को एहतियाती बयान जारी करने को मजबूर कर दिया। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प को यह कहना पड़ गया कि इजरायल का हमला उनकी जानकारी के बिना हुआ। इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है। यह ईरान और कतर के बीच साझा की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो फारस की खाड़ी के नीचे लगभग 9700 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसमें लगभग 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मौजूद है, जो दुनिया के कुल प्रमाणित गैस भंडार का करीब 8 प्रतिशत है। यह मात्रा पूरी दुनिया की 13 से ज्यादा वर्षों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। ईरान का 70-75 प्रतिशत गैस का उत्पादन यहीं से होता है और देश की करीब 80 प्रतिशत बिजली भी इसी प्राकृतिक गैस का उपयोग करके पैदा की जाती है। इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में एक अहम ऊर्जा केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले कतर के कुछ ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जिनसे दुनिया की गैस आपूर्ति ठप पड़ जाने का खतरा पैदा हो गया। इसी के बाद ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इजरायली हमले की जानकारी नहीं थी और आगे इजरायल दक्षिण पार्स गैस फील्ड को निशाना नहीं बनाएगा। ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए, जो कतर का एक बेहद अहम तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ऊर्जा केंद्र है। कतर दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएनजी मांग को अकेले पूरा करता है। इस हमले से यूरोप और एशिया को होने वाले सालाना लगभग 7.7 करोड़ टन एलएनजी निर्यात पर गंभीर खतरा पैदा हो गया। कतर एनर्जी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरानी मिसाइल हमले के कारण रास लफ्फान काम्प्लेक्स में आग लग गई और प्लांट को व्यापक नुकसान पहुंचा है जिसके कारण वहां उत्पादन रोकना पड़ा।

यह काम्प्लेक्स करीब 295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और ये अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर का एक-तिहाई है। अमेरिकी मीडिया समूह एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, रास लफ्फान परिसर पर हुए हमले के बाद कतर के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात की। इस बातचीत के बाद ही ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान की दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमले नहीं करेगा। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका काफी अहम रही है। एक्सिओस के मुताबिक, ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर जो दावे किए, अंदरखाने की सच्चाई उससे बिल्कुल अलग थी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि अमेरिका को इस हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और इजरायल ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गुस्से में आकर यह हमला किया है, लेकिन, अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने एक्सिओस से कहा कि साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला पूरी तरह से व्हाइट हाउस की सहमति और पूर्व-समन्वय के साथ किया गया था।



■ इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है

## ईरान के तेल से बैन हटा सकता है अमेरिका

**तेहरान।** जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है। ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमेरिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें। इसी बीच ओमान ने इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है। अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा।

■ ओमान बोला: ईरान से जंग ट्रम्प की सबसे बड़ी गलती, अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी पटरी से उतरी

## ईरान ने कतर, कुवैत, यूएई से अपने नुकसान का मुआवजा मांगा

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अमेरिकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है।

■ यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है
■ कतर, कुवैत व यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया: इरावनी

यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है, जिसमें पड़ोसी खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की गई थी। इरावानी ने कहा कि हमलावरों को अपनी धरती को उपलब्ध कराने के अवैध कृत्य के बारे में पहले कतर के अधिकारियों को सूचित किया था और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा कि कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी कि ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।

## कतर ने राष्ट्रपति सुरक्षा के लिए 'सीधे खतरे' को लेकर राष्ट्रसंघ से की अपील

**दोहा।** कतर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने क्षेत्र पर जारी ईरानी हमलों के कारण अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'राष्ट्रीय संप्रभुता के घोर उल्लंघन और सीधे खतरे' के रूप में वर्णित चिंताओं को उठाया है।

संयुक्त राष्ट्र को भेजा गया कतर का यह नवां पत्र है। इस पत्र में कतर ने कहा है कि कथित कार्रवाई उसकी संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधे खतरा पैदा करती हैं। यह पत्र संयुक्त राष्ट्र में कतर की स्थाई प्रतिनिधि शेखा आलिया अहमद बिन सैफ अल-थानी ने पेश किया है। पत्र के अनुसार, कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका। इसमें यह भी बताया गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप नागरिक घायल हुए हैं, हालांकि हताहतों के विवरण पर अधिक जानकारी तुरंत प्रदान नहीं की गई है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि ईरान के ये हमले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) को अपनाए जाने के बाद भी जारी रहे। इस प्रस्ताव का 136 देशों ने समर्थन किया था। इसमें कतर और पड़ोसी देशों पर ईरान के जघन्य हमलों की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा की गई थी।

■ कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका

## आईएफएफडी करेगा दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (आईएफएफडी) में दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। इस फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों के लिए जहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी वहीं दिग्गज कलाकारों को भी देखने, सुनने का मौका मिलेगा। 25 से 31 मार्च 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल दिल्ली में हिंदी सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय सिनेमा की सबसे कालजई पहचान मानी जाने वाली शर्मिला टैगोर को यह सम्मान उनके दशकों लंबे करियर और सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है।

# पाक मिसाइलों से अमेरिका को खतरा: तुलसी गबार्ड

## अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ ने कहा: रूस-चीन इसी कैटेगरी में

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (आईसी) का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमेरिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16000 से ज्यादा हो सकती हैं। गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नार्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है। गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं। उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला। सुनवाई के दौरान ईरान के साथ संभावित युद्ध और पहले दी गई खुफिया जानकारी पर गबार्ड ने सवालों का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे आंतरिक चर्चाओं का खुलासा नहीं कर सकतीं। साथ ही यह भी चिंता जताई गई कि अगर ईरान पर हमला होता है तो वह होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर सकता है, जो वैश्विक तेल और गैस सप्लाई का अहम मार्ग है। तुलसी गबार्ड ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति को दी गई खुफिया जानकारी के बारे में पूछे गए सवालों को बार-बार टाल दिया। इससे डेमोक्रेट नाराज हो गए। सीनेट खुफिया समिति के शीर्ष डेमोक्रेट, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर ने गबार्ड से पूछा कि क्या उन्होंने ट्रम्प को सलाह दी थी कि अगर ईरान को अमेरिकी हमलों का निशाना बनाया गया तो वह खाड़ी देशों पर हमला करेगा और होर्मूज स्ट्रेट को बंद कर देगा।



■ 10 साल बाद 16000 मिसाइलें अमेरिका तक हमला कर सकेंगी

# 12 इस्लामिक देशों ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की

## संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई

**रियाध/नई दिल्ली।** अरब और इस्लामी देशों के 12 विदेश मंत्रियों ने पड़ोसी देशों पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अजरबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को रियाध में एक बैठक की और तत्काल शत्रुता समाप्त करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई है। बैठक के बाद जारी एक बयान में, विदेश मंत्रियों ने तेल सुविधाओं, विलवणीकरण संयंत्रों, हवाई अड्डों, आवासीय स्थलों, राजनयिक मिशनों सहित आवासीय क्षेत्रों एवं नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सुनियोजित ईरानी हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के दूसरे सबसे बड़े अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, सऊदी गजट के अनुसार, उन्होंने ईरान से तत्काल अपने हमलों को रोकने, अंतर्राष्ट्रीय कानून एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने, क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने और तनाव कम करने की दिशा में पहले कदम के रूप में अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। सऊदी गजट के अनुसार, विदेश मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि ईरान के साथ संबंधों का भविष्य अन्य देशों की संप्रभुता के सम्मान, उनके आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप और पड़ोसी देशों को धमकाने के लिए सैन्य क्षमताओं का उपयोग करने से परहेज करने पर निर्भर करता है। उन्होंने ईरान से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) का पालन करने, सभी हमलों को तुरंत रोकने और किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई से बचने का भी आग्रह किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय नौवहन को बंद करने, बाधित करने या बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा को कमजोर करने की धमकी शामिल है।


बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि ईरान पर भरोसा पूरी तरह से टूट चुका है और उसके मौजूदा व्यवहार को देखते हुए तेहरान को भागीदार नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि ईरान की कार्रवाइयां दर्शाती हैं कि वह पड़ोसी देशों के साथ वास्तविक संवाद में विश्वास नहीं रखता बल्कि दबाव और राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी दबाव पर निर्भर है। उन्होंने पड़ोसी देशों और समुद्री नौवहन पर ईरानी हमलों को एक खतरनाक प्रसार एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया जो क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से एक निरंतर रणनीति को दर्शाता है।



■ प्रिंस फैसल ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर सऊदी अरब को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है और इस बात पर बल दिया कि उचित समय पर सही निर्णय लिए जाएंगे

## ईयू विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने की ईरान युद्ध को रोकने की अपील

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने और तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह संघर्ष जारी रहा, तो इससे न केवल पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी, बल्कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ जारी प्रयासों को भी गहरा धक्का लगेगा। कल्लास ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रुसेल्स में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान युद्ध से बाहर निकलना अब अनिवार्य हो गया है। कल्लास ने तर्क दिया कि इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार का स्वरूप बदल रहा है, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ मॉस्को को मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्य पूर्व के इस संघर्ष को समाप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजना। उनके अनुसार, रूस इस स्थिति का फायदा उठा रहा है, इसलिए यूक्रेन को समर्थन दिखाना और इस युद्ध को रोकना बेहद जरूरी है ताकि कीव को रूस के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण न करना पड़े।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108